राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 12 मई 2026

वर्ष 07,अंक 216, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मलिहाबाद में शराब दुकान के सेल्समैन की हत्या, आरोपी गिरफ़्तार...03

क्रूज शिप पर सवार अमेरिकी नागरिक मिला हंटावायरस से संक्रमित.....12

31 सीटों पर जीत के अंतर से ज्यादा नाम SIR में हटाए गए, टीएमसी की दलील

● तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में नाम हटाए जाने से कुछ विधानसभा क्षेत्रों के चुनावी नतीजों पर बड़ा असर पड़ा. सुप्रीम कोर्ट ने नई याचिकाएं दायर करने का सुझाव दिया, जबकि निर्वाचन आयोग ने इसे चुनाव याचिका का मामला बताया।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बुरी तरह परास्त हुई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सुप्रीम कोर्ट को सोमवार को सूचित किया कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान काटे गए मतों की तुलना में विधानसभा सीटों में जीत के अंतर कम है. टीएमसी के वरिष्ठ वकील कल्याण बंद्योपाध्याय ने कोर्ट में कहा कि31 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत का अंतर SIR एडज्यूडिकेशन प्रोसेस में हटाए गए लोगों की संख्या से कम था। सर्वोच्च अदालत ने इस पहलू पर टीएमसी को नए आवेदन दाखिल करने की मंजूरी दी है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने यह निर्देश पश्चिम बंगाल एसआईआर के लंबित मामले में टीएमसी की ओर से कम वोट के अंतर से विस चुनाव में जीत की सूचना दिए जाने पर दिया. ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि एसआईआर के तहत रद्द की गई सीटों का पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम पर काफी असर पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य लोग एसआईआर में वोटों की कटौती के मुकाबले जीत का अंतर कम होने से जुड़ी नयी याचिकाएं दायर कर सकते हैं, हालांकि निर्वाचन आयोग ने न्यायालय में तृणमूल कांग्रेस नेताओं की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इसका समाधान चुनाव याचिका है। कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि एक उम्मीदवार उस क्षेत्र में 862 वोटों से हार गया, जहां एडज्यूडिकेशन के लिए 5432 से ज्यादा लोगों के नाम रोल से हटाए गए थे।

SIR में हटे वोटरों पर TMC का बड़ा दावा

उन्होंने दावा किया कि टीएमसी और बीजेपी के बीच वोटों का अंतर लगभग 32 लाख था, और अपीलेट ट्रिब्यूनल के सामने लगभग 35 लाख अपील पेंडिंग थीं। उन्होंने जस्टिस बागची की पहले की टिप्पणी का जिक्र किया कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटर्स की संख्या से कम था, तो मामले की न्यायिक जांच की जरूरत हो सकती है। बेंच ने बंद्योपाध्याय से कहा कि जरूरी डिटेल्स के साथ एक इंटरलोक्यूटरी एप्लीकेशन फाइल की जाए।

जस्टिस बागची ने कहा, 'आप नतीजों के बारे में जो कुछ भी कहना चाहते हैं, जिस पर फैसले के तहत हटाए गए वोटर्स की वजह से काफी असर पड़ा हो. उसके लिए एक इंडिपेंडेंट IA की जरूरत है। ' कल्याण बंद्योपाध्याय ने बेंच को यह भी बताया कि पूर्व HC चीफ जस्टिस TS शिवगणनम ने अपीलेट ट्रिब्यूनल के सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे दिया है. 'हम क्या कर सकते हैं? हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते। 'CJI ने कहा कि प्राथमिकता यह पक्का करना होगी कि अपीलों पर तेजी से फ़ैसला हो. वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने बेंच को बताया कि अभी के रेट पर, अपीलेट ट्रिब्यूनल को अपीलों को निपटाने में कम से कम 4 साल लगेंगे।

बंगाल चुनाव में SIR बना विवाद, सुप्रीम कोर्ट में बहस

इलेक्शन कमीशन की ओर से वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्रि नायडू ने कहा कि सही उपाय इलेक्शन पिटीशन फाइल करना है. फिर कल्याण बंद्योपाध्याय ने बेंच से एक ऑर्डर पास करने की रिक्वेस्ट की जिसमें कहा गया हो कि SIR डिलीट करना इलेक्शन पिटीशन फाइल करने का आधार हो सकता है. उन्होंने कहा, 'क्या यह इलेक्शन पिटीशन का आधार है? एक ऑर्डर पास करें कि यह भी इलेक्शन पिटीशन का आधार होगा।' CJI ने पूछा, 'हम ऐसा ऑर्डर कैसे पास कर सकते हैं?' बेंच ने कहा कि अगर सही एप्लीकेशन फाइल की जाती है तो वह मामले की जांच करेगी। जस्टिस बागची ने कहा, 'हमने आपको बताया था...बाद में - आप ढ्ढ फाइल करने के लिए आजाद हैं. नायडू का ऑब्जेक्शन एक काउंटर के तौर पर आएगा। हम इसे देखेंगे और ऑर्डर पास करेंगे। अपील पेंडिंग होने पर - CJI से रिपोर्ट चाहिए...ताकि यह देखा जा सके कि उन्हें किस टाइमलाइन में सॉल्व किया जा सकता है.' इसलिए मामला टाल दिया गया।

पेट्रोल-डीजल पर बचत जंग के असर से बचने के लिए 24 घंटे में पीएम मोदी ने दूसरी बार की अपील

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से जंग के संभावित आर्थिक असर से बचने के लिए अहम अपील की है. उन्होंने पेट्रोल-डीजल के उपयोग में संयम, पब्लिक ट्रांसपोर्ट व कारपूलिंग अपनाने, सोने की खरीद टालने और वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में दूसरी बार जंग के असर से बचने के लिए देशवासियों से बड़ी अपील की है. पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम अपनाने, सोने की खरीद पर रोक लगाने और डीजल-पेट्रोल के इस्तेमाल पर संयम बरतने की अपील की. इसके साथ ही पीएम मोदी ने स्वदेशी अपनाने और लोकल समानों की खरीद पर जोर दिया है। ने सोमवार को गुजरात के वडोदरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि मेरी देश के हर नागरिक से अपील है कि जहां तक संभव हो, पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करें. मेट्रो का उपयोग करें, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक इस्तेमाल करें, कार पुलिंग को बढ़ावा दें, जिनके पास कार है, वो एक गाड़ी में ज्यादा लोगों को साथ लेकर चलें।

सोने की खरीद को टालें

उन्होंने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी ने अब इतना कुछ आसान बना दिया है कि टेक्नोलॉजी की मदद भी हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी. ये जरूरी है कि सरकारी और प्राइवेट दोनों ही दफ्तरों में वर्चुअल मिटिंग्स और वर्क फ्रॉम होम की प्राथमिकता दी जाए. उन्होंने कहा कि सोने की आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। इसलिए, मैं आप सभी से, देशवासियों से आग्रह करूंगा कि जब तक हालात सामान्य न हो, हम सोने की खरीद को टालें। पीएम मोदी ने कहा कि देश का बहुत सारा पैसा सोने के इंपोर्ट पर भी खर्च होता है.मैं देश के लोगों से अपील करता हूं कि वे अभी सोने की खरीदारी टाल दें, क्योंकि इसकी अभी कोई तुरंत जरूरत नहीं है।

वोकल फॉर लोकल को एक जन-आंदोलन बनाएं

पीएम मोदी ने कहा किआज समय की मांग है कि हम वोकल फॉर लोकल को एक जन-आंदोलन बनाएं. विदेशी सामान की जगहलोकल उत्पादों को अपनाएं. अपने गांव, अपने शहर, अपने देश के उद्यमियों को ताकत दें. हमें हर छोटे-बड़े प्रयास से ऐसे उत्पादों का उपयोग कम करना है जो विदेश से आते हैं और ऐसे व्यक्तिगत कामों से भी बचना है जिसमें विदेशी मुद्रा खर्च होती हो। उन्होंने कहा किहमें भारत के नागरिक के तौर पर अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देनी होगी. इससे पहले के दशकों में भी जब-जब देश युद्ध या किसी और अन्य बड़े संकट से गुजरा है, सरकार की अपील पर हर नागरिक ने ऐसे ही अपना दायित्व निभाया है. आज भी जरूरत है कि हम सब मिलकर अपना दायित्व निभाएं... देश के संसाधनों पर पड़ने वाले बोझ को कम करें। उन्होंने कहा कि अगर कोरोना महामारी इस सदी का सबसे बड़ा संकट थी... तो पश्चिम एशिया में युद्ध से बनी परिस्थितियां...इस दशक के बड़े संकटों में से एक है. जब हमने मिलकर कोरोना का मुकाबला कर लिया तो इस संकट से भी अवश्य पार पा जाएंगे. सरकार भी लगातार ये प्रयास कर रही है, कि देश के लोगों पर इसका कम से कम असर हो।

'स्टार्टअप इंडिया' मिशन को लेकर कही ये बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हमारे युवाओं को सिर्फ़ अनुभव की कमी की वजह से डिग्री पूरी करने के बाद दिशाहीन नहीं रहना चाहिए. इसे ठीक करने के लिए, उन्हें अप्रेंटिसशिप के मौके दिए जा रहे हैं. जरा सोचिए–आने वाले समय में, देश को इतनी बड़ी, स्किल्ड वर्कफोर्स मिलेगी. इसका सबसे बड़ा फ़ायदा देश के मैन्युफ़ैक्चरिंग सेक्टर को होगा। उन्होंने कहा कि हमारे गुजरात के युवाओं में उद्यम की जन्मजात भावना है. आज, 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन इन युवाओं के सपनों को बदल रहा है. छोटे शहरों के युवा भी एंटरप्रेन्योर बन रहे हैं. स्टार्टअप इकोसिस्टम में महिलाओं की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है।

संक्षिप्त ख़बरें

बिहार की रणनीति पर उत्तर प्रदेश का रण सजाएगी भाजपा, अखिलेश यादव के दांव पर रख रही निगाह

नई दिल्ली। भाजपा ने हाल ही में विजय तो असम, बंगाल और पुडुचेरी में दर्ज की है, लेकिन उत्तर प्रदेश चुनाव की तैयारियों के लिए उसके रणनीतिकारों के दिमाग में बिहार विजय का माडल है। इन दोनों राज्यों में सरकार का स्वरूप भले ही अलग हो, लेकिन भाजपा मुख्य विपक्षी में करीब-करीब समानता देख रही है। यही कारण है कि जिस तरह बिहार के मतदाता को राजद का शासनकाल 'जंगलराज' के रूप में याद दिलाया, उसी तरह अब उत्तर प्रदेश में योगी शासनकाल से पहले सपा शासनकाल की ध्वस्त कानून व्यवस्था को मतदाताओं के सामने रखा जाएगा। इसके साथ ही 'कार्यकर्ता कनेक्ट' के लिए भी संगठन ने अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव इस बार भी पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की रणनीति पर चल रहे हैं। अपनी इसी रणनीति पर चलते हुए उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा झटका दिया। अखिलेश के इस दांव पर भाजपा की निगाह है। वह उसकी काट का हरसंभव प्रयास भी करना चाहती है। इसकी झलक योगी मंत्रिमंडल के विस्तार में जातीय समीकरण साधने की जुगत के रूप में दिखा भी है। अब इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी के गठन में दिखना तय है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का कहना है कि लोकसभा चुनाव में संविधान के मुद्दे पर जनता को गुमराह किया गया, लेकिन इसके बाद कई राज्यों के हुए चुनावों में साफ हो गया कि जनता के सामने विपक्ष का सच आ चुका है। उनके अनुसार, अखिलेश पीडीए का दावा कर रहे हैं, जबकि हम जनता को यह बताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि पिछड़ा हो, दलित हो या अल्पसंख्यक, मोदी-योगी सरकार ने इनके सहित सभी वर्गों के लिए काम किया है।

जमशेदपुर में ट्रिपल मर्डर, पत्नी-गर्भवती बेटी और बेटे की हत्या की

● झारखंड के जमशेदपुर में पति ने पत्नी, गर्भवती बेटी और बेटे की धारदार हथियार से हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

झारखंड की जमशेदपुर जिले से ट्रिपर मर्डर की वारदात सामने आई है. यहां एक पिता ने अपनी पत्नी, गर्भवती बेटी और बेटे की धारदार हथियार और हथौड़े से हत्या कर दी. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही सिद्धगोड़ा थाने की पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई. हैरान करने वाली बात यह है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भागने की बजाय घर पर ही बैठे रहा। जानकारी के अनुसार, ट्रिपल मर्डर की यह वारदात जमशेदपुर जिले के सिद्धगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रिको रोड नंबर 2 स्थित क्वार्टर संख्या एल-5/13 की है. मृतकों में टाटा स्टील के रिटायर्ड कर्मचारी रविंदर सिंह की लगभग 55 साल की पत्नी सरिता सिंह, उनका बेटा रवि सिंह और लगभग तीन माह की गर्ववती बेटी सुप्रिया सिंह शामिल है. मृतक सुप्रिया की शादी 6 महीने पहले ही हुई थी. स्थानीय लोगों के मुताबिक, इसी साल फरवरी में रविंद्र सिंह टाटा स्टील से रिटायर्ड हुए थे।

ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

सोमवार सुबह करीब 6 बजे रविंद्र सिंह ने अपनी बेटी, बेटे और पत्नी की दर्दनाक तरीके से हत्या कर दी. आश्चर्यजनक बात यह है कि ट्रिपल मर्डर की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रविंद्र सिंह भागने के बजाय घर में ही बैठे रहा. सुबह काफी देर होने के बाद भी रविंद्र सिंह के घर में कोई हलचल नहीं होने पर पड़ोसियों को स्थिति कुछ संदिग्ध लगी. उन्होंने अंदर जाकर देखा कि वह हैरान रह गए।

किचन में पड़ था पत्नी का शव

रविंद्र सिंह के क्वार्टर में चोरों तरफ खून ही खून फैला हुआ था. साथ ही वहां परिवार के सदस्यों की लाशें पड़ी थीं. पड़ोसियों की सूचना पर सिद्धगोड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मौके पर पहुंची स्नस्रुकी टीम ने सभी सबूतों को एकत्रित करने के बाद तीनों शवों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बेटा-बेटी का शव अलग-अलग कमरे में, जबकि पत्नी का शव किचन में खून से लथपथ पड़ा था।

आरोपी ने पूछताछ में क्या बताया?

पुलिस इस मामले में पारिवारिक कलह, विवाद या फिर आरोपी के किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित होने के चलते वारदात को अंजाम देने के पहलुओं पर जांच कर रही है. पुलिस की पूछताछ रविंद्र सिंह ने बताया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, और उसने मानसिक बीमारी के कारण ही इस घटना को अंजाम दिया. हालांकि, पुलिस अभी बाकी सभी एंगल पर भी जांच कर रही है। इस ट्रिपल मर्डर की घटना से एग्रिको इलाके में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोग भी इस घटना को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

कल्याणपुर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कानपुर। थाना कल्याणपुर पुलिस को दिनांक 10.05.2026 को प्रातः लगभग 10:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि रिया कमल नामक महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची, जहाँ महिला फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। उस समय महिला अचेत अवस्था में थी, जिसे पुलिस द्वारा तत्काल नीचे उतारकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों द्वारा देर शाम महिला को मृत घोषित कर दिया गया। महिला अपने पति एवं अन्य परिजनों के साथ घर में रहती थी। वर्तमान में पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। प्रथम दृष्टया जांच में पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, परसों शाम तथा घटना वाले दिन सुबह भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच एवं अन्य तथ्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बंगाल चुनाव में मिली हार के बाद TMC में आंतरिक कलह तेज, अनन्या बनर्जी ने लगाया उपेक्षा का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोलकाता। विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी में विरोध के स्वर दिन-ब-दिन तेज हो रहे हैं। अब अभिनेत्री व तृणमूल पार्षद अनन्या बनर्जी ने मुंह खोला है। उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन चाहती थी इसलिए पार्टी का ऐसा हश्र हुआ। चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें इसका आभास हो गया था। अनन्या ने पार्टी में अपने साथ अन्याय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह पिछले 10 साल से पार्षद हैं।

उन्होंने पार्टी के लिए मन लगाकर काम किया लेकिन इतने वर्षों में कभी उनकी पदोन्नति नहीं की गई। उन्हें अपनी समस्याएं रखने के लिए कभी कोई मंच प्रदान नहीं किया गया। इससे पहले तृणमूल पार्षद सुब्रत बंद्योपाध्याय ने पार्टी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय पर निशाना साधते हुए कहा था कि वे चुनाव के नतीजे आने के बाद डरकर भागे पार्टी कार्यकर्ताओं को वापस लाने का प्रयास करने के बजाय घर पर बैठे हुए हैं। वहीं तृणमूल के निलंबित प्रवक्ता ऋजु दत्ता ने आरोप लगाया था कि पंचायत से लेकर नगर निकायों तक के पार्टी नेताओं ने आम लोगों से जमकर वसूली की। घर का नक्शा पास कराने से लेकर कमोड लगाने तक के लिए पैसे देने पड़ते थे। दत्ता ने आगे कहा था कि केवल 1,500 रुपये देकर महिलाओं का सम्मान नहीं खरीदा जा सकता। भाजपा की जीत के बाद कोलकाता की सड़कों पर ऐसा माहौल है, जैसे भारत पाकिस्तान से मैच जीत गया हो। दूसरी तरफ अभिनेता दिगंत बागची ने आर्टिस्ट फोरम के सह कोषाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि दिगंत पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी माने जाते हैं। गत विधानसभा चुनाव में उन्हें तृणमूल के लिए प्रचार करते भी देखा गया था। दिगंत ने कहा कि उन्होंने अपने विवेक के आधार पर यह निर्णय लिया है। किसी के दबाव में आकर इस्तीफा नहीं दिया है।

भाजपाइयों से सोना दान करने की अपील करें पीएम

» प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री मोदी की सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करने की अपील पर निशाना साधा है।

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने सोना न खरीदने, पेट्रोल व डीजल की कमी को लेकर भाजपा को घेरा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर तीखी टिप्पणी की है। कहा है कि शादियों का समय चल रहा है और प्रधानमंत्री नागरिकों से अपील कर रहे हैं वे सोना न खरीदें। उन्होंने कहा कि 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान जब देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना 336 ग्राम सोना राष्ट्रीय कोष में दान किया था। इसलिए प्रधानमंत्री को नागरिकों से सोना न खरीदने की अपील करने की बजाय पहले भाजपाइयों से कहें कि वह राष्ट्रीय कोष में सोना दान दें। प्रधानमंत्री ने बीते दिन गुजरात में नागरिकों से अपील की थी कि अगले एक वर्ष तक सोना न खरीदें। पेट्रोल-डीजल की कम खपत करें और कम से कम विदेश यात्रा करें। इस संदर्भ में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री के बयान से लग रहा है कि देश गंभीर वित्तीय संकट की स्थिति से गुजर रहा है। इसलिए नागरिकों से पेट्रोल-डीजल की कम खपत करने की अपील करने से पहले प्रधानमंत्री को अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करनी चाहिए। रविवार को उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल में विस्तार कर सरकार ने और खर्च बढ़ा दिया है।उन्होंने कहा कि करीब 70 दिनों से ईरान और इजरायल का युद्ध चल रहा है, लेकिन पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री को पेट्रोल-डीजल की कमी की याद आई है।

बेटे को साथ ले गया पिता, रात में घर से मिली दोनों की लाश

● हरियाणा के फरीदाबाद जिले में परिवार से हुए विवाद के बाद पिता ने मासूम बेटे की हत्या कर खुद की भी जिंदगी खत्म कर ली है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हरियाणा के फरीदाबाद जिले के दयालपुर गांव से एक दिल दहला वाली घटना सामने आ आई है. यहां एक पिता ने पहले अपने पांच साल के बेटे की हत्या की और फिर खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद जानकारी होते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में दयालपुर गांव निवासी रूपचंद ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा भारत अविवाहित है, जबकि छोटा बेटा सागर शादीशुदा था. सागर की पत्नी सपना और उनका पांच साल का बेटा रक्षित था. रूपचंद के अनुसार, सागर अक्सर परिवार के साथ झगड़ा करता था और मारपीट भी करता था. इससे परेशान होकर परिवार करीब एक साल से मच्छगर गांव में किराये के मकान में रहने लगा था, जबकि सागर दयालपुर में अकेला रहता था।

फंदे पर लटका मिला सागर

रविवार सुबह सागर मच्छगर पहुंचा और घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. इसके बाद वह अपने बेटे रक्षित को अपने साथ दयालपुर ले गया. देर शाम तक जब वह बच्चे को वापस नहीं लाया और फोन भी नहीं उठाया तो परिवार के लोग उसके घर पहुंचे. घर का मुख्य गेट अंदर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से घर में प्रवेश किया गया और कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो सागर फंदे पर लटका हुआ था और बच्चा उसके साथ बंधा हुआ मिला. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पहले बेटे का दबाया गला फिर लगा ली फांसी

एक साथ दो मौतों से दयालपुर गांव में सनसनी फैल गई. तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी गई. जिसके बाद सदर थाने पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए. इसके बाद स्नस्रु की टीम को भी गांव में बुलाया गया। सभी जरूरी सबूतों को एकत्रित करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी. शुरूआती जांच में सामने आया है कि सागर ने पहले बेटे की गला दबाकर हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. पुलिस इस मामले में मर्डर और सुसाइड दोनों ही एंगल पर जांच कर रही है।

आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस ने पीछे से मारी ट्रक को टक्कर कई घायल, तीन गंभीर

कानपुर। प्रातः लगभग 5:00 से 05:30 बजे के बीच थाना अरौल क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर यूपीडा के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक बस एवं ट्रक का सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हो गया है। दुर्घटना के विषय में जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एस.एम. कासिम आबिदी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। मौके पर पाया गया कि एक डबल डेकर प्राइवेट बस, जो पटना से दिल्ली की ओर जा रही थी, ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। प्रारंभिक जांच में प्रतीत हुआ कि ओवरटेक के दौरान बस चालक को नींद आने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिससे ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में कई यात्री घायल हो गए, जिन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी बिल्हौर भेजा गया। इनमें से तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार हेतु लाला लाजपत राय अस्पताल (हैलट अस्पताल) रेफर किया गया। उपचार के दौरान दो यात्रियों की मृत्यु हो गई, जबकि एक घायल का उपचार जारी है। अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के उपरांत उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ था, जिसे पुलिस एवं हाइड्रा की सहायता से वाहन हटवाकर सुचारु करा दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

सर्विस लेन पर दर्जनों जानलेवा गड्ढे, दुर्घटना से पहले मरम्मत जरूरी

बस्ती। बस्ती जिले के शहर से बाहर निकलकर अमहट पुल से फुटहिया चौराहा जाने के लिये बनाये गये सर्विस लेन मे दर्जनों जानलेवा गड्ढे हो गये हैं। राहगीर जान जोखिम मे डालकर यात्रा कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात मे होती हैं क्योंकि यहां प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। गड्ढे काफी पुराने हैं। राहगीरों का कहना है कि महीनो से ये गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। लेकिन ये जिम्मेदारों को नही दिखाई दे रहे हैं। सड़क की मरम्मत किसी भयानक दुर्घटना के बाद होगी या अफसर संवेदनशीलता दिखाते हुये समय रहते कार्य करवा दिया जायेगा, यह वक्त बतायेगा। मीडिया दस्तक न्यूज द्वारा खबर प्रकाशित करने का उद्देश्य ये है कि प्रशासन समस्या को सज्ञान लेकर समय रहते इसे निस्तारित कराये। याद रहे यात्रियों का जीवन बहुमूल्य है, इससे पहले कि कोई दुर्घटना मे अपनी जान गंवा दे या गंभीर रूप से घायल हो जाये त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है।

आबादी घोषित कराने के लिए दौड़ा रहे ऑफिस के बाबू

पीड़ित ने डीएम और मुख्यमंत्री से लगाई मदद की गुहार

बस्ती। बस्ती जिले के तहसील हरैया क्षेत्र के नकटीदेई बुजुर्ग निवासी डॉ0 गोकरन नारायण पाण्डेय ने राजस्व अभिलेखों में आबादी घोषित होने संबंधी आदेश का अनुपालन न किए जाने से परेशान होकर जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की मांग की है। दिए गए पत्र में उन्होंने बताया कि उपजिलाधिकारी हरैया द्वारा दिनांक 30 अप्रैल को उनके मकान को आबादी घोषित किए जाने का आदेश पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद तहसील स्तर पर आदेश का अनुपालन अब तक राजस्व अभिलेखों में नहीं किया गया है।उन्होंने आरोप लगाया कि तहसीलदार के अधीनस्थ कर्मचारी सत्यदेव राय, रजिस्ट्रार कानूनगो एवं अभिलेख फीडिंग कक्ष के कम्प्यूटर बाबुओं द्वारा जानबूझकर आदेश को लंबित रखा जा रहा है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। डॉ0 पाण्डेय ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निर्देशित कर उपजिलाधिकारी के आदेश का राजस्व अभिलेखों में शीघ्र अनुपालन कराया जाए।

तेनुआ ओवरब्रिज के पास दर्दनाक सड़क हादसा बाइक सवार युवक की मौत दूसरा गंभीर

बस्ती। बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र में गोरखपुर-अयोध्या हाईवे पर शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा थाना हरैया क्षेत्र के तेनुआ ओवरब्रिज के पास उस समय हुआ जब सड़क किनारे पंक्चर टायर बदल रही पिकअप में पीछे से तेज रफ्तार बाइक जा भिड़ी।प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मई 2026 की रात्रि करीब 11 बजे पिकअप वाहन संख्या P 41 CT 1556 हाईवे किनारे खड़ी थी, जिसका टायर बदला जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही स्प्लेंडर बाइक संख्या P 51 M 6562 अनियंत्रित होकर पिकअप में जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही हरैया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र अवधेश कुमार पाण्डेय निवासी महुआ लखनपुर, थाना हरैया की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल कैलाश पाण्डेय पुत्र प्रेम प्रकाश पाण्डेय को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बस्ती रेफर किया गया।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर यातायात व्यवस्था बहाल करा दी है। घटना के बाद मृतक परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं क्षेत्र में इस हादसे को लेकर शोक की लहर दौड़ गई है। तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर एक परिवार का चिराग बुझा दिया।

एक माह बीतने के बाद भी बीईओ ने सन राइज स्कूल के खिलाफ नहीं की कोई कार्यवाही

● नोटिस जारी कर जांच पड़ताल के नाम पर बीईओ विनोद कुमार त्रिपाठी ने किया खेल मीडिया टीम को सक्रिय देख बीईओ विनोद कुमार त्रिपाठी ने नोटिस के जरिए स्कूल से की मोटी रकम की वसूली - सूत्रसन राइज स्कूल पर आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में अनियमितता का लगा था आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती सदर / नगर क्षेत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी ने एक माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी सन राइज स्कूल के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की है बल्कि कारण बताओ नोटिस जारी करके कार्यवाही न करने का आश्वासन देकर सन राइज स्कूल से मोटी रकम की वसूली की है और जांच पड़ताल के नाम पर पूर्ण रूप से लीपापोती कर दिया है । खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी द्वारा लगातार मीडिया टीम को आश्वासन दिया जा रहा था कि सन राइज स्कूल के लापरवाही की निष्पक्ष जांच होगी और कार्यवाही भी निश्चित रूप से होगी लेकिन ऐसा क्या एक महीने के अन्दर बीईओ विनोद कुमार त्रिपाठी और सन राइज स्कूल के बीच सेटिंग हो गई कि सन राइज स्कूल के खिलाफ शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के नाम पर पूर्ण रूप से लीपापोती की गई । अब आप सोच सकते हैं कि सन राइज स्कूल की लापरवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था और वायरल वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा था कि सन राइज स्कूल के द्वारा *मौत के साये में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम* कराया गया था फिर भी बीईओ ने जांच के नाम पर खेला कर दिया यदि ऐसे ही शिक्षा विभाग द्वारा लापरवाह खण्ड शिक्षा अधिकारियों को जांच सौंपी जायेगी तो शिक्षा विभाग की साख पूरी तरह कमजोर हो जायेगी और आमजन मानस का शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विश्वास खत्म हो जायेगा । आपको बता दें कि नगर क्षेत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी के द्वारा सन राइज स्कूल को वार्षिकोत्सव के एक सप्ताह पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और नोटिस का जबाव निर्धारित समय सीमा में सन राइज स्कूल द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी को नही दिया गया था । निर्धारित समय के अन्दर जारी नोटिस का जबाव न देने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी ने नाराजगी जताई थी और पुनः सन राइज स्कूल को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था। सन राइज स्कूल रेलवे स्टेशन रोड पर सुशील हीरो एजेन्सी के निकट स्थित है सन राइज स्कूल पर बीते 02 अप्रैल 2026 को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ था सन राइज स्कूल पर अव्यवस्थाओं के बीच वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों ने जान जोखिम में डालकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे थे । निर्माणाधीन मकान के बीच में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ था प्रधानाचार्य डा0 फैजल अख्तर ने लोहे की पाइप व बांस की बल्ली के बीच वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जाने के लिए रास्ता बनाया था । सन राइज स्कूल में फैली हुई गन्दगी और अव्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों ने नाराजगी जताई थी । सन राइज स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान तीन मंजिला मकान कार्य में नीचे से लेकर ऊपर तक लोहे की पाइप और बांस की बल्ली बंधी हुई थी और नीचे चारों तरफ भी ईंट , गिट्टी , मोरंग , बालू बिखरा हुआ था। नीचे से लेकर ऊपर 03 मंजिला मकान तक लोहे के पाइप व बांस की बल्ली बंधी हुई थी । अभिभावकों ने सन राइज स्कूल में फैले अव्यवस्था को लेकर प्रशासन से जांच कर कार्यवाही की मांग की थी । नाम न छापने की शर्त पर कुछ अभिभावकों ने कहा था कि छोटे - छोटे बच्चें लोहे की पाइप व बांस की बल्ली के बीच से दौड़ते हुए आ जा रहे थे यदि कहीं किसी लोहे की पाइप व बांस से टकरा गये तो 03 मंजिला मकान में लगा लोहे की पाइप व बांस की बल्ली कभी भी गिर सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन भगवान की दया से कोई वार्षिकोत्सव समारोह में कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई थी । बच्चों और अभिभावकों के जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाले सन राइज स्कूल पर कार्रवाई की मांग की गई थी । सन राइज स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने भीड़ बढ़ाने के लिए व बस्ती वासियों को गुमराह करने के लिए अनुराग मिश्रा लखनऊ जादूगर को वार्षिकोत्सव समारोह में बुलाया था । सन राइज स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कम हुआ था लेकिन जादूगरी ज्यादा हुआ था जिसको लेकर जिले में चर्चा में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही थी कि सन राइज स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों का कार्यक्रम कम क्यों हुआ अर्थात् या तो स्कूल बच्चें स्कूल में कम है या सन राइज स्कूल में पढ़ने वाले छात्र - छात्राएं योग्य नहीं थे। मीडिया पड़ताल में सन राइज स्कूल के कारनामों की पोल खुल गई थी और अपने कारनामों को छुपाने के लिए सन राइज स्कूल ने उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया था लेकिन नगर क्षेत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी ने सन राइज स्कूल के लापरवाही मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल नोटिस जारी कर दिया था । निर्धारित समय सीमा में नोटिस का जबाव सन्तोष जनक न मिलने पर सन राइज स्कूल के कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था । उक्त प्रकरण में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने फोन के माध्यम से बताया कि सन राइज स्कूल द्वारा अभी तक पूर्व में जारी नोटिस का जबाव नहीं दिया गया है पुनः नोटिस जारी की जा रही है । सन राइज स्कूल के द्वारा जारी नोटिस का जबाव देने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी लेकिन एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद सन राइज स्कूल के खिलाफ कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है ।

सीएचसी कप्तानगंज पर कार्यरत कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्तीजिले के कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में कार्यरत वार्ड बॉय राम स्नेह का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है दमोदरपुर चिलमा निवासी राम स्नेह पिछले लगभग 28 वर्षों से सीएचसी कप्तानगंज में अपनी सेवाएं दे रहे थे।बताया गया कि सुबह करीब 5 बजे अस्पताल परिसर स्थित उनके आवास पर उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप कुमार, डॉ. फरदीन अहमद और डॉ. राघवेंद्र वर्मा सहित अन्य डॉक्टरों ने तत्काल उनका इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर सहित हर संभव प्रयास किया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।इस घटना पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप कुमार ने मीडिया से बात करते हुए

दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने अपने साथी को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। 'राम स्नेह के निधन की खबर से अस्पताल स्टाफ और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सोमवार को अस्पताल परिसर में दिवंगत कर्मचारी की याद में एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। शोक स्वरूप सीएचसी में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर ओपीडी बंद रखी गई। श्रद्धांजलि सभा में फार्मासिस्ट रामजियावन, सियाराम चौधरी, शिवम, अवधेश, कनिष्ठ सहायक मंजेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। राम स्नेह अपने पीछे चार बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अस्पताल स्टाफ के साथ-साथ मरीजों के प्रति भी उनका व्यवहार बेहद अच्छा था, जिसके चलते वह सभी के बीच काफी प्रिय थे।

गौर पुलिस पर पीड़ित ने फर्जी मुकदमा दर्ज का लगाया पीड़ित ने निष्पक्षता जांच कर कार्रवाई मां की

● पुलिस विभाग में फर्जी मामलों में तुरंत फिर लिखा जा रहा है जबकि सच्चाई घटनाओं को फर्जी बताया जा रहा है ऐसे थाना अध्यक्षों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र में फर्जी मुकदमों की छड़ी लगा दी सामाजिक कार्यकर्ता पीड़ित महेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र राम आसरे सिंह ग्राम कटास थाना गौर जिला बस्ती का स्थाई निवासी हैं। दिनांक - 18.04.2026 शाम को लगभग 8:30 बजे पीड़ित के गांव के ही हरेन्द्र, बहादुर सिंह पुत्र राम आसरे सिंह व सौरभ सिंह पुत्र हरेन्द्र बहादुर सिंह, गोलू उर्फ शुभम सिंह पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं अनिल सिंह पुत्र मुन्नु सिंह व अमर सिंह पुत्र कामता सिंह ये सभी लोग अमर सिंह पुत्र शमसेर सिंह के घर पर पार्टी करके मांस दारू शराब खा पी करके हमको भद्दी-भद्दी गालियां गाली दे रहे थे और हमारे द्वारा मना करने पर मारने के लिए दौड़ा लिए । पीड़ित जान बचाकर भागा और डायल 112 पर सूचना दिया था जिसकी लिखित सूचना दिनांक 18.04.2026 को थाना गौर पर दिया था फिर दिनांक 19.04.2026 को दिया तथा मोबाइल पर घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को दिया था इसके बाद भी पीड़ित के खिलाफ दिनांक 19.04.2026 को काइम नं0-0063 / 2026 धारा 352,351 (5) बी0एन0एस0 का मुकदमा दिनांक 18.03.2026 को दिखाकर लिखा दिया गया है। जबकि दर्ज मुकदमा पूरी तरह झूठा है। पीड़ित के साथ घटना कारित किया गया है। जिसकी रिकार्डिंग भी पीड़ित के पास है।पीड़ित ने मीडिया टीम से बातचीत में बताया कि लगातार पुलिस अधीक्षक बस्ती कार्यालय पर आ रहे हैं और पुलिस अधीक्षक से मिलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन तीन दिनों से लगातार आने के बाद भी पुलिस अधीक्षक बस्ती डॉ यशवीर सिंह से मुलाकात नहीं हो पाई है । पीड़ित में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर से मांग की है कि उक्त प्रकरण की जांच निष्पक्ष की जाएं और मनमानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएं ।

भोज की खुशियां मातम में बदलीं, अज्ञात वाहन की टक्कर से दूल्हे की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर- महाराजगंज तराई उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के महराजगंज तराई थाना क्षेत्र के ग्राम मैनहवा में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब बहू भोज के दिन सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम मैनहवा निवासी सहज राम यादव ने बताया कि उनके पुत्र प्रमोद कुमार यादव (28) की शादी 8 मई को सिद्धार्थनगर जिले के बरदहा नानकार निवासी कुसुम यादव के साथ हुई थी। शनिवार को बारात वापस लौटी थी और रविवार को घर में बहू भोज का कार्यक्रम चल रहा था, बताया गया कि रविवार रात करीब आठ बजे प्रमोद कुमार यादव किसी काम से मोटरसाइकिल से सेमरी चौराहा जा रहे थे। इसी दौरान नवीनगर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल बलरामपुर ले गए। वहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान प्रमोद की मौत हो गई।प्रमोद की मौत की खबर मिलते ही बहू भोज का माहौल मातम में बदल गया। नवविवाहिता पत्नी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

आंधी के 8 दिन बाद भी 200 गांव अंधेरे में, टूटे पोल पड़े रहे, बिजली विभाग पर लगे लापरवाही के

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गैसड़ी/बलरामपुर- उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के चार मई को आई आंधी-तूफान से गैसड़ी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत 130 बिजली के पोल टूट गए थे। नगर पंचायत गैसड़ी में तो 5 दिन बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो गई थी, लेकिन ग्रामीण इलाकों के करीब 200 गांव आज 8 दिन बाद भी अंधेरे में डूबे हैं। हालात यह हैं कि बिजली बहाल करना तो दूर, विद्युत विभाग ने टूटे हुए पोल भी नहीं बदले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग कुंभकरणी नींद सो रहा है। 200 गांवों में हाहाकारआंधी से गैसड़ी ब्लॉक के खमरिया, परसहिया, चैपुरवा, ठुकरापुर, बिशुनपुर कला, बरगदवा कला, बानगढ़ पिपरी, लालपुर, रमवापुर, रजडेरवा समेत करीब 200 गांवों की बिजली गुल हो गई थी। 8 दिन बीत जाने के बाद भी इन गांवों में बिजली नहीं पहुंची। टूटे पोल और तार खेतों में पड़े हैं। भीषण गर्मी में लोग बिना पंखा-कूलर के रहने को मजबूर हैं। पानी की मोटर न चलने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। छात्रों की पढ़ाई और किसानों की सिंचाई पूरी तरह ठप है।बिजली विभाग की लापरवाही से नाराज दर्जनों ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जफर प्रधान खमरिया, आफताब प्रधान परसहिया, नसीम प्रधान चैपुरवा, मनोज यादव ठुकरापुर, कमलेश पांडे बिशुनपुर कला, रामकरन प्रधान बरगदवा कला, कृष्ण कुमार प्रधान बानगढ़ पिपरी, विनोद श्रीवास्तव लालपुर, बाबू जान प्रधान रमवापुर, दयाशंकर मौर्य रजडेरवा ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि 8 दिन बीत गए हैं, टूटे विद्युत पोल आज भी वैसे ही पड़े हैं।प्रधानों ने कहा, 'आंधी के बाद से आज तक कोई भी बिजली कर्मचारी या अधिकारी गांव में झांकने तक नहीं आया। टूटे पोल और तारों को हटाया तक नहीं गया। नगर की बिजली तो 5 दिन में बहाल कर दी, पर 200 गांवों को भगवान भरोसे छोड़ दिया। यह विभाग की घोर लापरवाही और भेदभाव है। ऐसे में बिजली कब मिलेगी, यह बहुत बड़ा गंभीर मामला है।सभी जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी बलरामपुर से मामले को संज्ञान में लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी बिजली कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए और युद्धस्तर पर काम कराकर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 2 दिन में बिजली बहाल नहीं हुई तो वे विद्युत उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में गैसड़ी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अजय कुमार ने बताया कि गैसड़ी क्षेत्र में उपकेंद्र के अंतर्गत करीब 130 पोल टूटे हैं जिनको बदला जा रहा है नगर पंचायत गैसड़ी की बिजली बहाल हो गई है ग्रामीण इलाकों में तेजी से काम किया जा रहा है लेकिन अभी समय लगेगा।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के पास न तो पर्याप्त पोल हैं और न ही कर्मचारी, इसलिए काम लटका हुआ है।

कठौरा में निर्माणाधीन वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र का कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश

● गुणवत्ता से समझौता न करने की हिदायत

● सड़कों पर न दिखें निराश्रित गोवंश; सीडीओ ने अभियान चलाकर क्षमता के अनुरूप गौशालाओं में संरक्षित करने को कहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अमेठी, पूजा साहू, आईएएस द्वारा विकासखंड जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौरा में निर्माणाधीन बृहद स्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र एवं अस्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र लोशनपुर का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल और खंड विकास अधिकारी जगदीशपुर कमलेश कुमार उपस्थित रहे निर्माणाधीन वृहद गौशाला का निरीक्षण- ग्राम पंचायत कठौरा में निर्माणाधीन केंद्र का कार्य दो संस्थाओं द्वारा कराया जा रहा है। प्रथम भाग का निर्माण यूपी आरएनएसएस और द्वितीय भाग यूपी सीएलडीएफ द्वारा किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित दोनों संस्थाओं के सहायक अभियंताओं, प्रशांत कुमार और भूपेंद्र कुमार को सीडीओ ने कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूरी तरह मानक और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। कार्य की गति बढ़ाते हुए इसे युद्ध स्तर पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु कड़े निर्देश- सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए सीडीओ ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की क्षमता के अनुसार तत्काल संरक्षण अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्गों पर कोई भी निराश्रित गोवंश नहीं दिखना चाहिए।अस्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र लोशन में मिली कमियां- लोशनपुर स्थित अस्थाई केंद्र के निरीक्षण के दौरान कतिपय गोवंश बिना इयर टैगिंग के पाए गए, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि इयर टैगिंग- सभी गोवंशों की तत्काल टैगिंग की जाए। नए आने वाले निराश्रित गोवंशों की 24 घंटे के भीतर टैगिंग और उनकी जनगणना पशु रजिस्टर में अंकित की जाए। अभिलेख- अपूर्ण अभिलेखों को तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। सुविधाएं- भूसा, चारा, पशु आहार और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। निरीक्षण में पशु आहार पर्याप्त पाया गया। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता- सभी गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और परिसर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। स्वावलंबन और सहभागिता योजना- सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि बीते एक वर्ष में गौशाला से ? 10,000 की खाद बेची गई, जिसे ओएसआर खाते में जमा किया गया है। इस पर सीडीओ ने गौशाला को और अधिक स्वावलंबी बनाने की दिशा में अन्य आय सृजन प्रक्रियाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए और समय-समय पर उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित हो।

नवांगतुक खंड विकास अधिकारी से मिले संस्था प्रबंधक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शुकुल बाजार, अमेठी। विकासखंड शुकुल बाजार में नवांगतुक खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार से सोमवार को कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक पीके तिवारी ने खंड विकास कार्यालय पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संस्था द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।मुलाकात के दौरान संस्था प्रबंधक पीके तिवारी ने बताया कि कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान विगत कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है, जिससे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय से मिल सके।उन्होंने बताया कि संस्था ने क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, गरीब एवं असहाय परिवारों को रहत सामग्री वितरण, छात्र-छात्राओं को शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने तथा गौशालाओं में जाकर गौवंशो की सेवा सहित कई सामाजिक कार्य कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में स्वयंसेवी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि समाजसेवी संगठन प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें तो विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाई जा सकती है।उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सहयोगात्मक भावना से कार्य करने की बात कही तथा भरोसा दिलाया कि विकासखंड क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत आलोक कुमार भी मौजूद रहे

जनपद के प्रथम नागरिक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उद्योगपति राजेश अग्रहरी ने पेश की मानवता की मिसाल

● अमेठी के 'भामाशाह' बने पीड़ित परिवार का सहारा

● बेटी की शादी के दिन उजड़े घर में पहुंचाई उम्मीद की रोशनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जगदीशपुर, अमेठी। कहते हैं कि विपत्ति की घड़ी में जो साथ खड़ा हो, वही सच्चा इंसान कहलाता है। अमेठी के जगदीशपुर क्षेत्र अंतर्गत पूरे पंडित अमृतलाल गांव में घटी दर्दनाक घटना ने पूरे जनपद को झकझोर कर रख दिया। बेटी की शादी वाले दिन सड़क हादसे में पिता गौतम और चाचा आसाराम की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। खुशियों का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया और पूरे गांव की आंखें नम हो गईं।इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश के अग्रणी उद्योगपतियों में शुमार राजेश मसाला, जिन्हें लोग सम्मानपूर्वक 'अमेठी का भामाशाह' कहते हैं, पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दुःख की इस घड़ी में मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए मृतक गौतम एवं आसाराम के परिवारों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। राजेश अग्रहरि ने ग्राम प्रधान विजय यादव को निर्देशित किया कि दी गई सहायता राशि को डाकघर में एफडी के रूप में जमा कराया जाए, ताकि उससे मिलने वाला ब्याज परिवार के भविष्य और बच्चों की जरूरतों में सहायक बन सके। उनके इस निर्णय की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे दूरदर्शी एवं मानवीय पहल बताया।इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञ सैनी एवं उनकी टीम हर परिस्थिति में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी रहेगी और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।गांव में मौजूद लोगों ने कहा कि आज के दौर में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो किसी के दुःख को अपना दुःख समझकर मदद के लिए आगे आते हैं। राजेश मसाला ने जिस तरह से पीड़ित परिवार का हाथ थामा, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर अमित त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

संक्षिप्त खबरें

स्व गणना अभियान के तहत विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

रायबरेली:- जनपद रायबरेली स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) रायबरेली में जनगणना 2027 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक संचालित स्व-गणना अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों, निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्व-गणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं की स्व-गणना करने हेतु प्रेरित किया गया तथा कई प्रतिभागियों द्वारा मौके पर ही अपनी स्व-गणना पूर्ण की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 देश के विकास, योजनाओं के निर्माण एवं संसाधनों के उचित वितरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में यह भी अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में स्व-गणना की सुविधा 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक उपलब्ध है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की कि वे स्वयं स्व-गणना करने के साथ-साथ अपने परिवार, परिचितों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि जनगणना 2027 को सफल एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

आयुष्मान भारत योजना में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

जनपद रायबरेली प्रदेश में 17वें स्थान पर

रायबरेली: आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद रायबरेली में निर्धारित लक्ष्य 342150 (परिवार) के सापेक्ष वर्तमान तक 310892 परिवारों के 90.86 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना लिए गए है तथा जनपद में 1481761 लाभार्थियों के सापेक्ष वर्तमान 922535 लाभार्थियों के 62.26 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना लिए गये है। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,उ0प्र0 शासन के 03 अप्रैल,2026 के पत्र के क्रम में जनपद रायबरेली आयुष्मान कार्ड निर्गत करने में प्रदेश में *17वें* पायदान पर है। जनपद रायबरेली ने उक्त रैंक मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली डॉ0 नवीन चंद्र के कुशल निर्देशन में प्राप्त किया है। जनपद रायबरेली आशा, आंगनवाडी कार्यकत्री, आंगनवाडी सहायिका, 70+ वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों एवं जीरो पावर्टी योजना में जनपद रायबरेली प्रदेश स्तर पर क्रमशः *10वें, 20वें, 20वें, 19वें एवं 17वें* पायदान पर है। जनपद में आयुष्मान भारत-प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) द्वारा अवगत कराया गया कि आयुष्मान कार्ड अब लाभार्थी स्वयं से ही बना सकते हैं जिसके क्रम में लाभार्थियों को प्ले स्टोर पर उपलब्ध आयुष्मान ऐप (Ayushman App) को डाउनलोड करके या फिर www. beneficiary. nha. gov. in पर लाभार्थी अपने आधार से लिंक मोबाइल नंबर लॉगिन कर खुद से beneficiary ऑप्शन से आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। जनपद में शेष बचे 559226 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष कैंप लगाये जा रहे है, जिसमे ए0एन0एम0, सी0एच0ओ0, आयुष्मान मित्रों, पंचायक सहायक, कोटेदार, आशा, संगिनी एवं अन्य के माध्यम से लाभार्थियों को बुलाकर आयुष्मान कार्ड जनपद के समस्त सरकारी अस्पतालों में एवं जिला अस्पताल पुरुष/महिला में बनाये जा रहे है। जनपद के समस्त आयुष्मान लाभार्थी कृपया उपरोक्त जानकारी हेतु अपने निकटतम सरकारी चिकित्सालय में सम्पर्क करें जिससे योजना हेतु लाभ प्राप्त कर सकें।

एसपी ने बड़बोले इंस्पेक्टर को किया लाईन हाजिर

प्रतापगढ़। पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाले महेशगंज प्रभारी निरीक्षक राधे बाबू को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने तत्काल प्रभाव से लाईन हाजिर करते हुए सीओ सदर को जांच सौंपी है।महेशगंज थाना के एसएचओ राधे बाबू पर आरोप है कि उन्होंने फोन पर जातिसूचक अभद्र टिप्पणी किया है। पैदल हो गए इंस्पेक्टर राधे बाबू ने एक प्रकरण में ब्राह्मणों को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।लाईन हाजिर इंस्पेक्टर उत्साह में इलाके के ब्राह्मणों को अनपढ़ कह डाला था,जिसके बाद बड़बोले इंस्पेक्टर का विरोध शुरू हो गया और कार्रवाई की मांग तेज हो गई।एसपी ने रविवार देर शाम तक इंस्पेक्टर को लाईन हाजिर करते हुए अग्रिम विभागीय जांच सीओ सदर को सौंपा है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मझियार गांव के समीप सोमवार को 6 बजे करीब सुबह दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में दादा तथा पोता गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के नरैना कला गांव निवासी 70 वर्षीय केवला प्रसाद अपने पोते 22 वर्षीय राजनारायण के साथ बाइक से सोमवार को शादी का कार्ड बांटने निकले थे। दोनों जैसे ही थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग स्थित मझियार गांव के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार की बाइक में जोरदार टक्कर हो गई टक्कर लगते ही बाइक पर बैठे दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंची 102 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया।

मलिहाबाद में शराब दुकान के सेल्समैन की हत्या, आरोपी गिरफ़्तार, क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के आरोपों से मचा हड़कंप

● .....मलिहाबाद में दबंग ने ठेके के बाहर रिंकू जायसवाल को उतारा मौत के घाट, आरोपी मौके से फरार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ- जनपद के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ढेढ़ेमऊ में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब देशी शराब की दुकान पर तैनात एक सेल्समैन की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रिंकू के रूप में हुई है, जो गांव स्थित देशी शराब की दुकान पर कार्य करता था। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 मई 2026 को गांव की देशी शराब दुकान पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि नन्हके कहार नामक व्यक्ति ने सेल्समैन रिंकू पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार भी कर लिया और पूछ ताछ जारी है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीणों ने शराब दुकानों के संचालन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों पर नियमों के विपरीत 24 घंटे शराब की बिक्री की जाती है। आरोप यह भी लगाया गया है कि राघवेंद्र सिंह द्वारा अवैध रूप से कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जहां देर रात तक शराब परोसी जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक रात करीब 12 बजे तक खुलेआम शराब बेची जाती है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने आबकारी विभाग और प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद अवैध शराब बिक्री पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब हत्या की इस घटना के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। पुलिस का कहना है कि हत्या के मामले में हर पहलू की जांच की जा रही है। साथ ही शराब दुकानों के संचालन और आबकारी नियमों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों की जानकारी आबकारी विभाग को भी भेजी जाएगी। फिलहाल पुलिस गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रही है। मलिहाबाद में आबकारी विभाग की बड़ी लापरवाही! नियमों को ताक पर रख सुबह से देर रात तक बिक रही शराब, में कई शराब दुकानों पर निर्धारित समय से पहले और देर रात तक खुलेआम शराब बेची जा रही है। आरोप है कि सुबह छह बजे से ही शराब बिक्री शुरू हो जाती है और देर रात तक शराबियों को आसानी से शराब उपलब्ध रहती है। ढेढ़ेमऊ गांव की कम्पोजिट शराब दुकान के बगल में चल रही कथित अवैध कैंटीन पर भी दिन-रात शराब बेचने के आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग को पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व आबकारी निरीक्षक द्वारा की गई छापेमारी केवल खानापूर्ति बनकर रह गई और अवैध बिक्री पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीणों के मुताबिक मलिहाबाद चौराहे पर स्थित देशी शराब ठेका, महमूदनगर और बदौरा गांव की शराब दुकानों सहित कई स्थानों पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। लोगों का कहना है कि अवैध तरीके से शराब बिक्री का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हत्या की घटना के बाद अब ग्रामीण आबकारी विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध शराब बिक्री पर सख्ती की गई होती तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं होती। पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा और नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

मलिहाबाद में चुनावी रंजिश और दबंगई, दावत में प्रधान ने ग्रामीण को पीटा

● कट्टा तानकर दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर में बीती रात एक दावत के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वर्तमान प्रधान रामशंकर ने गांव के ही नरेश पुत्र चंद्रपाल के साथ हिंसक व्यवहार किया। पीड़ित के अनुसार, जब उसने प्रधान द्वारा दी जा रही गालियों का विरोध किया, तो प्रधान ने उसे जमीन पर गिराकर बुरी तरह पीटा और अवैध कट्टा तानकर जान से मारने की धमकी दी। जान बचाकर भागे पीड़ित का आरोप है कि प्रधान ने उसे पुलिस के पास जाने पर झोपड़ी में घुसकर हत्या करने की चेतावनी भी दी है। डरे-सहमे पीड़ित ने मलिहाबाद कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी प्रधान के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

रास्ता भटके बुजुर्ग को सकुशल परिजनों से मिलाकर पुलिस ने निभाई मानवीय जिम्मेदारी

कानपुर। पीआरवी 8186 को सूचना प्राप्त हुई कि एक बुजुर्ग व्यक्ति कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास रास्ता भटक गए हैं तथा अपने घर का पता नहीं बता पा रहे हैं। सूचना पर उ0नि0 अंकित चौकी इंदिरा नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं पूछताछ/स्थानीय जानकारी के आधार पर बुजुर्ग राम प्रवेश सिंह (उम्र लगभग 75 वर्ष) निवासी नई बस्ती अशोक नगर, गोवा गार्डन, कल्याणपुर को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की त्वरित एवं मानवीय कार्यवाही की सराहना कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट पुलिस ने दोनों पक्षों से कुल 11 लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

चंदापुर/रायबरेली: थाना क्षेत्र के ग्राम समरेहदा में एक निमंत्रण समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिससे गांव में देर रात अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के कुल 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि, पुलिस के अनुसार घटना 10 मई 2026 की रात करीब 11:30 बजे ग्राम समरेहदा में हुई। बताया जाता है कि, गांव में ही एक निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हाथापाई की। घटना की सूचना पुलिस को 11 मई दिन सोमवार को दी गई, जिसके बाद थाना चंदापुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस मामले में पुलिस ने मु0अ0सं0 0030/2026 के तहत बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 191(2) में मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष से राजन मौर्य, श्रीकांत, श्यामबिहारी, शुभम, सुजीत और आनंद निवासी ग्राम समरेहदा को नामजद किया गया है। वहीं द्वितीय पक्ष से पप्पू सिंह उर्फ रणधीर सिंह, स्वप्निल सिंह, अंकुर सिंह, नितिन तथा अर्पित के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना चंदापुर पुलिस का कहना है कि, मामले की जांच की जा रही है तथा घटना में शामिल सभी आरोपियों की भूमिका के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

चन्द्रशेखर प्रजापति को मिला 'भाषाविद् डॉ. सुंदर लाल राठौर सम्मान'

● क्षेत्र में खुशी की लहर, शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिधौली। संघर्ष, समर्पण और सतत परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाते। देर-सबेर मेहनत अपनी पहचान स्वयं बना लेती है। इस सत्य को साकार कर दिखाया है सिधौली तहसील क्षेत्र के ग्राम सरौरा खुर्द निवासी युवा साहित्यप्रेमी एवं जनपक्षधर पत्रकार चन्द्रशेखर प्रजापति ने, जिन्हें उनके उत्कृष्ट लेखन, प्रभावशाली अभिव्यक्ति और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के लिए प्रतिष्ठित 'भाषाविद् डॉ. सुंदर लाल राठौर सम्मान' से सम्मानित किया गया। सिधौली स्थित बंशीवाला रेस्टोरेंट में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में सैकड़ों साहित्यकारों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने अपने करकमलों से डॉ चन्द्रशेखर प्रजापति को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। विशेष बात यह रही कि इस सम्मान को प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्तित्व बनने का गौरव भी चन्द्रशेखर प्रजापति को हासिल हुआ। चन्द्रशेखर प्रजापति लंबे समय से अपनी सहज, मनमोहक एवं प्रभावशाली सम्बोधन शैली के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी लेखनी केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि समाज के आम जनमानस की पीड़ा, संघर्ष और उम्मीदों की आवाज मानी जाती है। उन्होंने पत्रकारिता को केवल सूचना का माध्यम न मानकर जनभावनाओं और सामाजिक चेतना को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच बनाया है। यही कारण है कि उनके लेखन में गांव, किसान, युवा, शिक्षा, सामाजिक विषमताएं और जनसमस्याएं प्रमुखता से दिखाई देती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में निष्पक्ष एवं जनहित आधारित पत्रकारिता दुर्लभ होती जा रही है, ऐसे दौर में चन्द्रशेखर प्रजापति जैसे युवा लेखक और पत्रकार समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, व्यवहार कुशलता और सृजनशीलता के बल पर एक अलग पहचान बनाई है। बताते चलें कि डॉ चन्द्रशेखर प्रजापति को इससे पूर्व भी अनेक उपलब्धियां प्राप्त हो चुकी हैं। उन्हें हिन्दी विद्यापीठ, भागलपुर (बिहार) द्वारा विद्या वाचस्पति (Ph.D.) डॉक्टरेट मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त स्वच्छता जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। सामाजिक चेतना और साहित्यिक अभिरुचि के क्षेत्र में उनकी सक्रियता लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। सम्मान समारोह के दौरान क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इनमें पूर्व आईए प्रशिक्षक डॉ. गंगाप्रसाद शर्मा 'गुणशेखर', कामरेड डॉ. ब्रज बिहारी, शिक्षाविद् आर. डी. वर्मा, साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर', सुनीला रावत, रोशनी गुप्ता, संजय राठौर, राहुल सिंह, दीन मोहम्मद, पिंकी

अरविंद प्रजापति सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण साहित्यिक गरिमा, सामाजिक चेतना और सम्मान भाव से ओतप्रोत दिखाई दिया। उपस्थित लोगों ने आशा व्यक्त की कि चन्द्रशेखर प्रजापति भविष्य में भी अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते रहेंगे तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेंगे। आज जब समाज को संवेदनशील सोच और निष्पक्ष अभिव्यक्ति की आवश्यकता है, ऐसे समय में चन्द्रशेखर प्रजापति को मिला यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि जनसरोकारों से जुड़ी विचारशील पत्रकारिता और साहित्यिक चेतना का सम्मान माना जा रहा है।

सीतागुप ऑफ एजूकेशन में 'सुपर-40' के मेधावियों का सम्मान

● अभिभावकों को मिला सफलता का मंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महमूदाबाद- सीतापुर प्रतिस्पर्धा के इस युग में बच्चों को शुरुआत से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुकूल ढालना अनिवार्य है। इसी विजन के साथ सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन में संचालित 'सुपर-41' और 'सुपर सेक्शंस' विद्यार्थियों के भविष्य की नींव मजबूत कर रहे हैं। यह विचार संस्था के चेयरमैन आर.के. वाजपेयी ने शास्त्री सभागार में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) के दौरान व्यक्त किए। चेयरमैन रमेश कुमार वाजपेयी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता शिक्षक और अभिभावक के आपसी समन्वय पर टिकी होती है। उन्होंने अभिभावकों से विशेष अपील की कि वे घर पर बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। बच्चों द्वारा मोबाइल का उपयोग सीमित किया जाए ताकि अध्ययन की एकाग्रता बनी रहे। घर पर पढ़ाई का माहौल विकसित करें और बच्चों को नियमित 'सेल्फ स्टडी' के लिए प्रेरित करें। मासिक परीक्षाओं के माध्यम से कमजोर विषयों की पहचान कर उन पर समय रहते सुधार किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने 'सुपर-40' सेक्शन की पहल को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि इस विशेष शिक्षण पद्धति से बच्चों के सीखने के स्तर में गुणात्मक वृद्धि देखी जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अप्रैल माह की प्रथम मासिक परीक्षा के परिणाम रहे। कक्षा 6 से 12 तक के विभिन्न सेक्शंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को चेयरमैन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में प्रथम पुरुष्कार उदयराज चौधरी, राम कृष्ण वर्मा, हिमांशु गुप्त, आयुष जैन, आकांक्षा वर्मा, रुचि यादव, आँचल वर्मा एवम द्वितीय पुरुष्कार आराधना वर्मा, निर्विकार तिवारी, हृदयांशी यादव, दुर्गेश कुमार, काव्या वर्मा, ओम्या पटेल, आयुषी वर्मा, दिव्या यादव, आयुषी व तृतीय पुरुष्कार शिखा वर्मा, जानवी वर्मा, निधि यादव, दीपांशी यादव, अंशिका गुप्ता, शुभ वर्मा, दिव्यांशी, आयुष कुमार, श्रेया पटेल, सरन्या वर्मा प्रमुख रहे। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, भारी संख्या में अभिभावक और उत्साहित विद्यार्थी मौजूद रहे। पुरस्कार पाकर खिले हुए बच्चों के चेहरों ने उनकी मेहनत और लगन की कहानी खुद-ब-खुद बयां कर दी।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ख़जनी – गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र की पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी को सरया तिवारी अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना खजनी में दर्ज मुकदमा संख्या 138/2026 में आरोपी विवेक यादव पर शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 64(2) m, 351(3) बीएनएस तथा 5एल/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी और क्षेत्राधिकारी खजनी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को सरया तिवारी अंडरपास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी सुबह करीब 8:25 बजे की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विवेक यादव पुत्र स्वर्गीय जुगुल किशोर यादव निवासी बेलडाड़ थाना खजनी जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 19 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले से थाना खजनी में मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह, निरीक्षक दीनानाथ सरोज और कांस्टेबल पियूष पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सड़क हादसे में किशोरी की मौत बच्ची घायल

सहजनवा थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप से कुछ कदम पहले अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। जिसमें 17 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। और 8 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के भलुआ टोला भेलाभार निवासी शिवबीर सिंह अपनी बेटी अमृता सिंह 17 वर्ष तथा बच्ची रुंझा सिंह 8 वर्ष को बाइक पर बैठाकर गीडा स्थित डेंटल कॉलेज में दांत दिखाने जा रहे थे। अभी वह सहजनवा स्थित पेट्रोल के कुछ कदम पहले पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक को पार कर आगे बढ़े तो पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिसमें बाइक सवार शिवबीर सिंह कुछ दूर जा कर गिर गए। और अमृता सिंह 17 वर्ष और बच्ची रुंझा भी ट्रैक के नीचे आ गए। जिसमें अमृता सिंह की मौके पर मौत हो गई। बच्ची बाल बाल बच गई। जिससे मामूली चोट आई उसका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका दो बहनों में बड़ी थी। एक छोटा भाई है।

भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट, लू से बचाव हेतु जारी की गई एडवाइजरी

● लू से बचाव के लिए प्रशासन ने बताए जरूरी उपाय, लोगों से सतर्क रहने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडीएम ने लोगों से सतर्क रहने, अधिक पानी पीने तथा दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की अपील की है। उन्होने बताया है कि शरीर में पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, मधुमेह एवं हृदय रोग से पीड़ित लोग अधिक सावधानी बरतें। उन्होने बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, तेज धड़कन और पसीना बंद होना लू के प्रमुख लक्षण है। बताया कि अधिक से अधिक पानी पियें। हल्कें रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप में गमछे, चश्में, छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें।यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। ओआरएस घोल घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।

चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी के एस्कॉर्ट वाहन की रोडवेज बस से टक्कर

● पुलिसकर्मी समेत चार घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ग़ोला - गोरखपुर। जनपद के कौड़ीराम क्षेत्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चिल्लूपार विधायक Rajesh Tripathi के साथ चल रही एस्कॉर्ट गाड़ी सड़क किनारे खड़ी सरकारी रोडवेज बस से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि एस्कॉर्ट वाहन के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में एस्कॉर्ट वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक पुलिसकर्मी और वाहन चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विधायक का काफिला क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी कौड़ीराम के पास अचानक एस्कॉर्ट वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस से भिड़ गया। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल वाहन से बाहर निकाला गया। हादसे में विधायक के दीवान अभिषेक यादव, चालक राजनारायण शुक्ला समेत अन्य लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पहले कौड़ीराम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मी और चालक को बेहतर इलाज के लिए बड़हलगंज स्थित दुर्गावती हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। फिलहाल वहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटनास्थल पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सामान्य कराया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय विधायक Rajesh Tripathi पूरी तरह सुरक्षित रहे। घटना के बाद समर्थकों और स्थानीय लोगों की भीड़ अस्पताल पहुंचने लगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। शुरुआती आशंका तेज रफ्तार और अचानक नियंत्रण बिगड़ने की जताई जा रही है, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। इलाके में इस हादसे को लेकर दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

नर्सों का योगदान और विश्व स्वास्थ्य का भविष्य

मानवता की सेवा और उपचार की प्रक्रिया में नर्सों का योगदान अतुलनीय है। प्रत्येक वर्ष 12 मई को संपूर्ण विश्व अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाता है। यह दिवस केवल एक तिथि नहीं है बल्कि उस समर्पण और करुणा का सम्मान है जो नर्सें बिना किसी स्वार्थ के समाज को प्रदान करती हैं। इस विशेष दिवस का आयोजन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है। 1820 में जन्मी फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक पेशेवर और सम्मानित स्वरूप प्रदान किया। क्रीमिया युद्ध के दौरान उन्होंने रात के अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायल सैनिकों की जिस प्रकार सेवा की उसने उन्हें लेडी विद द लैंप की उपाधि दी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि चिकित्सा केवल औषधियों का खेल नहीं है बल्कि इसमें स्वच्छता, सहानुभूति और निरंतर देखभाल का भी उतना ही महत्व है। वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की विषयवस्तु हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं निर्धारित की गई है। यह विषयवस्तु इस बात की ओर संकेत करती है कि भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए नर्सों का सशक्तिकरण अनिवार्य है। नर्सिंग सेवा का विस्तार केवल चिकित्सालयों की दीवारों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जो व्यक्ति के जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षणों तक उसके साथ बनी रहती है। स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका एक सेतु के समान है जो चिकित्सक और रोगी के मध्य संवाद और उपचार को सुगम बनाती है। किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में नर्सें ही सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आती हैं। यदि हम वैश्विक आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के कुल कार्यबल का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा नर्सों और दाइयों का है। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर नर्सों की भारी कमी देखी जा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 60 लाख अतिरिक्त नर्सों की आवश्यकता होगी। यह आंकड़ा हमें सचेत करता है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र में निवेश नहीं किया गया तो भविष्य में स्वास्थ्य प्रणालियाँ लड़खड़ा सकती हैं। भारत जैसे सघन जनसंख्या वाले देश में नर्सों का उत्तरदायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। भारतीय नर्सिंग परिषद के आंकड़ों के अनुसार देश में पंजीकृत नर्सों की संख्या लाखों में है परंतु प्रति 1000 जनसंख्या पर नर्सों की उपलब्धता अभी भी वैश्विक मानकों से कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है वहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पूरी जिम्मेदारी नर्सों के कंधों पर होती है। वे न केवल प्रसव संबंधी सेवाएं प्रदान करती हैं बल्कि टीकाकरण अभियानों, संक्रामक रोगों के नियंत्रण और पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में नर्सों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण रहा है। वे समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाती हैं। हाल के वर्षों में वैश्विक महामारी कोविड 19 ने संपूर्ण विश्व को नर्सों की वास्तविक शक्ति से परिचित कराया। जब पूरा विश्व भयभीत होकर घरों में बंद था तब नर्सें बिना अपनी जान की परवाह किए संक्रमित मरीजों की सेवा कर रही थीं। पीपीई किट पहनकर घंटों बिना भोजन और जल के काम करना उनके अदम्य साहस का परिचायक था। उस कठिन समय में नर्सों ने न केवल शारीरिक उपचार किया बल्कि एकांतवास में रह रहे मरीजों को मानसिक संबल भी प्रदान किया। कई नर्सों ने इस सेवा के दौरान अपने प्राणों की

आहुति दे दी जो उनके व्यवसाय के प्रति सर्वोच्च बलिदान को दर्शाता है। इस महामारी ने यह पाठ पढ़ाया कि किसी भी देश की सुरक्षा केवल उसकी सीमाओं पर नहीं बल्कि उसके स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और उसके समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों में भी सुरक्षित है। वर्तमान परिदृश्य में नर्सिंग के क्षेत्र में कई चुनौतियां भी विद्यमान हैं जिन्हें संबोधित करना अत्यंत आवश्यक है। नर्सों को अक्सर लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कई स्थानों पर उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं प्राप्त नहीं होती हैं। कार्यस्थल पर सुरक्षा का अभाव और तनावपूर्ण वातावरण उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त नर्सिंग को आज भी समाज के कुछ वर्गों में केवल एक सहायक कार्य के रूप में देखा जाता है जबकि वास्तव में यह एक उच्च कौशल वाला पेशेवर कार्य है। नर्सों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और नीति निर्माण में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। वर्ष 2026 की विषयवस्तु इसी अंतर को पाटने का आह्वान करती है। सशक्त नर्सों का अर्थ है उन्हें उन्नत प्रशिक्षण देना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना और उनके कार्य की गरिमा को पहचानना। शिक्षा और तकनीक के विकास ने नर्सिंग के स्वरूप को भी बदला है। आज की नर्सें केवल सहायता प्रदान नहीं करतीं बल्कि वे आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के संचालन, जटिल उपचार प्रक्रियाओं और शोध कार्यों में भी निपुण हैं। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और टेलीमेडिसिन के युग में नर्सों की भूमिका और भी तकनीकी हो गई है। वे डेटा प्रबंधन और रोगियों की निरंतर निगरानी के लिए उन्नत प्रणालियों का उपयोग कर रही हैं। नर्सिंग शिक्षा के पाठ्यक्रम को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है ताकि नर्सें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य चुनौती का सामना करने में सक्षम हो सकें। शोध कार्यों में नर्सों की भागीदारी चिकित्सा के क्षेत्र में नए दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। समाज के रूप में हमारा यह कर्तव्य है कि हम नर्सों के प्रति अपने दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। उनके प्रति कृतज्ञता केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उनके लिए अनुकूल कार्य वातावरण सुनिश्चित करना, उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करना सरकार और समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम नर्सों के प्रशिक्षण और भर्ती में निवेश करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी क्योंकि एक स्वस्थ समाज ही प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने एक बार कहा था कि नर्सिंग एक कला है और यदि इसे कला बनाना है तो इसके लिए वैसी ही अनन्य भक्ति और कठोर तैयारी की आवश्यकता होती है जैसा कि किसी चित्रकार या मूर्तिकार के कार्य के लिए होती है। उनकी यह बात आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। आज की नर्सें न केवल उपचार करती हैं बल्कि वे मानवता की रक्षक भी हैं। 12 मई का यह दिन हमें उनके उन हजारों घंटों की याद दिलाता है जो उन्होंने दूसरों के दुखों को कम करने में बिताए हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक नर्स की मुस्कान और धैर्य कई बार सबसे महंगी औषधि से भी अधिक प्रभावी सिद्ध होता है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि नर्सिंग सेवा किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ है। वर्ष 2026 में जब हम इस दिवस को मनाते हैं तो हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम नर्सों के सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो नर्सिंग क्षेत्र में आने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करें और वर्तमान नर्सों को उनकी योग्यता के अनुरूप सम्मान और स्थान दिलाएं। जब हम कहते हैं कि सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं तो इसका अर्थ केवल एक नारा नहीं है बल्कि यह एक वैज्ञानिक तथ्य है। एक सशक्त और संतुष्ट नर्स ही सर्वोत्तम उपचार प्रदान कर सकती है। आइए इस अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हम उन सभी नर्सों को नमन करें जो अंधकार में प्रकाश की किरण बनकर मरीजों के जीवन को रोशन कर रही हैं और एक स्वस्थ सुरक्षित भविष्य की नींव रख रही हैं। उनकी सेवा और त्याग ही वह ऊर्जा है जो चिकित्सा जगत को निरंतर गति प्रदान करती है।

महेन्द्र तिवारी

प्रधानमंत्री की अपील के पीछे क्या है मायने....



संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला

पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को सिकंदराबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए देशवासियों से संयम और त्याग की अपील की। पेट्रोल-डीजल, गैस का संयमित उपयोग, एक साल तक शादियों-समारोहों में सोना न खरीदना, वर्क फ्रॉम होम अपनाना, कारपूलिंग और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल–ये अपीलें महज सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकट की घड़ी में आर्थिक सुरक्षा का मंत्र हैं। इस अपील के पीछे मुख्य मायने विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा और आयात पर निर्भरता कम करना है। भारत दुनिया का बड़ा तेल आयातक है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव और युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। इससे मुद्रास्फीति बढ़ने, व्यापार संतुलन बिगड़ने और आम आदमी पर बोझ बढ़ने का खतरा है। पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा कि आयातित पेट्रो उत्पादों का इस्तेमाल सिर्फ जरूरत के अनुसार करना होगा, जिससे विदेशी मुद्रा बचेगी और युद्ध के दुष्प्रभाव कम होंगे। सोने की खरीद पर एक साल का संयम विदेशी मुद्रा के बहाव को रोकने की दिशा में बड़ा कदम है। सोना भारत का दूसरा सबसे बड़ा आयात है, जो विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव डालता है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि पहले लोग देश के लिए सोना दान करते थे, अब कम से कम न खरीदकर राष्ट्रहित में योगदान दे सकते हैं।

आर्थिक और सामरिक दूरदर्शिताः ये अपीलें आत्मनिर्भर भारत और ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में हैं। कोविड काल की आदतें–वर्चुअल मीटिंग, वर्क फ्रॉम होम–फिर से अपनाकर ईंधन बचाया जा सकता है। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, प्राकृतिक खेती और सौर ऊर्जा जैसी दीर्घकालिक रणनीतियों के साथ यह व्यक्तिगत त्याग राष्ट्र की सामूहिक ताकत बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री की अपील 'देश पहले' के मंत्र को व्यावहारिक रूप देती है। जब विश्व संकट झेल रहा हो तो हर नागरिक की छोटी-छोटी बचत बड़ी ताकत बन सकती है। यह न सिर्फ आर्थिक चुनौती से निपटने का रास्ता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना जगाने का भी अवसर है। समय है कि हम इन अपीलों को संकल्प में बदलें।

जहां नारियों का सम्मान वहां देवताओं का वास

राष्ट्र निर्माण की शक्तिशाली ऊर्जा भारतीय नारियां

हमारे शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। भारत की शिक्षित एवं आत्मनिर्भर नारियां आज केवल परिवार की आधारशिला नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे शक्तिशाली ऊर्जा बन चुकी हैं। समय के परिवर्तन ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसी भी देश की वास्तविक प्रगति तब तक संभव नहीं हो सकती जब तक उसकी आधी आबादी शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर न हो। भारतीय संस्कृति में नारी को आदिकाल से पूजनीय माना गया है किंतु विडंबना यह रही कि लंबे समय तक पुरुष प्रधान व्यवस्था ने नारी को केवल घर की सीमाओं तक सीमित कर दिया। स्वामी विवेकानंद ने कहा था– 'किसी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम मापदंड वहां की महिलाओं की स्थिति होती है।' नारी को सम्मान तो दिया गया, पर स्वतंत्रता और अवसर नहीं दिए गए। परिणामस्वरूप समाज का विकास एकांगी होकर रह गया। अब परिस्थितियां बदल रही हैं। आज भारत में बेटी के जन्म पर मातम नहीं बल्कि उत्सव मनाया जाने लगा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में महिला साक्षरता दर निरंतर बढ़ रही है और उच्च शिक्षा में भी लड़कियों की भागीदारी कई क्षेत्रों में लड़कों के बराबर पहुंच चुकी है। शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार विश्वविद्यालयों में छात्राओं की भागीदारी लगभग 49 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो भारतीय समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है।' महात्मा गांधी ने कहा था यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो केवल एक व्यक्ति शिक्षित होता है, किंतु यदि आप एक स्त्री को शिक्षित करते हैं तो पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है।' यह कथन आज पूरी तरह सत्य सिद्ध हो रहा है। शिक्षित महिलाएं केवल अपने जीवन को नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी उज्ज्वल बनाती हैं। आज भारत की महिलाएं विज्ञान, राजनीति, प्रशासन, सेना, खेल, न्यायपालिका, अंतरिक्ष और व्यापार सहित हर क्षेत्र में अपने सामर्थ्य का परचम लहरा रही हैं। भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमान उड़ाने वाली बेटियां, सीमा पर देश की रक्षा करती महिला सैनिक, चंद्रयान और मंगलयान मिशन में योगदान देती वैज्ञानिक महिलाएं तथा ओलंपिक और विश्व प्रतियोगिताओं में तिरंगा फहराती खिलाड़ी यह प्रमाणित करती हैं कि भारतीय नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। कल्पना चावला ने अंतरिक्ष में भारत का गौरव बढ़ाया, पी. वी. सिंधु और साइना नेहवाल ने विश्व बैडमिंटन में भारत की पहचान बनाई, मैरी कॉम ने संघर्ष और साहस की मिसाल प्रस्तुत की, जबकि साक्षी मलिक और फोगाट बहनों ने कुश्ती जैसे कठिन खेल में विश्व पटल पर भारत को सम्मान दिलाया। आज भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि भारत की बेटी अब राष्ट्र के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विश्व राजनीति में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से भारत की पहचान मजबूत की थी। इसी प्रकार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा अनेक महिला मंत्री आज देश की नीतियों को दिशा दे रही हैं। आज भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्राचीन भारत में भी नारी शिक्षा का गौरवशाली इतिहास रहा है। वेदों और उपनिषदों में गार्गी, मैत्रेयी, अनुसूया और सावित्री जैसी विदुषी नारियों का उल्लेख मिलता है जिन्होंने ज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। मंडन मिश्र की पत्नी भारती ने आदि शंकराचार्य जैसे महान दार्शनिक से शास्त्रार्थ कर अपनी विद्वता का परिचय दिया था। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय परंपरा में नारी केवल गृहस्थ जीवन तक सीमित नहीं थी बल्कि ज्ञान और चिंतन की धुरी भी थी। बाद के समय में बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा जैसी कुप्रथाओं ने महिलाओं के विकास को बाधित किया।

संजीव ठाकुर

अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनियाः विकास मॉडल की सबसे भयावह सच्चाई

[उत्पादन की अराजक दौड़ ने लिया भोजन, मिट्टी, पानी और हमारा भविष्य]
[भोजन की बर्बादी बनाम भूख की आगः पृथ्वी को खोखला कर रही हमारी लालच]

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवनशक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है। मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है। मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है। बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं। पर्यावरण विनाश और भूख अब एक ही संकट के दो चेहरे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा। विनाश के बढ़ते साये में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। शोध बताते हैं कि सूखे में भी रिजनरेटिव खेत पारंपरिक खेतों से अधिक उत्पादक रहे। यह संकेत है कि प्रकृति के साथ चलने वाली खेती केवल भोजन नहीं, भविष्य भी बचा सकती है। समाधान केवल नई तकनीकों से नहीं निकलेगा, जब तक नीतियों और सामाजिक सोच में बदलाव नहीं आता। सरकारों को पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सब्सिडी खत्म करनी होंगी और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, हरित कृषि कोष और तकनीकी ज्ञान का साझा उपयोग गरीब देशों को नई दिशा दे सकता है। उपभोक्ताओं की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। भोजन की बर्बादी रोकना, स्थानीय पौष्टिक आहार अपनाना और अनावश्यक उपभोग घटाना समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। साहसिक कदमों से 2030 तक भूख काफी नियंत्रित हो सकती है और जलवायु लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। यह संघर्ष केवल खेतों में नहीं, बल्कि हमारी आदतों, नीतियों और प्राथमिकताओं में भी लड़ा जाएगा। धरती का भविष्य आज मानवता के फैसलों के कटघरे में खड़ा है। एक ओर अधिक उत्पादन की अंधी दौड़ है, जो प्रकृति को नष्ट कर मानवता को भूख की ओर धकेल रही है। दूसरी ओर संतुलन और सतत विकास का मार्ग है, जहां भोजन और पर्यावरण साथ चलते हैं। ग्लोबल हंगर का नया चेहरा चेतावनी दे रहा है कि समय तेजी से खत्म हो रहा है। यदि हमने अब भी सोच नहीं बदली, तो आने वाली पीढ़ियां हरियाली को केवल किताबों में देखेंगी। लेकिन यदि दुनिया ने साहस दिखाया, तो यही संकट इतिहास का बड़ा परिवर्तन बन सकता है। आज का निर्णय तय करेगा कि भविष्य हमें विनाशकारी पीढ़ी कहेगा या वह पीढ़ी, जिसने भूख और पर्यावरण विनाश का घातक चक्र तोड़ दिया।

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



मेष- आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नौकरी और व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें। **शुभ रंगः** लाल **शुभ अंकः** 9

वृषभ-धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

मिथुन-कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

कर्क- भावनाओं में बहकर निर्णय न लें। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। **शुभ रंगः** सिल्वर **शुभ अंकः** 2

सिंह-आज मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ अंकः** 1

कन्या-कामकाज में व्यस्तता अधिक रहेगी लेकिन मेहनत सफल होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी पुराने विवाद का समाधान निकल सकता है। **शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 7

तुला- आज का दिन संतुलन बनाए रखने का है। प्रेम जीवन अच्छा रहेगा। कला और रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। **शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 6

वृश्चिक- गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र में सतर्कता जरूरी है। परिवार का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। **शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 8

धनु- भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में प्रगति के योग हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। **शुभ रंगः** पीला **शुभ** अंकः 3

मकर- आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। **शुभ रंगः** ग्रे **शुभ अंकः** 4

कुंभ- नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ** अंकः 11

मीन- आज मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आर्थिक लाभ के संकेत हैं। परिवार में खुशहाली रहेगी। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। **शुभ रंगः** बैंगनी **शुभ अंकः** 12

एक्सप्रेस-वे पर अभी चलना भी सिखाना होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में गंगा एक्सप्रेस- वे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस- वे का उद्घाटन किया। ये एक्यप्रेस-वे भारत के विकास के नए द्वार हैं। भारत की धरती पर आज कंक्रीट और कोलतार के जो आधुनिक गलियारे बिछ रहे हैं, वे केवल सड़क मात्र नहीं हैं, बल्कि एक महत्वाकांक्षी राष्ट्र की धमनियां हैं। एक्सप्रेस-वे का निर्माण इक्कीसवीं सदी के भारत की वह पहचान है जो समय और दूरी को बौना साबित कर रही है। लेकिन इस भौतिक प्रगति के समानांतर एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि हम जितनी तेजी से रफ्तार के बुनियादी ढांचे तैयार कर रहे हैं, उतनी ही तेजी से हम सड़क अनुशासन के मोर्चे पर पिछड़ते जा रहे हैं। एक्सप्रेस-वे बनाना तो इंजीनियरिंग का कमाल है, लेकिन उन पर सुरक्षित तरीके से चलना सिखाना एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती है। यदि हम केवल पत्थर और डामर बिछाते रहे और नागरिक बोध को विकसित करना भूल गए, तो ये शानदार मार्ग विकास के पथ नहीं, बल्कि काल के गाल बन जाएंगे। सड़क हादसों के आंकड़े आज किसी महामारी से कम डरावने नहीं हैं। सरकारी आंकड़ों और विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 1.5 लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। इसका अर्थ यह है कि हर घंटे लगभग 17 से 20 मौतें सड़कों पर हो रही हैं। एक्सप्रेस-वे पर होने वाली दुर्घटनाओं की प्रकृति और भी भयावह है क्योंकि यहाँ वाहनों की गति सामान्य सड़कों से कहीं अधिक होती है। तीव्र गति पर होने वाली एक छोटी सी चूक भी जानलेवा साबित होती है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, एक्सप्रेस-वे पर होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाओं का कारण 'ओवरस्पीडिंग' यानी निर्धारित सीमा से अधिक गति से वाहन चलाना है। इसके अलावा, गलत दिशा में वाहन चलाना और अचानक लेन बदलना ऐसे कारण हैं जिन्होंने इन आधुनिक मार्गों को असुरक्षित बना दिया है। एक्सप्रेसवे पर केवल अधिकतम गति ही नहीं, बल्कि न्यूनतम गति का पालन भी जरूरी है। धीमी गति से चल रहे वाहन तेज़ रफ्तार वाहनों के लिए अवरोध बन जाते हैं, जिससे टक्कर की संभावना बढ़ जाती है। एक्सप्रेस-वे पर चलने की संस्कृति विकसित करने के लिए सबसे पहले 'लेन अनुशासन' को समझना अनिवार्य है। हमारे देश में एक आम धारणा है कि सड़क का हर कोना हमारा है, लेकिन एक्सप्रेस-वे इस मानसिकता की अनुमति नहीं देता। यहाँ सबसे बाईं ओर की लेन भारी वाहनों और धीमी गति के लिए होती है, जबकि सबसे दाहिनी लेन केवल 'ओवरटेकिंग' के लिए आरक्षित होती है। अक्सर देखा जाता है कि लोग दाहिनी लेन को ही अपनी स्थायी जगह मान लेते हैं, जिससे पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहनों को रास्ता नहीं मिलता और वे मजबूरन गलत दिशा से ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर मौत को आमंत्रण देने जैसी है। लोगों को यह सिखाना होगा कि ओवरटेक करने के बाद वापस अपनी निर्धारित लेन में आना तकनीकी जरूरत ही नहीं, बल्कि जीवन बचाने की शर्त है। हाल ही में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को लेकर अत्यंत गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि तेज गति से वाहन चलाना केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह दूसरों के जीवन के अधिकार का हनन भी है। सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न फैसलों में जोर दिया है कि सड़कों की डिजाइनिंग में खामियों को दूर करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है नियमों का सख्ती से पालन कराना। न्यायालय ने राज्य सरकारों और सड़क प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि एक्सप्रेस-वे पर 'ब्लैक स्पॉट्स' (जहां बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं) की पहचान की जाए और उन्हें तुरंत सुधारा जाए। कोर्ट का यह रुख स्पष्ट करता है कि अब प्रशासन केवल चालान काटकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकता, उसे सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह होना पड़ेगा। सुरक्षित ड्राइविंग का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'टायर और वाहन की स्थिति' है। एक्सप्रेस-वे पर लंबी दूरी तक तेज गति से वाहन चलाने पर टायरों के भीतर की हवा गर्म होकर फैलती है। यदि टायर पुराने हैं या उनमें हवा का दबाव सही नहीं है, तो उनके फटने की संभावना बढ़ जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं कि एक्सप्रेस-वे पर चलने से पहले टायरों की जांच करना उतना ही जरूरी है जितना पेट्रोल भरवाना। इसके साथ ही 'हाइवे हिप्नोसिस' जैसी स्थिति से भी लोगों को आगाह करना आवश्यक है। लंबी, सीधी और बिना किसी बाधा वाली सड़क पर लगातार गाड़ी चलाते समय ड्राइवर का मस्तिष्क एक प्रकार की अर्ध-निद्रा या शून्यता की स्थिति में चला जाता है। इससे बचने के लिए हर दो-तीन घंटे में छोटा विश्राम लेना और वाहन से बाहर निकलकर शरीर को गति देना अनिवार्य है। शिक्षा और जागरूकता के स्तर पर हमें स्कूलों से ही शुरुआत करनी होगी। सड़क सुरक्षा को केवल एक पाठ्यपुस्तक का अध्याय नहीं, बल्कि जीवन कौशल के रूप में सिखाया जाना चाहिए। जब तक एक चालक यह महसूस नहीं करेगा कि उसके पीछे वाली सीट पर बैठा परिवार या सामने से आ रहा अजनबी भी किसी के घर का चिराग है, तब तक कोई भी तकनीक हादसों को नहीं रोक सकती। तकनीक की बात करें तो 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' (ITMS) का विस्तार करना होगा। हर कुछ किलोमीटर पर स्पीड कैमरे और रडार होने चाहिए जो नियम तोड़ने वालों को तत्काल संदेश भेजें। लेकिन दंड से अधिक महत्वपूर्ण 'बोध' है। लोगों को यह समझाना होगा कि 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार रोमांच तो दे सकती है, लेकिन वह गलती सुधारने का मौका नहीं देती। एक्सप्रेस-वे पर एक और बड़ी समस्या आवारा पशुओं और पैदल चलने वालों की है। यद्यपि एक्सप्रेस-वे को पूरी तरह 'एक्सेस कंट्रोल्ड' बनाया जाता है, लेकिन अक्सर बाड़ या फेंसिंग को काटकर लोग और पशु अंदर आ जाते हैं। यहाँ प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह निरंतर गश्त और मजबूत फेंसिंग सुनिश्चित करे। साथ ही, आस-पास के गांवों के लोगों को यह समझाना होगा कि इन सड़कों पर पैदल चलना या जानवर चराना आत्मघाती कदम है। सड़क सुरक्षा केवल ड्राइवर की नहीं, बल्कि समाज के हर उस व्यक्ति की जिम्मेदारी है जो उस बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। एक्सप्रेस-वे हमारे विकसित होते भारत के गौरव हैं। गंगा एक्सप्रेस- वे और दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस-वे,दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे हो या पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, ये हमारी प्रगति के सूचक हैं। लेकिन इस प्रगति को पूर्ण तभी माना जाएगा जब इन पर चलने वाला हर व्यक्ति सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचे। हमें अपनी ड्राइविंग की आदतों में बदलाव लाना होगा। सीट बेल्ट बांधना, मोबाइल का प्रयोग न करना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना और लेन का पालन करना–ये बहुत छोटी बातें लग सकती हैं, लेकिन ये ही जीवन और मृत्यु के बीच की पतली लकीर हैं। सड़क पर आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है, और आपकी समझदारी में ही पूरे समाज का हित है। आधुनिक भारत की इन तेज रफ्तार सड़कों को सुरक्षित सफर की मिसाल बनाना भी सरकार के साथ प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है।

अशोक मधुप

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस की सराहनीय पहल , डीजे विवाद के कारण वापस लौटी बारात को समझा-बुझाकर पुलिस ने संपन्न कराया विवाह

महराजगंज– एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के कुशल निर्देशन में कोल्हुई पुलिस द्वारा सामाजिक सरोकार और त्वरित कार्यवाही का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। बताते चले कि दिनांक 10.05.2026 को थाना कोल्हुई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम करैता अजगरहां में चैतु प्रसाद की पुत्री कुमारी सुन्दरी की शादी सिकन्दर कुमार (निवासी ग्राम टेढ़ी, थाना पुरन्दरपुर) के साथ सुनिश्चित थी। द्वार पूजा के शुभ अवसर पर डीजे पर डांस करने को लेकर घराती और बाराती पक्षों के बीच मामूली विवाद हो गया , जो देखते ही देखते काफी बढ़ गया। विवाद के कारण दूल्हा पक्ष बिना शादी किए बारात लेकर वापस अपने घर (ग्राम टेढ़ी) लौट गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह की टीम ने पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई। पुलिस बल लगभग 08 किमी दूर स्थित दूल्हे के घर (ग्राम टेढ़ी) पहुँचा। वहां पुलिस ने वर पक्ष और उनके परिजनों से लंबी वार्ता की और उन्हें सामाजिक व विधिक पहलुओं को समझाते हुए शांतिपूर्वक विवाह संपन्न कराने हेतु राजी किया। पुलिस के अथक प्रयासों और संवेदनशीलता के कारण वर पक्ष पुनः वापस आने को तैयार हुआ। पुलिस बल की देखरेख में सभी रस्में सकुशल संपन्न कराई गई और अंततः हर्षोल्लास के साथ वधू की विदाई हुई। पुलिस की इस मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

जंगबहादुर लाल इंटरमीडिएट कालेज में विधायक प्रतिनिधि ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

नवाबगंज (गोंडा) क्षेत्र के रींवा गांव स्थित जंग बहादुर लाल बनवारी लाल इंटर कॉलेज में सोमवार को मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छात्र-छात्राओं को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलर लगाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री क्षेत्र के विकास और शिक्षा संस्थानों में सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार गंभीर हैं। विद्यालय प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने विधायक रमापति शास्त्री एवं विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में वाटर कूलर लगने से छात्र-छात्राओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। प्रधानाचार्य पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के हित में किए गए इस कार्य के लिए सदैव आभारी रहेगा। इस दौरान आनंद श्रीवास्तव, पिंकू सिंह, विनोद कुमार सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, सुशील कुमार, इंद्रजीत मिश्रा, अफजाल अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पक्का घाट पर चार लोग को एक साथ डूबने लगे गोताखोरों ने बड़ी सक्रियता से चारों को बचाया

विंध्याचल। दोपहर करीब 2 बजे पक्का घाट पर जौनपुर से आए परिवार के साथ यात्री गंगा स्नान करते समय गहरे पानी में जाने से एक साथ चार लोग डूबने लगे जिसमें आंचल, रिया, सुमित, यश गहरे पानी में चले गए और चारों लोग डूबने लगे यह देख परिजनों ने शोर गुल मचाने लगे और गंगा घाट बैठे गोताखोर कल्लू, किशुन, लवकुश, नरसिंह छोटे लाल राकेश तथा ओम प्रकाश ने पानी में छलांग लगाकर डूब रहे लोगों को बचा लिया। इस दौरान कल्लू निषाद और दो गोताखोरों की मोबाइल भीग कर खराब हो गया। इन दोनों घटना में जहां दीवान घाट पर एस डी आर एफ के जवानों की ड्यूटी लगाई गई इसके बावजूद भी शोर गुल मचाने पर कोई नहीं पहुंचा जो लापरवाही देखने को मिली हालांकि घाट पर उपस्थित लोगों ने बताया कि डूबने वाले युवकों को नाविकों और एस डी आर एफ के जवानों ने मना किया था तो उन लोगों के बीच तू तू मैं मैं हुआ था।

फरार अपराधी ' पर चलेगा कानून का डंडा या 'वीआईपी प्रोटोकॉल' भारी पड़ेगा

●अमरमणि त्रिपाठी के वीडियो वायरल पर बवाल , स्थानीय नेताओं ने जताया विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर/बस्ती/ महराजगंज । गोरखपुर में पुलिस की मौजूदगी में बीते दिन जमीन मामले में अमरमणि त्रिपाठी का वीडियो वायरल होने के बाद यूपी का सियासी पारा चढ़ गया है। बस्ती की स्थानीय कोर्ट राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड में अमरमणि को फरार घोषित कर संपत्ति कुर्क करने का आदेश दे चुकी है। इसके बावजूद पुलिस के साये में उनका घूमना अब बड़ा सवाल बन गया है - क्या कानून का डंडा चलेगा या 'वीआईपी प्रोटोकॉल' भारी पड़ेगा?

अपराध का कच्चा चिट्ठा ,मर्डर से अपहरण तक के आरोप

1. मधुमिता शुक्ला हत्याकांड 9 मई 2003 को लखनऊ में कवयित्री मधुमिता की गोली मारकर हत्या। मधुमिता गर्भवती थीं और डीएनए में बच्चे के पिता अमरमणि निकले। 2007 में CBI कोर्ट ने अमरमणि और पत्नी मधुमणि को उम्रकैद। 20 साल बाद अगस्त 2023 में 'अच्छे आचरण' पर रिहा हुए।

2. राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड 2001: बस्ती के बिजनेसमैन के 15 साल के बेटे का अपहरण। राहुल लखनऊ स्थित अमरमणि के घर से बरामद हुआ। इसी केस में गैर-जमानती वारंट जारी। कोर्ट में हाजिर न होने पर फरार घोषित, संपत्ति कुर्की का आदेश।

3. गोरखपुर वायरल वीडियो:हुमायूंपुर की विवादित जमीन पर पुलिस बल के साथ अमरमणि दिखे। जनता का सवाल - फरार घोषित अपराधी को पुलिस प्रोटेक्शन कैसे?

4. गाजियाबाद में अमनमणि त्रिपाठी के खिलाफ सारा हत्याकांड मामला ,जिसमें मेडिकल में गला दबाकर हत्या करने के बाद एक्सीडेंट का मामला दिखाया गया

स्थानीय नेताओं का विरोध , पूर्व विधायक कुंवर कौशल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह

वहीं पूर्व विधायक कुंवर कौशल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है , उन्होंने कहा है लड़की छेड़नेवाला धराशाई किया जाएगा । लेकिन लड़की की हत्या कराने वालों में अमरमणि त्रिपाठी को क्षमादान दी गई ? कहा तक न्याय संगत है ! साथ ही अमनमणि त्रिपाठी को लेकर बताया कि उसके खिलाफ गाजियाबाद में सारा हत्याकांड में केवल एक गवाह गुजरना है और पांच साल से फाइल लटका हैं। आखिर आम आदमी के फाइल पर सुनवाई हो रही लेकिन अमन मणि के फाइल पर क्यों नहीं ? योगी जी कहते है भू माफिया पर कार्यवाही हो रही है धाराशाई किए जा रहे हैं, लेकिन साथ में कटका में फॉरेस्ट फोर की , पचपेड़वा में और चिनहट में और नौतनवां कार्यालय पर ओमप्रकाश कमलिया के जमीन पर मंदिर के दक्षिण अमरमणि पर जमीन कब्जा का किया गया , आरोप लगाया । साथ ही अमरमणि जेल में रहते हुए उल्टे ही पीड़ित व्यक्ति जो पटना में रहता है ,उस पीड़ित के खिलाफ फर्जी बलात्कार का मामला दर्ज करा दिया गया। साथ ही एक और मामले भूमि विकास बैंक को खाली कराकर दो मंजिला मकान बना लिया ,जब बस्ती कोर्ट ने मकान सील करने की बात कही तो उलटे ओमप्रकाश कमलिया के मकान को सील करा दिया गया. यह कहते हुए विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा, महराजगंज और गोरखपुर की जनता भयमुक्त माहौल चाहती है। जब कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया तो पुलिस को गिरफ्तारी करनी चाहिए, न कि सुरक्षा देनी चाहिए। कानून सबके लिए बराबर है।

'कानून से ऊपर कोई नहीं '

वायरल वीडियो पर नौतनवा की सियासत भी गरमा गई है। नौतनवा पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा, ट्ठ 'कोर्ट से फरार घोषित व्यक्ति का पुलिस के साथ खुलेआम घूमना गलत संदेश देता है। नौतनवा की जनता कानून का राज चाहती है। हम मांग करते हैं कि कोर्ट के कुर्की आदेश पर तत्काल मल हो। विपक्ष ने भी इसे मुद्दा बना लिया है। विपक्षी नेताओं का तंज - एक तरफ माफिया मिट्टी में मिलाने का दावा, दूसरी तरफ कोर्ट से फरार पुलिस के साथ जमीन मिलाता घूम रहा है। ये कैसा डबल इंजन?

अब आगे क्या ?

बस्ती कोर्ट के कुर्की आदेश पर अमल होगा या नहीं, गोरखपुर पुलिस वीडियो पर क्या कार्रवाई करती है - इस पर सबकी नजर है। कोर्ट से फरार घोषित अमरमणि पर कानून का डंडा चलेगा या 'वीआईपी प्रोटोकॉल' की परंपरा कायम रहेगी, ये आने वाले दिन

अभिलेख समय से उपलब्ध कराकर ऑडिट आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण किया जाय सुनिश्चित-जिलाधिकारी

● ऑडिट आपत्तियों के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला पंचायत एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित लंबित ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित ऑडिट आपत्तियों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायत सचिवों एवं अधिकारियों के स्तर पर ऑडिट कार्य लंबित है, उनसे तत्काल संपर्क स्थापित कर आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जाएं तथा ऑडिट आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय पारदर्शिता एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्व बनाए रखना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।जिलाधिकारी ने कहा कि ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराएं तथा जिन मामलों में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई या समय से अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए, तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री दयानन्द प्रसाद, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर भारत गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई, 3 लाख रुपये जुर्माना प्रस्तावित

● गोंडा में गैस एजेंसी की जांच में स्टॉक मिसमैच और सिलेंडर डायवर्जन उजागर

●उपभोक्ता शिकायत पर प्रशासन सख्त, भारत गैस वितरक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू

●एलपीजी वितरण में अनियमितता पर प्रशासन की कार्रवाई, एजेंसी को कड़ी चेतावनी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद गोंडा स्थित मे0 मंगलम भारत गैस प्रतिष्ठान, आवास विकास कॉलोनी के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच कराई गई, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर दंडात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित आख्या के अनुसार जांच के दौरान प्रतिष्ठान का भौतिक स्टॉक सत्यापन एवं उपभोक्ता सर्वे कराया गया। जांच में प्रतिष्ठान के अभिलेखों एवं वास्तविक स्टॉक में अंतर पाया गया। साथ ही कुछ एलपीजी सिलेंडरों के डायवर्जन से संबंधित तथ्य भी स्थापित हुए।उपभोक्ता सर्वेक्षण में वितरण प्रक्रिया तथा रिकॉर्ड संधारण में भी अनियमितताएं पाई गईं। जांच रिपोर्ट में इन कमियों को मार्केट डिसिप्लिन गाइडलाइंस (MDG) के तहत गंभीर प्रकृति का माना गया है।जिलाधिकारी के निर्देश पर उपलब्ध साक्ष्यों एवं जांच आख्या के आधार पर एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। मार्केट डिसिप्लिन गाइडलाइंस के अनुसार स्टॉक मिसमैच एवं सिलेंडर डायवर्जन के आधार पर लगभग ?3 लाख की आर्थिक दंडात्मक राशि अधिरोपित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसके अतिरिक्त संबंधित वितरक को भविष्य में ऐसी अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न करने के लिए कड़ी चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन द्वारा एजेंसी की संचालन व्यवस्था की सतत निगरानी भी की जा रही है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। देवरिया पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं 'शक्ति दीदी' अभियान के तहत रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाया गया। थाना खामपार की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम सराय में महिलाओं व बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। टीम में उपनिरीक्षक जयसिंह यादव, कांस्टेबल दीपक यादव, महिला कांस्टेबल नेहा मौर्या और कोमल वर्मा शामिल रहीं। वहीं थाना सलेमपुर की मिशन शक्ति टीम ने चकरवा बहोरदास गांव में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए डायल-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, स्वास्थ्य सेवा-102, एंबुलेंस सेवा-108 और साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व धार्मिक स्थानों पर अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सहायता और महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की।

साहित्यिक उत्सवः हरीशरण ओझा की तीन पुस्तकों का लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बरहज (देवरिया)। साहित्यकार हरीशरण ओझा की तीन पुस्तकों देवरहा वंदन, जीवन पथ (आत्मकथा भाग-1) एवं भाव तरंग का लोकार्पण सोमवार को बाबा राघवदास भगवानदास पीजी कॉलेज बरहज के भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश शुक्ल के आवास पर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरहज आश्रम के पीठाधीश्वर अंजनेय दास रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी पुस्तक का लोकार्पण केवल कागजों का विमोचन नहीं, बल्कि लेखक के विचार, सपनों और वर्षों की साधना का सार्वजनिक उत्सव होता है। उन्होंने कहा कि लेखक ने अपनी पुस्तकों में विषयों को सरलता और गहराई से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि किताब लिखना आसान हो सकता है, लेकिन उसे पूरा करना तपस्या के समान है। हरीशरण ओझा ने वर्षों की मेहनत, चिंतन और त्याग के बाद यह कृतियां समाज को समर्पित की हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. ओमप्रकाश शुक्ल ने कहा कि मोबाइल और स्क्रीन के दौर में किताबें लोगों को ठहरकर सोचने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि एक अच्छी पुस्तक व्यक्ति के विचारों का दायरा बढ़ाती है और उसे स्वयं से परिचित कराती है। डॉ. शुक्ल ने कहा कि हरीशरण ओझा की लेखनी में साधारण विषयों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता है और ये पुस्तकें उनके वर्षों के चिंतन व परिश्रम का परिणाम हैं। कार्यक्रम के अंत में लेखक हरीशरण ओझा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पुस्तकें जन-जन तक पहुंचें और लोग इन्हें पढ़कर साहित्यिक यात्रा को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर लेखक ने अतिथियों को अपनी पुस्तकें भेंट कीं। वहीं डॉ. ओमप्रकाश शुक्ल ने अपनी पुस्तक साधना के स्वर लेखक को भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर बदहाल

● जिम्मेदारों की लापरवाही से खेल का मैदान बना तालाब

● 'जल संरक्षण' के दावों की खुली पोल, पशु-पक्षी पानी को रहे तरस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी । विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मवैया रहमतगढ़ में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अमृत सरोवर बदहाली और अव्यवस्था का शिकार हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत वर्ष 2022-23 में तैयार किया गया यह सरोवर आज पूरी तरह सूखा पड़ा है और बच्चों का खेल मैदान बनकर रह गया है। कभी जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बनने वाला यह तालाब अब जिम्मेदारों की लापरवाही की कहानी बयान कर रहा है।ग्रामीणों के अनुसार सरोवर में पानी का नामोनिशान नहीं है। हालत यह है कि बच्चे तालाब के अंदर जाली और कुर्सी लगाकर खेलकूद कर रहे हैं। चारों ओर कंटीली झाड़ियां, गंदगी और अव्यवस्था फैली हुई है, जिससे साफ जाहिर होता है कि लंबे समय से इसकी साफ-सफाई और रखरखाव नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित जिम्मेदारों की निष्क्रियता के चलते लाखों रुपये की सरकारी योजना केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।गांव के लोगों का कहना है कि अमृत सरोवर के रखरखाव और जलभराव के नाम पर आने वाले बजट का सही उपयोग नहीं किया गया। यदि समय रहते देखरेख होती तो यह सरोवर गांव में जल संरक्षण का बड़ा साधन बन सकता था, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता ने इसे बदहाल कर दिया। ग्रामीणों में इसे लेकर भारी आक्रोश है और लोग मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।एक ओर सरकार गांव-गांव अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं मवैया रहमतगढ़ का यह अमृत सरोवर सरकारी दावों की हकीकत उजागर कर रहा है। भीषण गर्मी में जहां तालाबों और जलस्रोतों का महत्व सबसे अधिक होता है, वहीं यहां बना अमृत सरोवर पूरी तरह सूख चुका है। ग्रामीणों ने अमृत सरोवर में पानी भर जाने की मांग की है तथा अमृत सरोवर की साफ सफाई कराई जाने की मांग की है। वहीं खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था, लेकिन शिकायत मिलने के बाद अब इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी साथ ही जल्द ही अमृत सरोवर की साफ-सफाई और जलभराव की व्यवस्था कराने का आश्वासन भी दिया गया है।

मोतीपुर कला गौ संरक्षण केंद्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर लगाई फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। जनपद के विकास खंड हरैया सतघरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोतीपुर कला स्थित गौ संरक्षण केंद्र का सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के संरक्षण, देखभाल एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने गौवंशों के लिए उपलब्ध हरे चारे, भूसा भंडारण, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, शेड की स्थिति एवं चिकित्सीय सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने चारे की गुणवत्ता एवं मात्रा की जानकारी लेते हुए भूसा भंडारण की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौ संरक्षण केंद्र में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि नियमित साफ-सफाई एवं गोबर निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंशों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए डीएम ने गौवंशों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेड के ऊपर पुवाल रखने, आसपास छायादार पौधों का पौधारोपण कराने तथा पर्याप्त पेयजल की सतत व्यवस्था बनाए रखने को कहा। साथ ही गर्मी के मौसम में गौवंशों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सीय सुविधाओं की समीक्षा करते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि पशु चिकित्सकों की नियमित निगरानी बनी रहे ताकि किसी भी बीमारी की स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान डीएम ने सहभागिता योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के तहत दुधारू गौवंशों को चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो सके तथा परिवारों को आर्थिक सहयोग मिल सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गौ संरक्षण केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शासन की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पंचायत सहायक के ऊपर कार्रवाई के बजाय बचाने का प्रयास करते हैं ब्लॉक के अधिकारी।

● पूर्व में भी ब्लॉक के एक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की वसूली का हुआ था शिकायत लेकिन नहीं हुआ पंचायत सहायक के ऊपर करवाइए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हलिया मीरजापुर। हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़वा धनावल मे पंचायत सहायक के द्वारा खुलेआम लोगों से राशन कार्ड ऑनलाइन करने के नाम पर पांच ?5000 लेकर राशन कार्ड ऑनलाइन करने का मामला प्रकाश में आया लेकिन ब्लॉक पर बैठे अधिकारियों के द्वारा मामले को लीपा पोती करके सल्टाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब से इसकी नियुक्ति हुई है तब से कोई भी कार्य बिना पैसे का नहीं करता ऑडियो रिकॉर्डिंग में स्वयं पैसा कबूल किया है कि अधिकारियों को देना पड़ता है इसलिए लेता हूं पैसा फिर भी अधिकारी कान में तेल डाले बैठे हुए हैं नहीं किए पंचायत सहायक के ऊपर कारवाई ग्रामीणों ने भारी आक्रोश जताते हुए बताया कि अगर पंचायत सहायक के ऊपर नहीं हुई कार्रवाई तो मामला जाएगा हाई कोर्ट मांगेंगे ब्लॉक के अधिकारियों से रिपोर्ट

संक्षिप्त खबरें

विद्या निकेतन में छात्र संसद का गठन

गोला गोकर्णनाथ खीरी- स्थानीय विद्यालय विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में दिनांक 09 /05 /2026 को छात्र संसद का गठन करते हुए शपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमे गाँधी उच्चतर मा0 विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सौरभ दीक्षित द्वारा बालक विभाग छात्र संसद के प्रधानमंत्री अंश शुक्ला, उप प्रधानमंत्री उत्कर्ष मिश्रा एवं बालिका विभाग छात्र संसद की प्रधानमंत्री पीहू शुक्ला, उप प्रधानमंत्री स्वास्तिका सिंह तथा सभी कक्षाओं के कक्षा प्रमुख एवं उप कक्षा प्रमुख को शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में श्री सौरभ दीक्षित ने बताया कि छात्र संसद का उदेश्य छात्र/छात्राओं के जीवन में नेतृत्व कौशल एवं श्रेष्ठ निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना है । साथ ही यह विद्यालय की गतिविधियों में छात्र/ छात्राओं में उत्तरदायित्व की भावना का विकास एवं अपने कार्य व्यवहार के द्वारा सभी विद्यार्थियों के साथ विद्यालय को नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में योगदान करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र संसद का गठन वर्षो से एक परंपरा रही है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की भावना को प्रबल बनाना है तथा विद्यालय के अनुशासन, सौहार्द और शिक्षा व्यवस्था को और भी बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयत्न करना है।

बरेली में लोगो और डिजाइन चोरी कर बेचा जा रहा था रिफाइंड, हजारों लीटर मिलावटी रिफाइंड सील

बरेली। थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के नरियावल रोड स्थित एक फैक्ट्री में फॉर्च्यून ब्रांड का लोगो और पैकेजिंग डिजाइन चोरी कर उससे मिलता-जुलता सोयाबीन रिफाइंड आयल तैयार कर बाजार में बेचने के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में मैसर्स बालाजी ट्रेडर्स के संचालक विकास खंडेलवाल के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4) और कापीराइट एक्ट की धारा 63 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एग्री बिजनेस लिमिटेड की ओर से अधिकृत जांच अधिकारी शाहबाज आलम की शिकायत पर की गई। जनपद मुरादाबाद के थाना मंझोला क्षेत्र के आजाद नगर, टीचर कालोनी निवासी शाहबाज आलम ने बिथरी चैनपुर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह आइपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जांच पदाधिकारी हैं और कंपनी के कानूनी मामलों की जांच के लिए अधिकृत हैं। उन्हें 25 अप्रैल को सूचना मिली थी कि फॉर्च्यून सोयाबीन आयल के डिब्बों, रैपर और डिजाइन की नकल कर नकली तेल बाजार में बेचने का कार्य नरियावल क्षेत्र में संचालित मैसर्स बालाजी ट्रेडर्स फर्म कर रही है। उन्होंने चार मई को गोपनीय रूप से मौके पर जांच की, जहां फॉर्च्यून ब्रांड से मिलता-जुलता पैकिंग मैटेरियल और तेल तैयार होता मिला। इसके बाद नौ मई को थाना बिथरी चैनपुर पुलिस को सूचना देकर छापेमारी कराई गई। दोपहर करीब दो बजे पुलिस टीम के साथ फैक्ट्री में पहुंचकर तलाशी ली गई। जब्ती की कार्रवाई शाम 3:45 बजे से 6:50 बजे तक चली। पूरी कार्रवाई दो स्वतंत्र गवाहों त्रिलोकपुरी, दिल्ली निवासी रविंद्र सिंह तथा जिला नदिया, पश्चिम बंगाल निवासी तोतन चक्रवर्ती की मौजूदगी में कराई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। मौके से तेल का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया, वहीं भारी मात्रा में तेल से भरे टिन सील कर दिए गए। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपित कंपनी फॉर्च्यून ब्रांड के नाम, लोगो, पैकेजिंग डिजाइन और कापीराइट सामग्री की नकल कर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही थी। इस प्रकार का कारोबार न केवल कापीराइट कानून का उल्लंघन है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है क्योंकि खाद्य तेल की गुणवत्ता संदिग्ध है। थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर नरियावल रोड, ग्राम नरियावल निवासी विकास खंडेलवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच हो रही है।

बरामद सामग्री को चिह्नित किया नकली

छापेमारी के दौरान मौके से 156 खाली हरे रंग की प्लास्टिक कैन, 2,500 गत्ते के कार्टून, 160 भरे हुए 15 लीटर जार, 50 टिन सोयाबीन आयल, एक लीटर पैकिंग के तीन रोल प्लास्टिक रैपर, टिन सील करने की मशीन और सात हजार लोहे के कैप बरामद किए गए। आरोप है कि सभी पैकिंग सामग्री फॉर्च्यून ब्रांड के डिजाइन और लोगो से मिलती-जुलती थी। पुलिस के अनुसार बरामद सामग्री को मौके पर ही नकली बताते हुए चिह्नित किया गया।

मुंडिया अहमदनगर में गरजा प्रशासन का बुल्डोजर, श्मशान का रास्ता कराया मुक्त

● भाकियू चढूनी की भूख हड़ताल लाई रंग, मजार और अवैध दीवारें ढहाकर खोला चकमार्ग; बीडीए ने अवैध कॉलोनी भी की ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/रिठौरा। थाना इज्जतनगर के गांव मुंडिया अहमदनगर (मजरा खेड़ा) में वर्षों से श्मशान भूमि के रास्ते पर काबिज अतिक्रमण को सोमवार को प्रशासन ने बुल्डोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे मजार और दीवारों की आड़ में बंद किए गए इस रास्ते को खुलवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने लंबा संघर्ष किया था, जिसके आगे आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा।

वर्षों का विवाद, अंत्येष्टि में होती थी हीला-हुज्जत

मुंडिया अहमदनगर में श्मशान भूमि जाने वाले सरकारी चकमार्गों पर एक निजी कॉलेज और कुछ लोगों ने मकान बना लिए थे। हद तो तब हो गई जब हाईवे किनारे रास्ते पर मजार बनाकर उसे पूरी तरह ब्लॉक कर दिया गया। ग्रामीण सालों से निजी खेतों से होकर शव ले जाने को मजबूर थे। हाल ही में एक अंत्येष्टि के दौरान रास्ता रोके जाने पर काफी कहासुनी हुई, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया।

चढूनी गुट के आंदोलन से जागा प्रशासन

इस मुद्दे को लेकर भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी, अर्जुन यादव और राधेश्याम ने आर-पार की लड़ाई शुरू की थी। संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल के बाद सोमवार को प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा। नायब तहसीलदार विदित कुमार, कानूनगो जगदीश गंगवार, लेखपाल योगेंद्र कुमार व अनिल कुमार की मौजूदगी में बुल्डोजर ने कब्रिस्तान की दीवार और मजार के पास किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर श्मशान का रास्ता साफ कर दिया।

सुरक्षा के बीच चला पीला पंजा

कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैरियर टू चौकी प्रभारी मोहित कुमार और एसआई रोहन राणा भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पटेल और कोटेदार मनोहर लाल भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने दबी जुबान से गांव की गुटीय राजनीति को इस अतिक्रमण का जिम्मेदार ठहराया और रास्ता खुलने पर भाकियू चढूनी को धन्यवाद दिया।

बीडीए ने अवैध कॉलोनी पर भी की बड़ी कार्रवाई

प्रशासनिक टीम जब श्मशान का रास्ता खुलवा रही थी, तभी निकट ही विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी भी टीम की नजर में आ गई। बीडीए के जेई अजीत कुमार की देखरेख में बुल्डोजर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध कॉलोनी के निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इस दोहरी कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया।

स्व-जनगणना कैंप से कर्मचारी नदारद

● स्कूल के गेट पर लटका रहा ताला

लापरवाही: 12:30 बजे तक इंतजार कर मायूस लौटे ग्रामीण; एसडीएम ने कहा- 'यह तो रोजाना का काम है'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अजान खीरी- गोला तहसील क्षेत्र के कस्बा अजान में रविवार को 'स्व-जनगणना' अभियान की सरकारी व्यवस्थाओं की उस वक्त पोल खुल गई, जब कैंप के लिए निर्धारित समय के घंटों बाद भी केंद्र पर ताला लटका मिला। प्राथमिक विद्यालय में तहसील स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन दोपहर 12:30 बजे तक किसी के न पहुंचने से सैकड़ों ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्राम प्रधान विपिन यादव के अनुसार, 10 मई को स्व-जनगणना के लिए प्राथमिक विद्यालय अजान में विशेष कैंप का आयोजन किया गया था। शासन की सूचना पर सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बुजुर्ग स्कूल पहुंचने लगे थे। लेकिन उमस भरी गर्मी में घंटों इंतजार के बाद भी न तो स्कूल का ताला खुला और न ही कोई जिम्मेदार कर्मचारी वहां पहुंचा। तकनीकी जानकारी का अभाव और प्रशासन की बेरुखी ग्राम प्रधान ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा: 'हर व्यक्ति के पास स्मार्टफोन नहीं है और न ही हर ग्रामीण 'जनगणना ऐप' चलाने की तकनीकी जानकारी रखता है। इसीलिए तहसील स्तर के कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य थी। उनकी अनुपस्थिति सीधे तौर पर सरकारी कार्य में लापरवाही है। ' हालाँकि, इस दौरान ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव और सहायकों के साथ पंचायत कार्यालय पर उपस्थित रहकर वहां आए कुछ सदस्यों की जनगणना की प्रक्रिया पूरी कराई।

एसडीएम का बयान: प्रधान की जिम्मेदारी पर दागा सवाल

इस पूरे मामले पर जब एसडीएम गोला, प्रतीक्षा त्रिपाठी से बात की गई, तो उन्होंने कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर कार्रवाई के बजाय प्रक्रिया पर ही स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि: स्व-जनगणना कोई एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि रोजाना चलने वाली प्रक्रिया है, जिसे लोग अपनी सुविधा अनुसार कभी भी कर सकते हैं। ग्रामीणों के जुटने पर उन्होंने आशंका जताई कि शायद ग्राम प्रधान ने बिना किसी आधिकारिक सूचना के भीड़ एकत्र की हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्व-जनगणना संपन्न कराने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की भी बनती है।

ग्रामीणों में प्रशासन के इस ढुलमुल रवैये को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि कैंप नहीं लगना था, तो इसकी पूर्व सूचना दी जानी चाहिए थी। ग्राम प्रधान ने जिला प्रशासन से अनुपस्थित कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई करने और गांव में दोबारा कैंप लगाकर वंचित परिवारों की जनगणना सुनिश्चित करने की मांग की है।

रेलवे ट्रैक पार करते समय वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत

तिलहर-शाहजहांपुर। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना अंतर्गत ग्राम बरैंचा निवासी 75 वर्षीय बाबूराम रविवार रात गांव गुलाम खेड़ा स्थित अपनी बहन जयदेवी के घर से वापस लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार तिलहर-निगोही मार्ग पर चीनी मिल के पास जब वह रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे इसी दौरान अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर दरोगा मोहित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। वृद्ध की मौत से परिवार में शोक व्याप्त है। मृतक अपने पीछे पुत्र रामभजन, मनोज तथा पुत्रियां आरती, मीना और रोली को छोड़ गए हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

तहसील की बदहाल व्यवस्थाओं पर अधिवक्ताओं का आक्रोश

● एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तिलहर-शाहजहांपुर। तहसील परिसर में व्याप्त समस्याओं को लेकर बार एसोसिएशन तिलहर ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने तहसील भवन की जर्जर हालत, समन-वारंटों की समय से तामील न होने तथा बैठने की व्यवस्था की कमी जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

बार एसोसिएशन के महासचिव राहुल देव सागर ने एसडीएम जीत सिंह राय को दिए ज्ञापन में कहा कि करीब 12 वर्ष पूर्व बने तहसील भवन का समुचित रखरखाव न होने से उसकी खिड़कियां और दरवाजे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। भवन की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, जिससे अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भवन के शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न थानों द्वारा फौजदारी मामलों में न्यायालय से जारी समन एवं वारंट समय से तामील नहीं कराए जाते, जिसके चलते अभियुक्त बार-बार स्थगन प्राप्त कर लेते हैं।

इससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होने के साथ प्रशासनिक कार्यवाही में भी अनावश्यक देरी हो रही है। अधिवक्ताओं ने समन और वारंट की समयबद्ध तामील सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। इसके अलावा नई तहसील भवन निर्माण के दौरान विस्थापित हुए अधिवक्ताओं के लिए स्थायी बैठने की समुचित व्यवस्था किए जाने की भी मांग की।

दहेज की बलि वेदी पर चढ़ी एक और बेटी; ससुराल वाले हत्या कर हुए फरार

● खून से लथपथ मिला विवाहिता का शव, परिजनों का आरोप- हत्या कर पोस्टमार्टम हाउस में छोड़ा

आक्रोश: गिरफ्तारी न होने तक अंतिम संस्कार से इनकार, प्रधान की भूमिका पर भी उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जनपद के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के अंतर्गत मोजमाबाद गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हैं। मृतका के पिता ने दहेज लोभियों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र की चौकी महेवागंज के ग्राम ज्ञानपुर निवासी श्रवण कुमार मिश्रा ने अपनी छोटी पुत्री प्रिया का विवाह फूलबेहड़ थाना क्षेत्र की चौकी सुंदरवल के ग्राम मोजमाबाद निवासी मयंक शुक्ला पुत्र रामप्रकाश शुक्ला के साथ किया था। परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। सोमवार, दिनांक 11 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे गांव के एक व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि प्रिया की मृत्यु हो गई है। यह खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

पोस्टमार्टम हाउस में मिला खून से लथपथ शव

हैरानी की बात यह है कि मृतका के पिता को उसकी मौत या शव के बारे में ससुराल पक्ष से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। जब पिता खोजबीन करते हुए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मृतका के शरीर और गर्दन पर गंभीर चोटों के निशान थे। शव पूरी तरह से खून से लथपथ था। ससुराल पक्ष का कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था। 'मेरी बेटी को बेरहमी से मारा गया है। हमें बिना बताए शव को पोस्टमार्टम हाउस कैसे भेज दिया गया? पुलिस और ससुराल वालों की मिलीभगत की बू आ रही है। ' श्रवण कुमार मिश्रा (मृतका के पिता)।

प्रधान की भूमिका संदिग्ध, परिजनों में भारी आक्रोश

घटना के बाद से ही मृतका का पति मयंक शुक्ला और ससुर रामप्रकाश शुक्ला समेत पूरा परिवार फरार है। स्थानीय सूत्रों और परिजनों का आरोप है कि मोजमाबाद के ग्राम प्रधान की भूमिका इस पूरे मामले में संदिग्ध है। आरोप है कि प्रधान आरोपियों को बचाने और मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। परिजनों ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि जब तक मौत के कारणों की सही जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन एकत्र हैं, जिनमें गहरा आक्रोश व्याप्त है। फूलबेहड़ पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। तहरीर के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

लोक निर्माण विभाग के खंड-1 में तैनात मेट पर प्रांतीय खंड में ठेकेदारी करने के आरोप

● स्वजनों के नाम पंजीकृत फर्मों को ठेके देकर अप्रत्यक्ष रूप से ठेकेदारी करने के बाबू पर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी- जनपद के लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत प्रांतीय खंड में तैनात बाबू द्वारा अपने भाई की पत्नी के नाम पंजीकृत फॉर्म मेसर्स हिंदुस्तान कांट्रेक्टर एंड सप्लायर्स और लोक निर्माण खंड एक में मेट के पद पर तैनात अपने चाचा की पत्नी के नाम पर पंजीकृत फर्म पर टेंडर लेकर अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं ठेकेदारी करने के साथ अपने परिवारीजनों को अनुचित लाभ पहुंच जाने के गंभीर आरोप बाबू पर लगाए जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता कार्यालय में तैनात बाबू द्वारा अपनी दो चहेती फर्मों को रेवड़ी की तरह टेंडर दिए जाने के आरोप लगाते हुए इन्हीं दोनों फर्मों द्वारा कराए गए गत दो वर्षों में कामों की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने पर काफी अनियमितताएं उजागर होने के भी आरोप लगाए गए हैं। विभागीय जानकार सूत्रों के बताएं मुताबिक नियमानुसार प्रांतीय खंड में तैनात बाबू के घर का या ब्लड रिलेशन का कोई भी व्यक्ति इस खंड में ठेकेदारी नहीं कर सकता है और इसके लिए वाकायदा इसी आशय का लिखित शपथ पत्र भी दिया जाता है कि मेरा कोई भी ब्लड रिलेशन का व्यक्ति यहां ठेकेदारी नहीं करता है तो फिर मेसर्स हिंदुस्तान कांट्रेक्टर एंड सप्लायर जो बाबु के भाई की पत्नी के नाम पंजीकृत है को ठेके किस नियम के आधार पर और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से दिए गए यक्ष प्रश्न बना है ?इस यक्ष प्रश्न का जवाब किसी भी सक्षम अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहा हैं। *केस नंबर-2**लोक निर्माण विभाग खंड एक में मेट के पद पर तैनात चाचा की पत्नी के नाम पंजीकृत फर्म पर भी भारी मात्रा में टेंडर दिए जाने की बात जन चर्चा का विषय बनी है।क्या मेट के पद पर रहते पत्नी के नाम पंजीकृत फर्म पर उसी विभाग में बैक डोर से ठेकेदारी की जा सकती है ?जनता पूछ रहीं है कि आखिर किस नियम से गाइडलाइन को दरकिनार कर टेंडर की पारदर्शिता को तार तार किया गया है और अपने लोगों की फर्मों को टेन्डर देकर अनुचित लाभ दिया गया है?अब देखना यह है कि विभागीय जिम्मेदार उक्त मामले पर क्या रुक अख्तियार करते हैं? मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों को विरुद्ध की जाती है कार्यवाही या फिर यूं ही मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

धौरहरा खीरी- दिनांक 11 मई को धौरहरा विधान सभा के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईसानगर की बैठक खमरिया खुर्द में व ब्लाक कांग्रेस कमेटी धौरहरा की बैठक केशवा पुर में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त उक्त बैठकों में बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की गरिमा मई उपस्थिति रही। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया द्य आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने और कार्यकर्ताओं को और सक्रिय होने पर जोर दिया साथ ही पटेल ने यह भी कहा कि न्याय पंचायत स्तर कमेटी के गठन के उपरांत जल्द ही बूथों को कंप्लीट करना होगा संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कार्य करना होगा। विधानसभा धौरहरा प्रभारी रवि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को अब और सजग रहना होगा हालिया हुए विधानसभा चुनावों में जो परिणाम आए हैं द्य अब चुनाव आयोग , आर एस एस और भाजपा खुलेआम लोकतंत्र का गला घोंट कर परिणाम जनता पर थोपे जा रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार में सभी वर्ग त्रस्त है। महंगाई बेरोज़गारी चरम सीमा में है जनता परिवर्तन के मूड में है द्य हम सभी को जनता के बीच में ही रहना होगा। उक्त बैठकों को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से विकेंद्र भल्ला, बाबूराम दीक्षित, जमाल अहमद, सलीम अहमद, कोमल सिंह जयप्रकाश लोधी , रमन जीत सिंह। उक्त बैठकों में प्रमुख रूप से उपस्थित रमाकांत तिवारी हरगोविंद वर्मा लतीफ आजम सत्रोहन लाल रामनरेश, रामचंद्र रामेश्वर गिरी केशव राम, चंद्र भाल भार्गव बालक राम जयसवाल मिश्रीलाल यादव राजपाल यादव आदि।

बाल विकास पुष्टाहार वितरण में धांधली का मामला उजागर

लखीमपुर खीरी- विकास खण्ड नकहा क्षेत्र में बाल विकास परियोजना के अंतर्गत पुष्टाहार वितरण में आंगनवाड़ी के द्वारा धांधली किए जाने का मामला उजागर हुआ है।सूत्र बताते हैं कि सीडीपीओ की घोर लापरवाही से नकहा क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मनमाने तरीके से पुष्टाहार का वितरण करती हैं। आरोप है कि ब्लाक नकहा क्षेत्र के बड़ागांव व कोठिया में आंगनबाड़ी केंद्रों पर भोजन सिर्फ कागजों पर बनता है। भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाल विकास पुष्टाहार को बढ़ावा देते हैं। लेकिन नकहा सीडीपीओ अपने क्षेत्र में जमकर लूट कर रही हैं।बताया जाता है कि नकहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतरासी गुलरीपुरवा हैं, जिसमें जो आए दिन रहता है बंद सिर्फ और सिर्फ खुलता है कागजों पर मासूम बच्चों का हक छीना जा रहा है, लेकिन ब्लाक के उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिसका बहुत जल्द ग्राम पंचायतों का नाम सहित खुलासा किया जाएगा और जिले के उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

मैलानी वन रेंज में भ्रस्टाचार की सी. एम. पोर्टल पर शिकायत

● मैलानी रेंज की जटपुरा बीट के कंपार्टमेंट 8 और 9 तथा सलेमपुर बीच के कंपार्टमेंट 10 व 11 की कुम्बिंग कराए जाने की मांग

कहीं वाटर होल है तो बोरिंग नहीं है कहीं वाटर होल और बोरिंग दोनों नहीं है जहां पर वाटर होल पर बोरिंग बनी है तो इंजन का अता पता नहीं -आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मैलानी खीरी- जनपद खीरी की वन रेंज मैलानी में सरकारी धन का निजी हित में दुरुपयोग कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि यह सारा खेल रेंजर और वन दरोगा राजा राम तिवारी की बीट जटपुरा और सलेमपुर बीट तथा फॉरेस्ट गॉर्ड की मिलीभगत से होने की बात सामने आयी है। मिली जानकारी के अनुसार जटपुरा बीट के अंतर्गत बोरिंग करने के लिए शासन द्वारा दिए गए बजट को कागजों पर वाटर होल और उसे पर बोरिंग कार्य दिखाकर आपस में बंदरबांट कर लिया गया जबकि हकीकत की जमीन पर कहीं भी बोरिंग नहीं कराई गई। विभागीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मैलानी रेंज की जटपुरा बीट के कंपार्टमेंट नंबर 8 और 9 तथा सलेमपुर बीट के अंतर्गत कंपार्टमेंट 10 व 11 कि यदि कुंभबिग करा ली जाए तो वाटर होल और उन पर कराई गई बोरीगो की सच्चाई तो सामने आ ही जाएगी साथ ही साथ उक्त कंपार्टमेंटों में कराए गए लकड़ी के अवैध कटान का भी पर्दाफाश हो जाएगा। जटपुरा बीट और सलेमपुर बीट के उपरोक्त कंपार्टमेंटों में लगी हजारों जड़ें चीख चीखकर वन दरोगा और फॉरेस्ट गार्ड की भ्रष्टाचार की दास्तान स्वयं ही बयां करते नजर आएगी।

बताया जाता है सलेमपुर बीट में एक भी वाटर होल नहीं बना है वही कंपार्टमेंट नंबर 07 में एक वाटर होल बना है पर उसपर बोरिंग नहीं है वही कंपार्टमेंट 10 में बोरिंग नहीं है कंपार्टमेंट 9 में एक वाटर होल और बोरिंग है। तथा कंपार्टमेंट आठ में बोरिंग और वाटर होल दोनों नहीं है **वर्जन-** वन रेंज मैलानी रेंजर साजिद खान ने चार बोरिंग और चार वाटर होल होने की पुष्टि की है जबकि हकीकत की धरातल पर सिर्फ एक बोरिंग ही है। **क्या कहती हैं प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिणी-** ने बताया मामले की शिकायत मिली है जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी,जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फिरोजाबाद में पुलिस मुठभेड़: दो वाहन चोर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

फिरोजाबाद। रसूलपुर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को रविवार रात 11 बजे मौढ़ा के पास झाड़ियों से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। जबकि एक बदमाश को दौड़ाकर पकड़ा गया है। सीओ प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की वाहन चोरी करने वाले दो बदमाश मौढ़ा के पास झाड़ियों में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में छिपे हुए हैं। इस सूचना पर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेरेबंदी की। बदमाशों ने पुलिस टीम को देखते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश आसिफ निवासी रसूलपुर के पैर में गोली लगी और गिर पड़ा। अंधेरे में भाग रहे उसके एक साथी योगेंद्र निवासी इटावा को दौड़ाकर पकड़ा गया है। आरोपितों के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपित बाइक चोरी की दो घटना रसूलपुर में और एक घटना रामगढ़ में की है।

अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल, ऑपरेशन-डिलीवरी के नाम मरीजों की जान से खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी- जनपद में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सैकड़ों फर्जी अस्पताल संचालित होते देखे जा सकते है।और महकमे के जिम्मेदार आंख कान बंद किए बैठा है

क्या है मामला- लखीमपुर शहर के राजापुर इलाके में स्थित *सियाराम हॉस्पिटल* पर अवैध रूप से संचालन के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में नियमों को ताक पर रखकर ऑपरेशन, नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।जबकि हकीकत के धरातल पर यह हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा है।आरोप है कि सियाराम हॉस्पिटल के पास क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत जरूरी रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस तक नहीं है।अवैध रूप से ओटी चला रहे है ओटी मे गन्दगी का साम्राज्य व्याप्त है स्थानीय लोगों का दावा है कि अस्पताल में ऑपरेशन और डिलीवरी जैसे संवेदनशील केस अनट्रेंड स्टाफ से कराए जा रहे हैं। 24 घंटे इमरजेंसी का बोर्ड, हकीकत मेंअस्पताल के बाहर '24 घंटे इमरजेंसी एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध' का बड़ा बोर्ड लगा है, लेकिन मरीजों के परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर यहां जान जोखिम में डाली जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल- क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जिले में पहले भी अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई हो चुकी है, फिर भी सियाराम हॉस्पिटल कैसे खुलेआम चल रहा है आखिर किसकी शह पर नियमों को ताक पर रखकर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है?

संक्षिप्त खबरें

राहगीर बने मददगार, समय रहते बची दो युवकों की जान

चौरी/भदोही। ग्राम सभा मानिकपुर के समीप निर्माणाधीन पुलिया के पास छोड़े गए गड्ढे से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देर रात का बताया जा रहा है। अंधेरा होने के कारण दोनों युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े तड़पते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक रामपुर क्षेत्र से लौट रहे थे। इसी दौरान भदोही की तरफ से बारात से लौट रहे चौरी क्षेत्र के चार युवकों की नजर घायलों पर पड़ी। युवकों ने मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए भदोही अस्पताल भेजा गया। हादसे के समय दोनों युवक अपनी पहचान बताने की स्थिति में नहीं थे। बताया जाता है कि स्थानीय माधो रामपुर ग्राम सभा के बीडीसी जयप्रकाश अपने साथियों के साथ बारात से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि मानिकपुर के पास सड़क पर दो युवक गंभीर हालत में पड़े मिले, जिसके बाद तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचवाया गया। घायल दोनों युवक सरबतखानी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

चौरी बाजार चौराहे पर भीषण सड़क हादसा, आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें; 5 लोग गंभीर घायल

भदोही। वाराणसी-भदोही मार्ग पर सोमवार को चौरी बाजार चौराहे के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी चपेट में एक तीसरी टीवीएस मोपेड भी आ गई, जिस पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार में थीं। आमने-सामने भिड़ंत के बाद सड़क पर सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में कटवातियां निवासी कुंदन चौहान (28), सत्यम पाल (18) और नितिन पाल (19) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आहोपुर निवासी गामा प्रसाद पाल (60) तथा उनकी पत्नी उर्मिला पाल (55), जो टीवीएस मोपेड से जा रहे थे, भी हादसे की चपेट में आकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायलों को तत्काल उपचार के लिए क्षेत्रीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए वाराणसी-भदोही मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बढ़ती तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्ण वाहन संचालन पर चिंता जताते हुए प्रशासन से चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

अनियंत्रित आटो ठेले में टक्कर मारते हुए पलटा,आधा दर्जन घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के घूरीपुर मे गोपीगंज-ज्ञानपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर एक अनियंत्रित आटो फुल्की के ठेला-खोमचे में टक्कर मारते हुए पलट गया। हादसे में चालक समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि ठेले पर रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे एक आटो घूरीपुर गांव से मुख्य सड़क की ओर जा रहा था। औटो पर घूरीपुर निवासी कलक्टर पाठक (65) तथा थानीपुर निवासी चंदन बिंद (45) सवार थे। गांव से सड़क पर पहुंचते ही आटो अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे फुल्की के ठेले में जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गया। हादसे में आटो सवार कलक्टर पाठक और चंदन बिंद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ठेला स्वामी प्रवीण गुप्ता (18) पुत्र साहबलाल निवासी घूरीपुर तथा खोमचे के पास खड़ी वृद्धा फूल कुमारी (70) पत्नी रामलाल गुप्ता भी घायल हो गई।आटो चालक थानीपुर निवासी श्रवण कुमार को भी मामूली चोटें आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि ठेला करीब 200 मीटर दूर तक घिसटता चला गया और उस पर रखा पूरा सामान बिखरकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने आटो और चालक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। लोगो मे चर्चा रहा चालक शराब के नशे में धुत्त था।

उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चयनित अभ्यर्थियों को डीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जनपद के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रधानाचार्या एवं पीजीटी विभिन्न विषयों के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को सोमवार को जिलाधिकारी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने चयनित 21 अभ्यर्थियों में से उपस्थित 09 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ होता है। विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थापना दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। जिलाधिकारी ने नवचयनित शिक्षकों से पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि वे छात्राओं के सर्वांगीण विकास, नैतिक शिक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करना शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया। नवचयनित शिक्षकों ने भी अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया एवं विद्यालयों की कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसपी अभिनव त्यागी ने किया सीआईएससीई जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

● सेंट फ्रांसिस रामनगर ने पहले मैच में दर्ज की जीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपीगंज। जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट थॉमस स्कूल के खेल मैदान पर रविवार को सीआई एस सी ई जोनल लेवल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही ने फीता काटकर तथा वॉलीबॉल को हवा में उछालकर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह के बाद प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सेंट थॉमस बीएलडब्लू और सेंट फ्रांसिस रामनगर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें बेहतरीन तालमेल और शानदार प्रदर्शन के दम पर सेंट फ्रांसिस रामनगर ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के कोच, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

विंध्याचल घाट पर गंगा स्नान के दौरान हादसा: दो युवक डूबे, एक महिला समेत तीन बच्चों को बचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विंध्याचल। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं में गंगा स्नान के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। दीवान घाट पर दो युवक डूब गए, जबकि पक्का घाट पर एक महिला समेत तीन बच्चों को गोताखोरों ने तत्परता से बचाया। दोनों घटनाओं में बैरिकेडिंग तोड़कर गहरे पानी में जाने और लापरवाही के आरोप लगे हैं।

लापरवाही के आरोप, स्ष्ठक्रस्र की ड्यूटी के बावजूद देरी

स्थानीय लोगों ने बताया कि दीवान घाट पर स्ष्ठक्रस्र के जवान तैनात थे, फिर भी शोर-शराबा होने के बावजूद तुरंत मदद नहीं पहुंची। डूबने वाले युवकों को नाविकों और स्ष्ठक्रस्र जवानों ने पहले ही गहरे पानी में जाने से मना किया था, लेकिन उन्होंने नहीं माना और झगड़ा भी हुआ। इस घटना में प्रशासनिक लापरवाही और बैरिकेडिंग की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं। नगर क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे थे। दोनों डूबे युवकों की तलाश जारी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि गंगा स्नान के दौरान बैरिकेडिंग का सम्मान करें और गहरे पानी से दूर रहें।

ज्ञानपुर न्यायालय ने प्रत्येक पर लगाया 32,500 रुपये अर्थदंड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



भदोही। ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के शुकुलपुर हरिहरपुर गांव में वर्ष 2023 में हुई मारपीट और युवक की मौत के मामले में न्यायालय ने नौ दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 32,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला 9 मई 2023 का है, जब पुरानी रंजिश को लेकर वेद प्रकाश शुक्ला और त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला पर लाठी-डंडों से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत हो गई थी। मामले में थाना ज्ञानपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत प्रभावी पैरवी एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश/पॉक्सो प्रथम लोकेश कुमार मिश्र की अदालत ने सुरेश शुक्ला, शैलेन्द्र उर्फ सत्यम शुक्ला, धर्मेन्द्र उर्फ सुन्दरम शुक्ला, सर्वेश शुक्ला, विकास उर्फ राहुल शुक्ला, आकाश शुक्ला, विन्ध्यवासिनी शुक्ला, जलनी शुक्ला तथा संतोष शुक्ला को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त कठोर कारावास भी भुगतना होगा। मामले में विशेष लोक अभियोजक श्याम सूरत पांडेय, स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी रही।

संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के बैनर तले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मिर्जापुर। संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के बैनर तले जनपद के मानदेय संस्कृत शिक्षकों ने सोमवार को श्रीमती माधुरी तिवारी, प्रभारी प्रधानाचार्य श्री जोखन राम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा बगहा के नेतृत्व में जिलाधिकारी मिर्जापुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के सीधे नियमितीकरण (समायोजन) की मांग उठाई। शिक्षकों ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न संस्कृत विद्यालयों में लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षक आज भी अल्प मानदेय पर कार्य करने को विवश हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। ज्ञापन में बताया गया कि सभी मानदेय शिक्षकों की नियुक्ति निर्धारित चयन प्रक्रिया, साक्षात्कार एवं योग्यता के आधार पर की गई थी तथा वे वर्षों से संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षकों ने 'समान कार्य के बदले समान वेतन' के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि वे नियमित शिक्षकों की तरह पठन-पाठन, परीक्षा कार्य, विद्यालय संचालन एवं अन्य शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बहुत कम मानदेय दिया जाता है। शिक्षकों ने मांग की कि लंबे समय से सेवा दे रहे मानदेय शिक्षकों के अनुभव एवं कार्यकाल को आधार बनाकर रिक्त पदों पर सीधे समायोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि नई भर्ती प्रक्रिया में पुनः परीक्षा या साक्षात्कार कराया जाता है तो यह वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के साथ अन्याय होगा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शासन से संस्कृत शिक्षा को मजबूत बनाने तथा शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की गई। इस दौरान श्रीमती माधुरी तिवारी, श्रीमती आराधना सिंह, श्रीमती अनुराधा कसेरा, बलभद्र शुक्ला, शंभूनाथ त्रिपाठी, मुन्नू कुमार पांडेय सहित अन्य मानदेय शिक्षक उपस्थित रहे।

सुसाइड पाइंट बना चुनार पक्का पुल, फिर एक युवक ने गंगा में छलांग लगा कर दी जान।

● चुनार पक्का पुल के दोनों तरफ जाली लग जाती तो बच जाती कईयों की जान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पक्का पुल सुसाइड पाइंट बनता जा रहा है। सोमवार को जीता जागता उदाहरण एक बार फिर देखनें को मिला उक्त पुल से फिर एक बार एक युवक ने छलांग लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के मिसिरपुरा गांव निवासी कृष्णा सिंह उम्र 20वर्ष पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने घर पर आपसी विवाद से तंग आकर घर से निकाल कर चुनार पक्का पुल पर जाकर गंगा में छलांग लगा दी।पुल से गुजरने वाले राहगीर कुछ समझते उससे पहले युवक गंगा में समा चुका था। राहगीर ने इसकी सूचना चुनार थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोर की मदद से युवक की तलाश करनी शुरू कर दी तथा कुछ निशानदेही के आधार पर युवक के परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के साथ साथ गांव के लोग भी काफी संख्या में घटना स्थल पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोर के माध्यम से युवक की शव बरामद न होने पर सूचना पर एस डी आर एफ की टीम भी मौके पर पहुंच कर तलाश में लगी रही। समाचार लिखे जाने तक युवक का शव नहीं बरामद हुआ था।वही स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उक्त पुल के दोनों तरफ जाली लग जाती तो कितनों की जान बच गई होती। ज्ञात हो कि हाल ही में चुनार विधायक अनुराग सिंह के द्वारा चुनार पक्का पुल के दोनों तरफ जाली लगवाने के लिए शासन से करीब 90लाख रुपए की स्वीकृति करा दी गई है, किन्तु लोक निर्माण विभाग के उदासीनता से अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने जन सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन से तत्काल जाली निर्माण का कार्य शुरू कराने की मांग की है।

डॉ.एस.पी.पटेल ने विद्यालय में प्रदान किया युवा प्रतिभा सम्मान,ग्रीन गुरु जी ने उन्हें भेंट किया पौध,मौजूद रहे प्रबन्धक,समर जीत सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मीरजापुर। राजगढ़,मीरजापुर में स्थिति शान्ति निकेतन इंटर कॉलेज पचोखरा मीरजापुर में युवा गौरव प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 के का आयोजन किया गया। जिसमे शैक्षणिक सत्र 2025-26 की परीक्षा में हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की 2026 परीक्षा में कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए उन सभी को प्रतीक चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्र,छात्राओं को कार्यक्रम के संयोजक व मुख्य अतिथि,डॉ. एस. पी. पटेल,राष्ट्रीय सचिव,चिकित्सा मंच ,अपना दल (एस),अध्यक्ष, उ . प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक,लालगंज,मीरजापुर द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में हाईस्कूल परीक्षा 2026 में अनिकेत पाल पुत्र उमाशंकर,डढ़िया, भावां ने 600 में 512 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया,सचिन विश्वकर्मा ने द्वितीय व सत्यम कुमार गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 यानि इंटरमीडिएट परीक्षा में राम अनुज ने 500 में 400 अंक प्राप्त कर प्रथम,आंचल कुमारी ने द्वितीय व अंश पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र,छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें 60 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वालों को गोल्ड मेडल,45 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल व उसके नीचे उत्तीर्ण को ब्रोंज मेडल प्रदान किया गया,हाईस्कूल में 128 व इंटरमीडिएट 72 छात्र,छात्राएं सफल हुई थी। सभी शिक्षकों वी कर्मचारियों मो मुख्य अतिथि ने माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबन्धक ,समर जीत सिंह,प्रधानाचार्य,अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी तथा सम्मानित अभिभावक गण के साथ विद्यालय के शिक्षक गण,कर्मचारी व छात्र,छात्राएं व पप्पू पटेल,धनंजय पटेल,संजीव कुमार प्रजापति,शिवम मौर्य तथा नीरज तिवारी सभागार मौजूद रहे। ग्रीन गुरु जी ने मुख्य अतिथि को एक फाइकस का पौध सप्रेम भेंट किया।

दीवान घाट पर स्नान करते समय दो युवक डूबे

● वहीं पक्का घाट पर स्नान करते समय एक महिला सहित तीन बच्चों को गोताखोरों ने डूबने से बचाया

घटनास्थल पर नगर क्षेत्राधिकारी सहित थाना प्रभारी व धाम चौकी प्रभारी पहुंचे मौके पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विंध्याचल। सोमवार को दोपहर 2 बजे दीवान घाट पर आजमगढ़ से मां विंध्यवासिनी देवी जी का दर्शन पूजन करने के लिए अपने निजी साधन से आए एक परिवार के 14 लोग अपने वाहन को स्टैंड में खड़ी कर गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे जहां सूरज पुत्र संजय 27 वर्ष दीवान घाट पर स्नान करने लगा स्नान करते समय वह बैरिकेडिंग के बाहर भी तैरने लगा जब नाविकों ने मना किया तो नाविकों से भी उलझ गए और मनमानी स्नान करते समय बैरिकेडिंग पार कर गए और देखते ही देखते सूरज डूबने लगा इसी दौरान अभिषेक पुत्र जय प्रकाश 25 वर्ष जो सूरज का चचेरा भाई था बचाने के लिए बैरिकेडिंग पार करके बचाने के लिए पास पहुंचा वहां पानी अधिक था जिसके वजह से वह भी साथ में डूबने लगा परिजनों के हो हल्ला मचाने में वहां पर यात्रियों की भीड़ लग गई। थाना प्रभारी अविनाश प्रकाश राय तथा धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र सूचना मिलते ही मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर एसडीआरएफ तथा गोताखोरों को बुलवा कर डूबे युवकों की तलाश की जा रही थी। खबर लिखे जाने तक डूबे हुए युवकों का कोई पता नहीं चल सका था। इस घटना से पूरे घाट पर मातम का माहौल फैला था तो वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

गड़बडा शीतला धाम में मंदिर प्रबंधक के सह पर मंदिर के अंदर अराजक तत्वों का बोलबाला

● मंदिर परिसर में जगह-जगह पर वसूली हेतु बिना प्राण प्रतिष्ठा के जगह-जगह पर रखवाई गई अन्य देवताओं की मूर्ति।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हलिया मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बडा शीतल धाम मे मंदिर प्रबंधक के सह पर अराजक तत्वों का बोलबाला जगह-जगह वसूली करने के लिए बिना प्राण प्रतिष्ठा का अन्य देवताओं की रखा गया मूर्ति गड़बडा़ शीतला धाम बना लुटेरों का गढ़ हर सोमवार को दूर दरार से दर्शनार्थी दर्शन करने आते हैं उनके साथ किया जाता है छीना झपटी लुटेरों का कौन है जिम्मेदार सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है लेकिन घटना होने के बाद सीसीटीवी कैमरे में नहीं कैद होती है। मौके की घटना हलिया प्रशासन से मंदिर प्रबंधक का है अच्छा साठ गाठ प्रशासन को मिलाकर दर्शनार्थियों को तुरंत हटाकर मामला शांत करा दिया जाता है हर वर्ष लगने वाले मेले में लगातार लुटेरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया जाता है कभी भी नहीं पकड़े जाते हैं अपराधी मंदिर पर लगे अराजक तत्वों के द्वारा कई प्रकार का किया जाता है अराजकता नहीं होता कभी अराजक तत्व के उपर कार्रवाई ग्रामीणों ने भारी आक्रोश जताते हुए बताया कि जब प्रशासन ठोस कदम उठाएगी तभी अराजक तत्वों में हड़कंप मचेगा तब जाकर छोड़ेंगे मंदिर दलाली का गढ़ बना गड़बड़ा धाम मंदिर।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय से जनपद को विकास के पथ पर ले जाने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक औराई दीनानाथ भास्कर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विधायक दीनानाथ भास्कर ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय से जनपद को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, सिंचाई और किसानों को खाद वितरण से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्युत बिल और चेकिंग के नाम पर किसी को अनावश्यक परेशान न किया जाए। विधायक ने खराब सड़कों की जांच कर जिम्मेदार विभागों के खिलाफ कार्रवाई करने, इंटरलॉकिंग सड़कों की मरम्मत, ब्रेकर हटाने तथा मोड़ों पर सांकेतिक चिन्ह लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीपर गांव में आग से मृत व्यक्ति के परिजनों को अनुदान दिलाने और बहरइची कंपोजिट विद्यालय के पास जमीन सीमांकन के लिए टीम गठित करने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सिंचाई, पशुपालन, पेंशन, उज्ज्वला योजना, स्वरोजगार, छात्रवृत्ति, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल कल्याण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। विधायक ने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और जनसमस्याओं के समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, सिंचाई और स्वास्थ्य जैसे विभाग सीधे आमजन से जुड़े हैं, इसलिए इनमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

स्व गणना अभियान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश

न्याय मूर्तियों ने स्व-गणना की और सभी को स्व-गणन के लिए प्रेरित किया

दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज। स्व गणना अभियान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा, न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति एम.सी. त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन द्वारा स्व-गणना की गई एवं इसी दौरान सभी को स्व-गणना करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, जिलाधिकारी / प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रयागराज, नगर आयुक्त/ अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रयागराज, अपर नगर आयुक्त/ नगर जनगणना अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (एफ/ आर)/ जिला जनगणना अधिकारी प्रयागराज की उपस्थिति रही एवं आभार व्यक्त किया गया। साथ ही सभी प्रदेशवासियों से अपील की गई कि वे स्व-गणना पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर स्व-गणना कर सकते हैं तथा स्व-गणना उपरांत प्राप्त SEID को सुरक्षित रखें एवं प्रगणक के घर आने पर उनसे साझा करें।

मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन

नैनी, प्रयागराज। नैनी स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के सभागार भवन में मदर्स डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए स्वयं तैयार किए गए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड उन्हें समर्पित किए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबन्धिका ने माँ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है और उनका स्नेह, त्याग एवं संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साईमा मसीह ने अपने संबोधन में कहा कि माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है, जो उसे जीवन के प्रारम्भिक संस्कार प्रदान करती है तथा सही मार्गदर्शन देकर उसके भविष्य को संवारती है।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने माँ के सम्मान में भाव-विभोर कर देने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य एवं कविताओं के माध्यम से बच्चों ने मातृत्व की महिमा का सुंदर चित्रण किया, जिससे उपस्थित सभी अभिभावक भावुक हो उठे।

आर्मी बेस वर्कशॉप की परीक्षा में फर्जीवाड़ा, 13 आरोपी गिरफ्तार

नैनी, प्रयागराज। सोमवार को नैनी पुलिस ने 508 आर्मी बेस वर्कशॉप, छिवकी में आयोजित ट्रेड्समैन मेट परीक्षा में फर्जीवाड़ा और ब्लूटूथ उपकरणों के जरिए नकल कराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरबड, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 508 आर्मी बेस वर्कशॉप नैनी के ग्रुप कैप्टन एवं महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) कौशिक पोद्दार की तहरीर पर कार्रवाई की गई। 10 मई को आयोजित ट्रेड्समैन मेट परीक्षा के दौरान निरीक्षण टीम ने दीपक पुत्र सुभाष निवासी जिंद, हरियाणा को दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ लिया। उसके कब्जे से आधार कार्ड, फोटो, शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बरामद किए गए। इस संबंध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 243/ 2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 की धाराएं 2/ 8/ 10/ 13(5) भी बढ़ाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने परीक्षा केंद्र में ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए नकल कराने वाले गिरोह का भी पर्दाफाश किया। पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 ब्लूटूथ ट्रांसमीटर, 10 ईयरबड, 7 सिम कार्ड, पावर बैंक, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, मोबाइल फोन, बैग और एक मारुति अर्टिगा कार बरामद की। इस मामले में थाना नैनी में मु0अ0सं0 244/ 2026 धारा 112(2)/ 318(4)/ 318(2) बीएनएस तथा सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

'तारीख पे तारीख' के लिए सिर्फ जज ही ज़िम्मेदार नहीं

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जजों को खुलेआम धमकियां मिल रही हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ज्यूडिशियल ऑफिसर फ्रस्ट्रेट हैं क्योंकि वे स्टाफ की कमी, पुलिस के असहयोग, गलत जांच और गलत फोरेंसिक रिपोर्ट की वजह से अपनी ड्यूटी नहीं कर पा रहे हैं [मेवालाल प्रजापति बनाम क्क राज्य]।7 मई को पास किए गए एक ऑर्डर में, जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि एक्टर सनी देओल का मशहूर डायलॉग 'तारीख पे तारीख' जस्टिस सिस्टम में देरी की वजह से पॉपुलर हो सकता है, लेकिन इस स्थिति के लिए सिर्फ जज ही ज़िम्मेदार नहीं हैं। कोर्ट ने कहा, 'साल 1993 में रिलीज़ हुई फिल्म 'दामिनी' का एक फिल्मी डायलॉग है कि 'तारीख पे तारीख, तारीख पे तारीख मिलती रही है..... लेकिन इंसाफ नहीं मिला माय लॉर्ड, इंसाफ नहीं मिला! मिली है तो सिर्फ तारीख '। यह डायलॉग बहुत पॉपुलर हुआ क्योंकि यह एक आम आदमी की सोच थी, लेकिन इसका कारण, बेशक, सिर्फ ज्यूडिशियल ऑफिसर नहीं है, बल्कि स्टेट और उसकी पुलिस है, क्योंकि एक ज्यूडिशियल ऑफिसर बिना काफ़ी स्टाफ और पुलिस के कोऑपरेशन के केस का फैसला नहीं कर सकता ताकि आरोपी, गवाह और एक सही FSL रिपोर्ट वगैरह मौजूद रहें। ' कोर्ट ने यह भी बताया कि P में जजों को खुलेआम धमकियां मिलती हैं और राज्य को उन्हें पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) देने पर विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा 'कई मौकों पर, अपराधियों ने अपनी सज़ा के दौरान कोर्ट में भी ज्यूडिशियल ऑफिसर को खुली धमकियां दीं। कभी-कभी, जब ज्यूडिशियल ऑफिसर कोर्ट के बाहर बाज़ार या पब्लिक जगह पर जाते हैं, तो उन्हें अपराधियों द्वारा छिपी हुई धमकी या किसी और तरह से इनडायरेक्टली डराया जाता है, लेकिन पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) की गैरमौजूदगी में ज्यूडिशियल ऑफिसर झगड़े से बचने और मीडिया में हाईलाइट होने से बचने के लिए इसे इग्नोर कर देते थे।

इससे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जजों के ज्यूडिशियल काम पर भी असर पड़ता है, खासकर हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ सज़ा के ऑर्डर जारी करने पर। 'जज ने कहा कि P में, PSO सिर्फ सीनियर जजों जैसे डिस्ट्रिक्ट जज, फर्स्ट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज और चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को दिए जाते हैं। यह पंजाब और हरियाणा से अलग है, जहां सभी ज्यूडिशियल ऑफिसर को PSO दिए जाते हैं।

प्रापर्टी के विवाद में आग लगाकर सगी बहनों को जिंदा जलाने की कोशिश, सगे भाई ने की घृणित हरकत

प्रयागराज। शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय मुहल्ले में सगी बहनों से मारपीट करने और जिंदा जलाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर धूमनगंज पुलिस ने माता-पिता, भाई, बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय मुहल्ले में रहने वाली एक लड़की का कहना है कि वह अपनी बहन के साथ पिता के घर पर रहती है। आरोप है कि दोनों बहनों को प्रापर्टी में हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। मांगने पर पिता, मां, भाई और दूसरी बहन मारपीट करती हैं। परिवार वाले उन्हें खाना-पानी भी नहीं देते हैं। समझौते का पालन नहीं करते हैं। यह भी आरोप है कि कुछ दिन पहले जब वह अपनी बहन के साथ एक कमरे में मौजूद थी, तभी भाई ने बाहर से दरवाजा बंद करके आग लगा दी। खुद भी मकान से बाहर चला गया। धुआं उठने पर वह परेशान हो गई और पुलिस को फोन किया। पुलिस के आने पर उन्हें किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों बहनों का आरोप है कि इस घटना के पहले भी उनके साथ मारपीट करते हुए गृहस्थी का सामान तोड़ा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। इससे परेशान युवती ने धूमनगंज थाने में अपने पिता, मां, भाई और बहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

NEET UG 2026: SOG जांच में बड़ा खुलासा, परीक्षा से पहले वायरल 'गेस पेपर' के 100 से ज्यादा सवाल हुए मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। NEET UG 2026 परीक्षा को लेकर राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (SOG) की जांच कई बड़े खुलासे हुए हैं। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' की रिपोर्ट के मुताबिक, परीक्षा से पहले सर्कुलेट किए गए 400 से ज्यादा सवालों वाले एक सेट में 100 से अधिक बायोलॉजी और केमिस्ट्री के सवाल असली NEET पेपर से मिलते-जुलते पाए गए हैं। इस इनपुट के बाद राजस्थान स्ह्न ने कथित अनियमितताओं की जांच तेज कर दी है। राजस्थान और उत्तराखंड से मिले इनपुट के आधार पर NTA को परीक्षा से पहले ऐसे सवालों के सेट के बारे में जानकारी मिली थी, जिनका असली पेपर से कथित तौर पर ओवरलैप था। राजस्थान SOG के अतिरिक्त डीजीपी विशाल बंसल ने बताया कि जांच में 400 से ज्यादा सवालों का एक सेट मिला, जिसमें 100 से अधिक सवाल NEET पेपर से 'काफी मिलते-जुलते' पाए गए। बंसल ने इसे 'गेस पेपर' या टेस्ट सीरीज बताया, लेकिन जांच एजेंसियां किसी बड़े नेटवर्क की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, स्ह्न की टीमें राजस्थान के कई शहरों और देहरादून में सर्च और पूछताछ कर रही हैं। राजस्थान के कोचिंग हब सीकर में भी फील्ड जांच की गई है। इसी बीच 'आज तक' ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि राजस्थान SOG की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, सैंपल पेपर के 150 सवाल असली पेपर में आए थे। साथ ही यह भी दावा किया गया कि यह सैंपल पेपर केरल से सीकर पहुंचा था और इसे लाखों रुपये में बेचा गया था। हालांकि, इन दावों पर अभी आधिकारिक स्तर पर विस्तृत पुष्टि सामने नहीं आई है, लेकिन जांच एजेंसियां पूरे मामले की तह तक जाने में जुटी हुई हैं। मामले ने NEET परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर बहस छेड़ दी है। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' की रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र के लातूर स्थित एक कोचिंग अकादमी से जुड़े टेस्ट सीरीज के वीडियो और सवालों की कॉपियां भी सोशल मीडिया पर शेयर की गई थीं। हालांकि लातूर के एसपी अमोल तांबे ने कहा कि वहां पुलिस ने अभी तक कोई जांच शुरू नहीं की है।

'देश चलाना अब Compromised PM के बस की बात नहीं'- राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज- मध्य पूर्व में लगातार खराब होते हालात और खाड़ी संकट के बीच पीएम मोदी की आम जनता से तेल, गैस, सोने समेत कई चीजों पर संयम बरतने की अपील पर राहुल गांधी ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे - सोना मत ख़रीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं नाकामी के सबूत हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि 12 साल में देश को इस मुक़ाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है - क्या ख़रीदे, क्या न ख़रीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें। देश चलाना अब ष्टशद्वश्चह्म्शद्वद्बह्यद्गस्र PM के बस की बात नहीं। राहुल गांधी ने सोमवार 11 मई को मोदी की जनता को दी गई सलाह पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने कहा- मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे - सोना मत ख़रीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं - ये नाकामी के सबूत हैं। 12 साल में देश को इस मुक़ाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है - क्या ख़रीदे, क्या न ख़रीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

युवक की बेरहमी से की हत्या, घर के निकट खेत में मिला शव

प्रयागराज। यमुनापार में शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नेवरिया गांव में घर के बाहर एक युवक की हत्या कर दी गई। उसके चेहरे पर चोट और शरीर पर खरोंच के निशान मिले। शव सुबह घर के निकट दूसरे व्यक्ति के खेत में मिला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। वहीं शव कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण को भेजा। थाना क्षेत्र के नेवरिया गांव निवासी 20 वर्षीय विनय सिंह पुत्र उग्रसेन सिंह की सोमवार सुबह लाश घर के सामने कुछ दूरी पर बाबूलाल के खेत में मिली। उग्रसेन सिंह सोकर उठे और बाहर निकले तो खेत में विनय सिंह को पेट के बल पड़ा देखा। उसके शरीर पर खरोंच के निशान मिले, जिससे आशंका जताई गई कि उसे घसीटा गया था। चेहरे पर चोट का निशान था। इस बीच वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घर के बगल छप्पर के नीचे विनय का चप्पल व तौलिया पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे मय फोर्स पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद शव कब्जे में लिया। पिता ने तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। परिवार के लोगों का रो-रोकर हाल बेहाल है। विनय दो भाइयों में छोटा था।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विभिन्न चयनित मंदिरों मे कार्यक्रमों का आयोजन

● नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध मंदिर तक निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज- प्रधानमंत्री के सोमनाथ मंदिर गुजरात एवं मुख्यमंत्री जी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का जनपद में किया गया सजीव प्रसारण सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत सोमवार को जनपद के चयनित शिवालयों में सामूहिक मंत्रोच्चार, ओमकार जाप, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन सहित अन्य कार्यक्रमों का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी के गुजरात में सोमनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण नागवासुकी मंदिर सहित नगर के प्रमुख मंदिरों में किया गया। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी सहित अन्य उपस्थित लोगो के द्वारा सजीव प्रसारण को देखा गया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत पर नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध मंदिर तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में 11 सदस्यीय यात्रियों के दल ने भाग लिया, जो सोमनाथ यात्रा से अभी हाल ही में वापस आए हैं। कलश यात्रा में माननीय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी सहित अलका सेठ, लक्ष्मी देवी, कैप्टन उमेशचन्द्र द्विवेदी, रमन कुमार, रंजीत सिंह, लोक कलाकार वेदानंद विश्वकर्मा अन्य यात्री सम्मिलित हुए। तहसीलों तथा शहर के चयनित मंदिरों में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तक्षक तीर्थ-दरियाबाद, मनोकामनापूर्ति प्राचीन मंदिर बहादुरगंज, दशाश्वमेध मंदिर, नागवासुकी मंदिर दारागंज, कोटेश्वर महादेव शिवकुटी, गंगोली शिवाला झूँसी, पड़िला महादेव, महर्षि दुर्वासा आश्रम ककरा दुबावल, मनकामेशवर तथा सोमेश्वर महादेव मंदिर में भजन, मंत्रोच्चार जाप व आरती का भव्य रूप से आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्तीर्थराज पांडे, राकेश कुमार वर्मा, प्रा0 सहा0, श्री नीरज मिश्रा उप नियंत्रक सिविल डिफेंस, राकेश तिवारी सिविल डिफेंस, शशिकांत मिश्रा, डॉ रश्मि शुक्ला, विजय पटेल, संयोजक महानगर, भाजपा, दुकान जी,हरिश्चन्द्र दुबे, प्रा0 सहा0 (संस्कृत), विकास यादव, वरिष्ठ सहायक, रोशन लाल, वरिष्ठ सहायक,अजय कुमार मौर्य, कनिष्ठ सहायक, शुभम कुमार (आ0सो0) सहित जिला स्काउट मास्टर फिरोज आलम खान एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम को सफल एवं सकुशल सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपरोक्त सभी मंदिरों पर स्थानीय जनमानस की उपस्थिति रही।

नैनी पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य को दबोचा, 45 चोरी के एंड्रॉयड फोन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। नैनी पुलिस को मोबाइल चोरी की घटनाओं के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 45 चोरी के एंड्रॉयड टच स्क्रीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोनू कुमार पुत्र लखन महतो निवासी ग्राम तीन पहाड़, थाना तीन पहाड़, जनपद साहेबगंज (झारखंड) के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 20 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने उसे चकबबुरा अलीमाबाद तालाब के पास से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना नैनी में अभियुक्त मोनू कुमार तथा उसके दो अन्य साथियों के विरुद्ध मु0अ0सं0 242/2026 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह और उसके साथी झारखंड के रहने वाले हैं तथा गिरोह बनाकर प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की रेकी करते थे। मौका मिलते ही यात्रियों की जेब, पर्स और बैग से मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए मोबाइलों को राहगीरों को कम कीमत में बेचकर पैसे कमाते थे।अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि जिन मोबाइल फोन का लॉक खुल जाता था, उनसे यूपीआई आईडी के माध्यम से ऑनलाइन शॉपिंग भी की जाती थी। पुलिस द्वारा बरामद सभी मोबाइल फोन प्रयागराज के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों से चोरी किए गए थे।पुलिस के मुताबिक आरोपी चोरी के मोबाइल लेकर अपने गांव जाने की तैयारी में थे। इसी दौरान पुलिस टीम को अचानक आता देख तीनों भागने लगे। पीछा कर पुलिस ने मोनू कुमार को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। विभिन्न कंपनियों के 45 फोन बरामद मोबाइल फोन में एप्पल, वन प्लस, सैमसंग,

वीवो, ओप्पो, पोको, रेडमी, मोटरोला, लावा और नथिंग जैसी कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं।पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ थाना नैनी में पहले से भी मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज है।मु0अ0सं0 242/2026 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना नैनी, प्रयागराज मु0अ0सं0 31/2026 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना नैनी, प्रयागराज।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम,उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, उपनिरीक्षक उत्कर्ष सिंह, उपनिरीक्षक कुलदीप उपाध्याय, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी तथा कांस्टेबल सागर सिंह परमार शामिल रहे।

भीषण गर्मी में जवानों को मिली राहत, 'बीट द हीट' अभियान के तहत ग्लूकोज का वितरण

प्रतापगढ़। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं तरुण चेतना संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से 'बीट द हीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत जनपद के विभिन्न चौराहों पर मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को डाबर इंडिया के सहयोग से 'ग्लूकोज-डी' का वितरण किया गया। अभियान का औपचारिक उद्घाटन क्षेत्राधिकारी यातायात एके राय द्वारा चिलबिला चौराहे पर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि चिलचिलाती धूप में यातायात व्यवस्था सुचारू रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।इस 'बीट द हीट' कार्यक्रम के दौरान शहर के सदर, घंटाघर मुख्य चौराहों और व्यस्त मार्गों पर तैनात जवानों को ग्लूकोज के पैकेट व बोतल उपलब्ध कराए गए, जिसका उद्देश्य ड्यूटी के दौरान जवानों को डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) और हीट स्ट्रोक से बचाना। कार्यक्रम का समापन अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति द्वारा कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड जवानों को 'ग्लूकोज-डी' वितरित कर किया गया।

जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ने का परिणाम भुगत रहा विपक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। नरेंद्र कश्यप सोमवार को प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने इलाहाबाद संग्रहालय स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में दिव्यांगजनों के लिए नव निर्मित अनुभव वीथिका स्थापना समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए विकसित की गई विशेष सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताया। मीडिया से बातचीत करते हुए राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार देश की मूल समस्याओं से मुंह मोड़ता रहा है और केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों का विरोध करता आया है। उनका कहना था कि विपक्ष को जनता की समस्याओं को समझते हुए सरकार को सकारात्मक सुझाव देने चाहिए थे, लेकिन इसके बजाय इंडी गठबंधन ने हमेशा अराजकता को बढ़ावा देने का कार्य किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भारतीय जनता पार्टी की मजबूती के पीछे विपक्ष की नीतियां और जनता से दूरी मुख्य कारण रही है। उन्होंने दावा किया कि ममता सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है और इसका असर राजनीतिक परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राज्य मंत्री ने इलाहाबाद संग्रहालय में दिव्यांगजनों के लिए तैयार की गई अनुभव वीथिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने बताया कि इस विशेष वीथिका में सुनने, देखने और स्पर्श के माध्यम से ऐतिहासिक तथ्यों और विरासत को समझने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे दिव्यांगजन भी देश की सांस्कृतिक धरोहर से गहराई से जुड़ सकेंगे। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश और देश के अन्य ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों पर भी इस प्रकार की सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए ताकि समाज का विशेष वर्ग किसी भी प्रकार से मुख्यधारा से अलग महसूस न करे। कार्यक्रम में संग्रहालय प्रशासन, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरकारी जमीन में 'खेल': बरेली में डीएम ने तहसीलदार को हटाया

● कानूनगो और लेखपाल किए निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज- बरेली के नवाबगंज तहसील क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर में सरकारी जमीन में खेल के मामले में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से हटाकर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है, जबकि कानूनगो श्याम सुंदर गुप्ता और लेखपाल रामचंद्र को निलंबित किया है। इन तीनों पर अभिलेखों का परीक्षण न करने, अपर आयुक्त को गलत रिपोर्ट भेजने और आदेश की फोटो कॉपी के आधार पर खतौनी पर नाम दर्ज करने का आरोप है। वर्ष 2013 में ज्योरा मकरंदपुर गांव के संतराम, उसकी पत्नी व भाई के नाम पर कृषि पट्टे हुए थे। इन तीनों को करीब साढ़े चार बीघा सरकारी जमीन दी गई थी। आरोप है कि संतराम ने तहसील कर्मियों से सांठगांठ करके गाटा संख्या 16 की चार बीघा जमीन भी अपने नाम चढ़वा ली। इसकी शिकायत गांव के ही लालाराम ने जिलाधिकारी से की तो मामले की जांच हुई। बाद में चार फरवरी 2024 को नवाबगंज थाने में संतराम के खिलाफ धोखाधड़ी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसी बीच संतराम की मृत्यु हो गई और पुलिस ने इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

इससे पट्टा निरस्त नहीं हुआ और जमीन संतराम के नाम ही अपर आयुक्त को भेज दिया। इसके आधार पर फरवरी 2026 में संतराम के वारिसान के पक्ष में फैसला हो गया। अपर आयुक्त के आदेश की प्रति की फोटो कॉपी के आधार पर ही खतौनी पर जमीन वारिसान के नाम दर्ज कर दी गई। दो मई को नवाबगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में ज्योरा मकरंदपुर के प्रधान रवि बाबू, लालाराम और सूरजपाल ने शिकायतीपत्र देकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह को प्रकरण से अवगत कराया। डीएम के आदेश पर एसडीएम नवाबगंज उदित पवार ने जांच कराई तो अपर आयुक्त को गलत रिपोर्ट भेजने, अभिलेखों से छेड़छाड़ करने और आदेश की फोटो कॉपी के आधार पर खतौनी में नाम दर्ज करने की पुष्टि हुई। एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने रविवार को तीनों पर कार्रवाई की।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाई कोर्ट में अब 10 जुलाई को होगी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से संबंधित मूल वाद संख्या 1/2023 और उससे जुड़े अन्य 17 मामलों की सुनवाई को स्थगित कर दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 10 मई को होगी।

न्यायमूर्ति के निजी सचिव ने जारी की सूचना

न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना के निजी सचिव शरद कुमार श्रीवास्तव की ओर से 11 मई 2026 को जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, ये मामले पहले 15 मई 2026 को दोपहर दो बजे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थे, लेकिन किन्हीं कारणों से उस दिन इन पर विचार नहीं किया जा सकेगा। अब इन मामलों की अगली सुनवाई 10 जुलाई 2026, शुक्रवार को दोपहर दो बजे निर्धारित की गई है।

कोर्ट प्रशासन ने रजिस्ट्रार (लिस्टिंग) को निर्देशित किया

कोर्ट प्रशासन ने रजिस्ट्रार (लिस्टिंग) को निर्देशित किया है कि वह इस बदलाव के बारे में सभी संबंधित अधिवक्ताओं और पक्षकारों को सूचित कर दें।

स्व0 पी.के. सूर स्मारक महिला फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। जिला फुटबॉल संघ प्रयागराज के तत्वावधान में एवं जॉर्ज टाउन फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्व0 पी.के. सूर स्मारक महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को साइमंड्स एरीना मैदान पर बेहद रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत दो सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में यंगस्टर्स महिला टीम ने गोपीगंज महिला बी टीम को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच शुरू होने से पूर्व जिला फुटबॉल संघ प्रयागराज के अध्यक्ष श्री नारायण जी गोपाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मदन मोहन मालवीय स्टेडियम टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गोपीगंज ए टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस मुकाबले से पहले जॉर्ज टाउन फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एंड्रयू हक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका संजीव सिंह, कबीर खान एवं प्रेम भूटानी ने निभाई। फाइनल मुकाबला मदन मोहन मालवीय स्टेडियम और यंगस्टर्स महिला टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन मैच के दौरान श्रेया यादव द्वारा किया गया एकमात्र गोल निर्णायक साबित हुआ। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच से पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट बी. अमित शीतलकर, बनीता सूर एवं अदनान अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री बी. अमित शीतलकर एवं श्रीमती बनीता सूर ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की, जबकि अदनान अहमद ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। रेफरी पुरस्कार मृणालिनी सूर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जॉर्ज टाउन फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एंड्रयू हक ने मुख्य अतिथ बी. अमित शीतलकर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं आयोजन सचिव संजय भट्टाचार्य ने बनीता सूर एवं अदनान अहमद को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

पाकुड़, झारखंडः- झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जनाब आलमगीर आलम को माननीय सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिलने की खबर सामने आते ही पाकुड़ सहित पूरे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जमानत की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, अबीर-गुलाल लगाकर तथा पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। पाकुड़ एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा देखा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्हें देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास था और सत्य की जीत हुई है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनाब आलमगीर आलम हमेशा गरीबों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों एवं आम जनता की आवाज बुलंद करते रहे हैं। क्षेत्र की जनता का उनके प्रति विश्वास और सम्मान आज भी बरकरार है। जिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आलमगीर आलम के नेतृत्व में क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए, जिन्हें जनता आज भी याद करती है। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कहा – 'सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। ' इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

बरही में नई महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी कुमारी का हुआ स्वागत

जनप्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं ने बुके भेंटकर किया सम्मानित

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही महिला थाना की नई थाना प्रभारी राधा रागिनी कुमारी से सोमवार को जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। महिला थाना परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित मुलाकात कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि बरही पूर्वी मोतीलाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि बरही पश्चिमी भगवान केशरी, सागर चौधरी, अधिवक्ता अजीत चौधरी, मणिलाल चौधरी एवं अधिवक्ता राजेश चौधरी शामिल हुए। मौके पर उपस्थित लोगों ने महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी कुमारी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। वहीं थाना प्रभारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही।

जिला पदाधिकारी के जनसुनवाई कार्यक्रम में 60 मामलों की हुई सुनवाई।

बेतिया। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आज जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान 60 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। जनसुनवाई में जग्रनाथ हजरा, रामानुज राव, मधुरेन्द्र यादव, ललिता देवी, शेषनाथ प्रसाद, नितेश कुमार, मिथुन राम, सुदामा यादव, नेहाल अख्तर, रूबी रानी सहित अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। यह कार्यक्रम सात निश्चय-3 के तहत चलाए जा रहे सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं।जनसुनवाई के दौरान अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता, रोचना माद्री, पीजीआरओ, बेतिया, मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हजारीबाग ओलंपिक संघ ने उपायुक्त हेमंत सती से की शिष्टाचार मुलाकात

- जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर हुई विस्तृत चर्चा
- ओलंपिक संघ का उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को मजबूत कर युवाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का है : हर्ष अजमेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंडः- जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में हजारीबाग ओलंपिक संघ लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को हजारीबाग ओलंपिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त हेमंत सती से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात कर जिले में खेलों के विकास तथा खेल परिसरों की स्थिति को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, सचिव सीके दास, उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा सहित संघ से जुड़े कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में खेल गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने तथा खेल आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान तैराकी तालाब, टेबल टेनिस हॉल, एथलेटिक्स ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट सहित अन्य खेल संसाधनों की वर्तमान स्थिति एवं उनके रखरखाव पर विशेष चर्चा हुई।प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को अवगत कराया कि हजारीबाग जिले के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में खिलाड़ियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि जिले में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। यदि खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं, नियमित प्रशिक्षण और बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो हजारीबाग के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग ओलंपिक संघ का उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करना तथा युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग खेलों के प्रति काफी जागरूक हो रहा है और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। ऐसे में खेल मैदानों, प्रशिक्षण केंद्रों तथा आवश्यक खेल सामग्रियों की उपलब्धता अत्यंत जरूरी हो गई है। संघ की ओर से खेल परिसरों को व्यवस्थित करने तथा खिलाड़ियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने की मांग भी रखी गई। वहीं उपायुक्त हेमंत सती ने हजारीबाग ओलंपिक संघ की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन गंभीर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हजारीबाग ओलंपिक संघ से जुड़ी खेल सुविधाओं को बहुत जल्द पुनः व्यवस्थित एवं बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक के दौरान जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा भविष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि प्रशासन एवं ओलंपिक संघ के संयुक्त प्रयासों से आने वाले दिनों में हजारीबाग खेल के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।

जेबरा क्लब रामनगर हसनदाग में इंटर विलेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज

- सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज यादव ने किया उद्घाटन, कोबरा वाहिनी 203 बनी विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत जेबरा क्लब रामनगर हसनदाग में आयोजित एक दिवसीय इंटर विलेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का रविवार रात भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने मैदान में बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, ऊर्जा और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का सशक्त जरिया है। वहीं विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन आवश्यक है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा मिलती है।

फाइनल मुकाबले में कोबरा वाहिनी 203 ने मारी बाजी:

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पारा 11 और कोबरा 203 वाहिनी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोबरा वाहिनी 203 ने निर्धारित आठ ओवर में 103 रन बनाए। टीम की ओर से भूषण कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 रन की पारी खेली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पारा 11 की टीम 68 रन पर सिमट गई। इस तरह कोबरा 203 वाहिनी ने 35 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम कोबरा वाहिनी 203 के कप्तान दीपक कुमार को विजेता शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता पारा 11 के कप्तान योगेंद्र राणा को रनर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दोनों सेमीफाइनलिस्ट टीमों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी, विजय यादव, नागेश्वर रजक, आकाश जायसवाल, संजय दुबे, मनोज उपाध्याय, रोहित सिंह, डॉ. रामटहल साव, कपिल साव, दशरथ यादव, अशोक राणा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं टूर्नामेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष सुधीर राणा, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद राणा, सचिव मोनू राणा, खेल संचालक अबोध राणा, पंकज साव, मुनेश्वर यादव, आकाश यादव, मुख्य अंपायर रोहित सिंह, हेमंत साव एवं अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एकमा में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, एक आरोपी हिरासत में; मामले के उद्भेदन हेतु एसआईटी गठित

- देर रात वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया घटना स्थल का मुआयना, फॉरेंसिक जांच टीम सोमवार की सुबह घटनास्थल से एकत्र किए साक्ष्य के नमूने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

एकमा/छपरा। जिले के एकमा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस संबंध में एकमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 10 मई 2026 की रात एकमा थाना में नाबालिग पीड़िता के दाउदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी परिजनों द्वारा लिखित आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। आवेदन में पीड़िता के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है तथा मामले में कुल तीन आरोपितों की पहचान की गई है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने रविवार रात में ही स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर जांच शुरू की गई है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए हैं। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में विधिसम्मत एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता की पहचान और गोपनीयता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उससे संबंधित व्यक्तिगत विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। बताया गया है कि दाउदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की लगभग 17 वर्षीया एक छात्रा नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर में संचालित एक लाइब्रेरी में पढ़ने आया करती थी। रविवार को अपने घर से अपने एक जान-पहचान वाले खुद से कम उम्र के लड़के के साथ एकमा-हंसराजपुर लाइब्रेरी के लिए आयी थी। इसके बाद गंजपर-हंसराजपुर पेट्रोल पंप के समीप एकमा-मांझी रोड की तरफ से बाइक सवार दो अन्य लड़कों ने उसे और उसके कथित प्रेमी को अगवा कर लिया और चाकू के बल पर कोहरगढ़ गांव के समीप झाड़ियों में ले गए। आरोप है कि जहां पहुंचने के बाद मोबाइल पर कॉल करके अपने एक और दोस्त को बुला लिए। उसके साथ दो लड़कों ने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़िता को उसके जानने वाले गांव के लड़के के द्वारा उसके घर तक पहुंचाया गया। इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही एकमा थाना पुलिस वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार हरकत में आ गई। देर रात ही पोक्सो एक्ट सहित बीएनएस के संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए सदर अस्पताल व न्यायालय भेजा गया। इस बीच सोमवार की सुबह एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य के नमूने एकत्र किए हैं।एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना एकमा थाना क्षेत्र की है, जबकि पीड़िता दाउदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी बताई जाती है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। बताया गया है कि सोमवार की शाम डीआईजी के द्वारा भी एकमा पहुंच कर मामले की जानकारी लेकर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए।

पाकुड़ मंडल कारा समेत जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में चलाया गया नब्बे दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकुड़, झारखंडः- झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में चल रहे नब्बे दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान के तहत पाकुड़ मंडल कारा समेत आदिवासी बाहुल्य इलाकों में डालसा के टीम द्वारा आज विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के तहत बंदियों एवं लोगों को उनके कानूनी अधिकार के बारे में जानकारी दी। ताकि अपने कानूनी अधिकार पर शसक्त हो सके। अपने आस पास न्याय से वंचित व्यक्तियों को उनके कानूनी अधिकार के बारे में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाले निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी मिल सके । इस उद्देश्य से डालसा के टीम द्वारा घर घर पहुंच कर न्याय से वंचित न हो इस मकसद से लोगों तक पहुंच कर जानकारी दी जा रही है। उक्त अभियान के तहत बंदियों को लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के चीफ़ सुबोध कुमार दफादार पैनल अधिवक्ता संजीत कुमार मुखर्जी ने डालसा एवं नालसा के योजनाओं समेत कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ताकि खुद को, अपने परिवार को ,समाज के लोगों तक न्याय सुनिश्चित कर सकें। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स मनोज सोरेन, सौरभ कुमार यादव ने डायन प्रथा, बाल विवाह, दहेज प्रथा घरेलू हिंसा रोकथाम पर जागरूक करते हुए जागरूक पर्ची पुस्तिकाएं वितरण की साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जागरूक की गई। मंडल कारा पाकुड़ में जेल के प्रशासनिक अधिकारी समेत पैरा लीगल वॉलिंटियर्स सायेम अली उपस्थित रहे।

पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा का प्रदेश सम्मेलन संपन्न, 36 प्रतिशत आरक्षण समेत कई मांगों पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रांची, झारखंडः- सोमवार को रांची स्थित हेमसी हाइट, कचहरी चौक में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा का प्रदेश सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रो. जय प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक एवं मंत्री सुरेंद्र कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। प्रदेश सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग के अधिकार, आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में राज्य सरकार की नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 36 प्रतिशत आरक्षण देने, पंचायत चुनाव में पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित करने तथा झारखंड के निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा जिन जिलों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण शून्य या बहुत कम है, वहां जनसंख्या के आधार पर आरक्षण लागू करने तथा लोकसभा और विधानसभा में ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण तय करने की मांग भी सम्मेलन में रखी गई। पिछड़ों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक अधिकारों से जुड़े अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रो. जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आज भी विभिन्न जातियों में बंटा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक पिछड़े वर्ग के लोग आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर संघर्ष नहीं करेंगे, तब तक उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से झारखंड के सभी जिलों में धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद रांची में एक विशाल महाजुटान कार्यक्रम किया जाएगा। प्रदेश सम्मेलन में पूर्व सांसद सूरज मंडल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, अरुण कश्यप, उपेंद्र नारायण सिंह, इंद्रदेव महतो, महामंत्री पप्पू रावत, प्रधान महामंत्री सदन प्रजापति, प्रवक्ता सागर कुमार, विजय महतो, जयंत पटेल, प्रो. विवेकानंद कुशवाहा, हेमंत गुप्ता, रंजना जायसवाल, रोहित शर्मा, राम नरेश यादव, इंद्रदेव प्रसाद, राजू वर्मा, प्रवीण मेहता, विक्रांत विश्वकर्मा, कुशेश्वर महतो, तेजलाल महतो, विक्रम महतो, ललित चौधरी, अजित विश्वकर्मा एवं अवध बिहारी शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वर्षों से बदहाल कमलनाथ नगर-सुप्रिया रोड का बरसात से पहले ही शुरू हो जाएगा बहुप्रतीक्षित नव निर्माणःमहापौर

- बोलीं महापौर 1.07 करोड़ की लागत वाली डबल लेन पीसीसी सड़क के साथ आरसीसी नाला निर्माण से दशकों की समस्या से मिलेगी राहत,
- बदहाल, जर्जर सड़क का नाला सहित डबल लेन निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा के साथ जलजमाव की विकट समस्या से भी मिलेगी मुक्ति,

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बेतिया। वर्षों से बदहाल कमलनाथ नगर से सुप्रिया रोड सड़क का बरसात से पहले ही शुरू हो जाएगा। इस अपनी बहुप्रतीक्षित विकास योजना के नव निर्माण की जानकारी देते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि 'बुडको' अर्थात बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से बनने वाली इस डबल लेन पीसीसी रोड और आरसीसी नाला निर्माण को बनाने के लिए भीष्म कंस्ट्रक्शन को इस योजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर के संत तेरेसा रोड में खीरी पेड़ के स्थान से एनएच-727 मेन रोड तक जाने वाली वर्षों से जर्जर डबल लेन पीसीसी सड़क के नवनिर्माण का रास्ता साफ हो गया है। निर्माण एजेंसी के प्रबंध निदेशक के हवाले महापौर ने बताया कार्य स्थल का अवलोकन के बाद निर्माण एजेंसी द्वारा एक सप्ताह के भीतर बरसात पूर्व निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इस सड़क सीमांकन के साथ अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया है। वही महापौर ने यह भी बताया कि उनकी अध्यक्षता सम्पन्न सशक्त स्थाई समिति की बैठक में भी इस सड़क का बहुप्रतीक्षित नव निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व अतिक्रमण मुक्त बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि कमलनाथ नगर का मोहल्ला जलजमाव और बदहाल जल निकासी व्यवस्था को लेकर चर्चित रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि अतिक्रमण पर प्रशासनिक कार्रवाई से पूर्व ही इस ऐतिहासिक मुहल्ले की जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए स्वयं से ही सड़क और नाले की सरकारी जमीन को संबंधित नगर वासी ही खाली कर दें।महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल 1.07 करोड़ खर्च से यह कार्य आवंटित किया गया है। इधर कतिपय स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क पिछले कई दशकों से जर्जर अवस्था में थी। हल्की बारिश में भी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और मुहल्ले वालों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। अतिक्रमण के कारण नाला सही नहीं होने से गंदा और बदबूदार पानी घरों और दुकानों के अंदर पहुंच जाता है।

छात्रा गैंगरेप मामले में सारण रेंज के डीआईजी पहुंचे एकमा, किया घटनास्थल का निरीक्षण, कहा- एसआईटी गठित कर तेजी से हो रही जांच, जल्द होगा उद्भेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

एकमा (सारण)। एकमा थाना क्षेत्र में दाउदपुर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार सोमवार की शाम एकमा थाना पहुंचे और मामले की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एक आरोपी गिरफ्तार, दो अन्य की तलाश जारी

पत्रकारों से बातचीत में डीआईजी नीलेश कुमार ने बताया कि मामले में अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले के उद्भेदन के लिए सदर-2, एकमा एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण करा लिया गया है तथा मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि एकमा थाना क्षेत्र में रविवार को नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट एवं बीएनएस की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने रविवार रात में ही घटनास्थल का निरीक्षण किया था और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसआईटी गठित की गई थी। सोमवार सुबह एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिसम्मत एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता की पहचान की गोपनीयता बनाए रखते हुए पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

संक्षिप्त खबरें

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

कोंच(जालौन)- नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार की शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांधीनगर निवासी जलविहारी रजक का एकलौता बेटा भूपेंद्र (22) सागर चौराहे पर पोहा का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया कि 6 मई को उसके परिजन ग्राम लुहारी गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर के समय घर पर उसने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। पड़ोस के बच्चों ने उसे उल्टी करते देखा तो आसपास के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया, जहां रविवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। झांसी में पोस्टमार्टम के बाद शव का कोंच में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की छोटी बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।

धानुक समाज के सम्मेलन में सात जोड़ों का संपन्न हुआ विवाह

कोंच(जालौन)- धानुक समाज द्वारा सोमवार को नगर के बलदाऊ धर्मशाला में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें समाज के 7 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। रामजीलाल प्रधान परासनी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन बतौर अतिथि सम्मिलित हुए। सम्मेलन में समाज के 7 जोड़ों ने उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक दूजे के गले में जयमाल डाल अग्नि के गिर्द सात फेरे लेकर वैवाहिक बंधन में बंधे। सभी जोड़ों को आयोजन समिति द्वारा घर गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। अतिथियों ने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना रूपी आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजनों से फिजूलखर्ची पर रोक लगती है जो हम सभी के लिए अनुकरणीय है। इससे पूर्व सम्मेलन के आयोजक सागर मेहरा जिला प्रवक्ता अपना दल एस की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर अन्य अतिथियों में डॉ संजीव निरंजन, ब्रजनारायण निरंजन अटा, विज्ञान विशारद सीरौठिया, संजू सिकरी, सोबरन सिंह, ओमप्रकाश बाबू सहित वर-वधू पक्ष के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन रामजी भदारी ने किया।

तुवन मंदिर के पास सट्टा खिलाते बुजुर्ग को पुलिस ने दबोचा

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई, सट्टा पर्ची और नकदी बरामद

ललितपुर। कोतवाली सदर पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तुवन मंदिर के पास सट्टा खिलाते एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची और नकदी बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 10 मई 2026 को उपनिरीक्षक रज्जन बाबू पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तुवन मंदिर के सामने ट्रक की ओट में एक व्यक्ति लोगों से रुपये लेकर सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहल्ला नदीपुरा निवासी सखावत अली पुत्र मुसाहिब अली बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सट्टा पर्ची बरामद हुई, जिस पर सट्टे के नंबर और दांव पर लगाए गए रुपयों का विवरण दर्ज था। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के पास से 150 रुपये नकद भी बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कल्याण नामक सट्टा खिलाने का काम करता है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी सखावत अली के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

एनसीएल प्रबन्धन देशद्रोही ताकतों को प्रश्रय देकर कर श्रमिकों का शोषण करना बंद करे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अनपरा /सोनभद्र-भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ की नवगठित कार्यसमिति से समन्वय भेंट वार्ता तथा नॉर्दर्न कोल्डील्ड्स लिमिटेड में इसी माह होने वाले सदस्यता सत्यापन के मद्देनजर भारतीय कोयला खदान मजदूर मजदूर बीना की अनुसांगिक संगठनों के साथ शाखा ककरी में तैयारी चर्चा आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता , नगर कार्यवाहक प्रेम नारायण , भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री अरुण कुमार दुबे , जिलाध्यक्ष दाशाराम यादव , कोयला के नवनियुक्त महामंत्री पवन शर्मा, विद्याभारती से शिशु मंदिर और विद्यामंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज कालेज के प्रधानाचार्य , स्वयं सेविका की मातृ शक्तियाँ विशेष रूप से उपस्थित रही। अपने उद्बोधन में जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र ऋषि श्रध्देय दंतों पंत ठेंगड़ी द्वारा संस्थापित व देश हित, राष्ट्र हित और श्रमिक हित के ध्येय वाक्य पर कार्य करने वाला एकमात्र राष्ट्र वादी श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ है जो देश का श्रम संगठन भी है । वहीं अन्य राजनैतिक श्रम संगठन अपनी -2 विपक्षी पार्टियो के हाथ की कठपुतली बने रहने तक अपने को सीमित हैं । हम भारतीय जनता पार्टी के दायित्व का निर्वहन करने के साथ साथ श्रम प्रकोष्ठ का दायित्व भी निर्वहन करने के नाते सीधे तौर पर श्रम क्षेत्र से जुड़ा हूँ साथ ही विद्याभारती के विद्यालय के प्रबंध समिति का दायित्व निर्वहन करते आ रहे हैं और हम कहीं ना कहीं वैचारिक रूप से एकदूसरे के साथ भ्रातृत्व रूप में जुड़कर राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के मूल उद्देश्य पर सतत कार्य कर रहे हैं । आश्चर्य लगता है देश में कम्युनिस्ट और कांग्रेस जैसी पार्टियां अपनी समाप्ति के दिन गिनने को विवश हैं लेकिन यहीं एन सी एल में ऐसी ही पार्टियों के हाथों की कठपुतली बने तथाकथित श्रम संगठन सम्बंधित अधिकारियों से प्रश्रय लेकर श्रमिकों का शोषण करने में सफल हो रहे हैं और वहीं विपक्षी पार्टियों के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं ऐसे यूनियनों को श्रमिकों का शोषण करने में में कदापि सफल नहीं दिया जायेगा। यदि कुछ चुनिंदा शीर्ष अधिकारी इन्हें प्रश्रय देने जैसा घृणित कार्य कर रहे हैं और खासकर एन सी एल में यह प्रथा वर्तमान में सर्वाधिक देखने को मिल रही है । देशद्रोही और श्रमिकों का शोषण करने वाली तथाकथित यूनियन को प्रश्रय देकर शोषण में सहयोग करने वाले ऐसे कुछ अधिकारियों को चिन्हित कर यहाँ से लेकर दिल्ली तक बेनकाब किया जाएगा । प्रबन्धन के कुछ शीर्ष अधिकारी इन्हीं तथाकथित यूनियनों को साधकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों में जारी सामाजिक सुरक्षा या न्यूनतम वेतन आदि से सम्बन्धी जारी शासनादेश की अवहेलना कर मजदूरों का शोषण कर रही हैं । बतादें कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा श्रमिक हितों के संबंध में जारी शासनादेश का अनुपालन न होने से एक तरफ़ सोनभद्र जैसे श्रमिक और आदिवासी बाहुल्य जनपद में संविदा श्रमिक अपने को ठगा महसूस करता है दूसरी ओर इसके लिए जिम्मेदार कुछ चुनिंदा शीर्ष अधिकारियों की संलिप्तता सरकार की छवि ख़राब करने का प्रयास कर रही है । सभी अनुसांगिक संगठन के लोग राष्ट्र हित , उद्योग हित, श्रमिक हित के आदर्शों पर कार्य करने वाले विशुद्ध श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ को मजबूत कर श्रमिकों के शोषण पर विराम लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़े । ऐसे राष्ट्रवादी श्रम संगठन से ही राष्ट्र, उद्योग और श्रमिक तीनों के भले की उम्मीद की जा सकती है ।इस भेंट वार्ता में यूनियन नवनियुक्त कार्यसमिति के प्रमुख पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य , अनिल सिंह गौतम, प्रमोद शुक्ला, देवेन्द्र गुप्ता, प्रभाशंकर मिश्रा, रविजीत कंग, राजेंद्र तिवारी, प्रथम श्रीवास्तव, परियोजनाओं के अध्यक्ष सचिव के बी राय, बुद्धेश्वर सिंह, वरुण सिंह, शशिकांत वैश्य आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आदिवासी बाहुल्य गांव बेलहत्थी टोला-आमी में स्कूल निर्माण की उठी मांग, ग्रामीणों ने आनन्द पटेल दयालु को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ओबरा/ सोनभद्र - आजादी के 75 वर्षों बाद भी ग्राम पंचायत बेलहत्थी के टोला-आमी के बच्चों को शिक्षा के लिए 7 किलोमीटर दूर जंगलों के रास्ते पैदल स्कूल जाना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर गांव के लोगों ने अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु को ओबरा स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर गांव में प्राथमिक विद्यालय निर्माण की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि टोला-आमी के छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन जंगल के रास्ते खरछनवा और कोडरी स्थित स्कूलों में पढ़ने जाते हैं, जो गांव से लगभग 7 किलोमीटर दूर हैं। रास्ते में जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है और पूर्व में कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसे में अभिभावकों के मन में हमेशा भय बना रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि बच्चों को शिक्षा के लिए इतनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। गांव में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के लोग निवास करते हैं, लेकिन आज तक यहां शिक्षा की मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने आनन्द पटेल दयालु से मांग किया कि गांव में जल्द से जल्द नया स्कूल बनवाने की पहल की जाए, ताकि बच्चों को नजदीक में शिक्षा मिल सके और भविष्य की पीढ़ी को इस समस्या से मुक्ति मिल सके।ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आनन्द पटेल दयालु ने गांव वासियों को विश्वास दिलाया कि उनकी मांग पूरी तरह जायज है और इस मुद्दे को हर हाल में पूरा कराने के लिए वह पूरी मजबूती से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी एवं गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए इतनी कठिनाइयों का सामना करना पड़े, यह बेहद चिंताजनक विषय है। श्री दयालु ने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर वह इस विषय को अपना दल एस की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल तक पहुंचाकर गांववासियों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा।इस दौरान जनाब महताब आलम प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच भी मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में रविंद्र कुमार, राजाराम, अमरनाथ शास्त्री, भगवान दास, धर्मराज सिंह, महेंद्र एवं हरि नारायण सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि उनकी इस गंभीर समस्या पर शीघ्र ध्यान देकर न्याय दिलाया जाएगा।

अशोक जैन मौत प्रकरण में डीएम सख्त, जांच के आदेश

● दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं अस्पताल व्यवस्था और अवैध एम्बुलेंस संचालन पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित दैनिक जनसुनवाई में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बिदुआ कॉलोनी तालाबपुरा निवासी अशोक जैन की मृत्यु का मामला सामने आने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए मामले की जांच के आदेश दिए। फरियादियों निकेतन चौधरी, ममता जैन, आशीष जैन, प्रीति जैन, अंकिता जैन और जया जैन ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके चाचा अशोक जैन की तबीयत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां बिना समुचित उपचार के रेफर कर दिया गया। आरोप लगाया गया कि अस्पताल में चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे और रेफर के दौरान निजी एम्बुलेंस चालक ने पूरा किराया लेने के बावजूद मरीज को ऑक्सीजन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई, जिससे रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सीएमओ और एसडीएम सदर की संयुक्त जांच टीम गठित कर 7 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए। डीएम ने सीएमओ को जिला अस्पताल के आसपास संचालित अनाधिकृत एवं मानकविहीन एम्बुलेंसों को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान अन्य मामलों में भी जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील महरौनी के ग्राम धबारी के ग्राम प्रधान मठोले ने सरकारी कोटे के भवन निर्माण में बाधा डालने और निर्माणाधीन दीवार तोडने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम महरौनी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम बानपुर निवासी चतरे ने आवंटित भूमि की नाप न होने की शिकायत की, जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विकासखंड जखौरा के ग्राम बुढ़वार निवासी ब्रजभान सिंह ने सहरिया बस्ती में खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर खंड विकास अधिकारी जखौरा को तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

नगर क्षेत्र में जलभराव व पेयजल समस्या के समाधान हेतु कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश- जिलाधिकारी

●नगर पालिका क्षेत्र व नगर पंचायत क्षेत्र चुर्क-घुरमा में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बनाने हेतु कार्यवाही की जाये शीघ्र प्रारम्भ-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति, सीवर लाइन एवं कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था व नाला निर्माण नगर पालिका क्षेत्र के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रावर्टसगंज, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को तत्काल भूमि चिन्हांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को निर्देशित किये कि नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु कार्ययोजना एक सप्ताह में तैयार कराकर उपलब्ध करायी जाये एवं नगर क्षेत्र के हर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने चुर्क-घुरमा नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सीवर सप्लाई से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से कराने तथा नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0एन0डी0एस0 के ए0ई0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे नाले का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुकेश कुमार, ए0ई0 जल निगम शहरी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर ललितपुर में गूंजा ऊँ नमः शिवाय

● हजारिया महादेव मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

विधायक व नपाध्यक्ष की मौजूदगी में रुद्राभिषेक, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम शहर के सुमेरा तालाब स्थित श्रीश्री हजारिया महादेव मंदिर में संपन्न हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और श्रद्धालुओं की सहभागिता से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा तथा नपाध्यक्ष सोनाली जैन उपस्थित रहीं। शुरुआत शिवालय में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक, पूजन और महाआरती से हुई। इसके बाद संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहा। सोमनाथ स्वाभिमान पर आधारित विशेष बुकलेट का वितरण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं से ऊं नमः शिवाय मंत्र लेखन कराया गया और प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में सोमनाथ में आयोजित प्रधानमंत्री के ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट कलेक्ट्रेट सभागार में भी देखा गया। इस दौरान डीडीओ अतिरंजन सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल, सीवीओ, डीडी कृषि, पर्यटन अधिकारी हेमलता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सुमेरा तालाब स्थित हजारिया महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन अधिकारी श्रीमती हेमलता, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल, गब्बर सिंह, कपिल नामदेव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं मड़ावरा के वन विभाग परिसर स्थित शिवालय में मंत्रोच्चार, जाप और जलाभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील व वन विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। वहीं जखौरा स्थित टेकरी धाम मंदिर में भी जनसहभागिता के साथ रुद्राभिषेक और आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बीडीओ सौरभ वर्णवाल एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के आयोजनों ने पूरे जनपद में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्र स्वाभिमान का संदेश दिया।

बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को निकले नवदंपति का ललितपुर में भव्य स्वागत

● सनातन धर्म के प्रचार के लिए 11,600 किमी की पदयात्रा पर अहमदाबाद का दंपति

अब तक 8 ज्योतिर्लिंगों के कर चुके हैं दर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और देश के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के संकल्प के साथ गुजरात के अहमदाबाद निवासी नवदंपति 25 वर्षीय नीलेश राजानी एवं 24 वर्षीय सोनिया राजानी इन दिनों देशव्यापी पदयात्रा पर हैं। दोनों केदारनाथ धाम से यात्रा प्रारंभ कर लगभग 11 हजार 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा के माध्यम से देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का संकल्प लेकर निकले हैं। अब तक करीब नौ माह की यात्रा में दोनों लगभग साढ़े नौ हजार किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर चुके हैं और आठ ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर चुके हैं। शेष चार ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने के लिए दोनों अगले पांच माह तक यात्रा जारी रखेंगे और अक्टूबर माह तक संकल्प पूरा करने का लक्ष्य है। मध्य प्रदेश के सागर शहर से होते हुए शनिवार को दोनों ललितपुर पहुंचे, जहां रावतयाना कैलगुवा रोड स्थित गोपीचंद डोडवानी के आवास पर उनका फूल-मालाओं और केसरिया दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नीलेश और सोनिया ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 40 से 50 किलोमीटर पैदल चलते हैं, जिसमें करीब सात घंटे का समय लगता है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के कपाट 31 मई तक बंद हैं, इसलिए वह पुनः केदारनाथ जा रहे हैं और 2 जून को वहां पहुंचकर दर्शन करेंगे। दंपति ने बताया कि उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा में अयोध्या निवासी सिंधु एकता मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश ओमी का विशेष सहयोग मिल रहा है। अब तक वह देश के विभिन्न शहरों में 175 सिंधी परिवारों के यहां ठहर चुके हैं। ललितपुर से दोनों अपनी अगली पदयात्रा के लिए तालबेहट रवाना हुए। इस दौरान गोपीचंद डोडवानी, रायचंद डोडवानी, राकेश चंदानी, हरविंदर सलूजा, डा.दीपक चौबे, विनोद खत्री, राजीव पटवारी, विनिता डोडवानी, वंशिका डोडवानी सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

टीकमगढ़ जिला कांग्रेस के प्रभारी का महरौनी में हुआ भव्य स्वागत

महरौनी। महरौनी के कांग्रेस जनों ने मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रभु ठाकुर का जोरदार स्वागत किया बताते चले कि प्रभु सिंह ठाकुर को हाल ही में मध्यप्रदेश कांग्रेस ने उन्हें टीकमगढ़ जिला कांग्रेस का प्रभारी बनाया है जिसके लिए वह अपने प्रभार वाले जिले में कांग्रेस संगठन के काम से टीकमगढ़ जा रहे जिसकी जानकारी महरौनी के कांग्रेस जनों को पहले से ही थी जैसे ही वह महरौनी आए तो महरौनी कांग्रेस कार्यालय पर उनका जोरदार स्वागत किया गया जिसमें सब से पहले उनको तिलक लगाया गया और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर सम्मान किया स्वागत करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी जाहर सिंह बघेल, बुंदेलखंड प्रभारी कांग्रेस सोशल आउटरीच सूर्यप्रताप सिंह जमींदार,जिला उपाध्यक्ष अखिलेश मलैया, आशाराम तिवारी, मुनीर बक्श,रवि राजा,कमलेश श्री वास्तव, दयाशंकर रजक, अवधेश श्रीवास्तव अंत में सभी का आभार नगर अध्यक्ष राकेश सेन ने किया

नाला निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बे में कराए जा रहे रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर शिकायत की गई है। वार्ड नंबर 5, भगत सिंह नगर क्षेत्र की सभासद कमरजहां के प्रतिनिधि शकील अंसारी ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि ईदगाह की पुलिया से लेकर कर्बला तक बनाए जा रहे नाले का निर्माण कार्य पिछले करीब तीन वर्षों से चल रहा है जो अभी तक पूरा ही नहीं हो सका है। आरोप है कि निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है और इसमें गुणवत्ता एवं तय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सभासद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की मात्रा भी बेहद कम प्रयोग में लाई जा रही है। इसके अलावा नाले के पानी की निकासी सही दिशा में न होकर ईदगाह क्षेत्र के खाली भूखंड और नई बस्ती की ओर की जा रही है जिससे भविष्य में जलभराव और गंदगी की विकट समस्या उत्पन्न होने की आशंका प्रबल हो रही है। इस नाला निर्माण कार्य की लागत करीब 30 से 32 लाख रुपये बताई जा रही है, इसके बाद भी कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी नगर पालिका कार्यालय में कई बार शिकायतें की गई लेकिन अब तक न तो कोई जांच कराई गई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। सभासद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक जांच समिति गठित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

संक्षिप्त खबरें

भड़रिया नहर पुल के पास भीषण सड़क हादसाः तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

सिद्धार्थनगर। जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया नहर पुल के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक किसी काम से जा रहे थे, तभी तेज गति से आ रही पिकअप ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में मृत युवक की पहचान प्रभात यादव पुत्र परशुराम यादव निवासी चंद्रदीपघाट जगन्नाथपुर थाना खोड़ारे जनपद गोंडा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रभात यादव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए बेंवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भवानीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हुई है जबकि दूसरा घायल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा फरार पिकअप वाहन और चालक की तलाश की जा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिले के मानपुर गांव में भू माफियों का नंगा नाच किसान दर दर भटक रहे

जिला कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री तक पहुंची षिकायत भू माफिया पर कसेगा सिकंजा

संभागीय मुख्यालय के अनूपपुर जिला के समीप मानपुर गांव इन दिनों भू माफियों के चंगुल में पूरी तरह आ चुका है, जहां चर्चित भू माफिया खेड़िया द्वारा बेनाम लोगों के नाम दर्जनों रजिस्ट्री एवं जबरन धौस व पैसों के दम पर गरीब किसानो की जमीन हड़पने का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। खसरा नं. 30,31,32 एवं 33 के साथ दर्जनों अन्य खसरों पर भू माफिया अपना तंडव मचाकर फर्जी रजिस्ट्री बेनाम लोगों के नाम कराकर रातोदिन जमीन के लेबिल बाउण्ड्री निर्माण के साथ कब्जा करने का सिलसिला तीव्र गति से देखा जा रहा है, जिस पर दर्जनों किसान तहसील से लेकर अन्य अधिकारियों तक षिकायत कर भू माफिया के ऊपर कार्यवाही कर गरीब हरिजन आदिवासियों की जमीन का सुरक्षित रहे इस संबंध में सम्पादक मीडिया प्रभारी बी.पी.तिवारी ने स्वयं मानपुर अनूपपुर का भ्रमण कर किसानों से वास्तविकता जानने का प्रयास किया जिससे या स्पष्ट हुआ कि भू माफिया केडिया गलत नजायज ढंग से गरीब किसानों को सता रहे हैं, इस पर मीडिया जगत के साथ वरिष्ठ अधिकारियों व प्रदेष के मुख्यमंत्री राज्यपाल तक षिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इतने बड़े भू माफिया के तांडव पर निरंतर खोजबीन कर जनता व प्रषासन के बीच सच्चाई उजागर की जाएगी।

जिलाधिकारी ने ककरही टड़िया गायगाट सड़क का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा ककरही टड़िया गायघाट सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा सोमवार को ककरही टड़िया गायघाट सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह सड़क का निर्माण वर्ष 2023-24 में हुआ था। निरीक्षण के दौरान जगह - जगह सड़क में पैच पाया गया, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पैच का तत्काल मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क मरम्मत कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड कमल किशोर, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सिद्धार्थनगर में भारत-नेपाल सीमा पर जेवरात के साथ तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को सोमवार को बड़ी सफलता मिली। थाना मोहाना पुलिस, एसएसबी ककरहवा और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने एक युवक को भारी मात्रा में सफेद धातु के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया। बरामद सामान को जब्त कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया है। यह कार्रवाई मोहाना थाना क्षेत्र के फसादीपुर बॉर्डर क्षेत्र की है। पुलिस, एसएसबी और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि नेपाल की ओर से एक युवक संदिग्ध सामान लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाला है।सूचना के बाद संयुक्त टीम ने फसादीपुर बॉर्डर पर पिलर संख्या 543/1 के पास आम के बागीचे के आसपास घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक युवक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से आता दिखाई दिया। टीम को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से बड़ी मात्रा में सफेद धातु के आभूषण बरामद हुए। इनमें छह जोड़ी कान की बाली, 14 जोड़ी टप्स, 11 जोड़ी पायल और 38 गले के चंद्रमा शामिल हैं। तस्करी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी भी जब्त कर ली गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान दुर्गा प्रसाद गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी ग्राम दूल्हा सुमाली टोला सलसलवा, थाना मोहाना, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी नेपाल से सस्ते आभूषण लाकर भारतीय बाजारों में बेचता था। सुरक्षा एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि उसका संबंध किसी बड़े तस्करी गिरोह से तो नहीं है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर उसकी वास्तविक कीमत का आंकलन शुरू कर दिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि सामान नेपाल से अवैध रूप से लाया गया था या आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज मौजूद थे। सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती तस्करी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बनी हुई है। खुली भारत-नेपाल सीमा का फायदा उठाकर तस्कर अक्सर आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान और कॉस्मेटिक उत्पादों की तस्करी का प्रयास करते हैं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए एसएसबी, पुलिस और कस्टम विभाग संयुक्त रूप से निगरानी बढ़ाए हुए हैं। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही मामले में अन्य खुलासे हो सकते हैं।

'माँ- संस्कारों की पहली पाठशाला ' — डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

घाटमपुर कानपुर नगर। 'डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय मातृ-प्रेम, संस्कार एवं मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। विद्यार्थियों में माताओं के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं आत्मीयता की भावना विकसित करने हेतु विद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। ' मातृ दिवस के पावन अवसर पर दिनांक 11 मई को एक विशेष, भावपूर्ण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों की माताओं को सादर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति आदर, स्नेह एवं कृतज्ञता की भावनाओं को अभिव्यक्त करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर मातृ-गीत से हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। विद्यार्थियों की मनोहारी प्रस्तुति ने उपस्थित सभी माताओं के हृदय को स्पर्श किया तथा सभागार मातृ-स्नेह की भावनाओं से सराबोर हो उठा। समारोह के अंतर्गत माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें नींबू-चम्मच दौड़, पोशाक प्रदर्शन एवं चित्र-पहेली प्रमुख रहीं। सभी माताओं ने अत्यंत उत्साह, उमंग एवं आत्मीयता के साथ सहभागिता निभाई। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली माताओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा कि – 'माँ केवल एक शब्द नहीं, अपितु प्रेम, त्याग, करुणा एवं संस्कारों की सजीव प्रतिमूर्ति है। उन्होंने माताओं को बच्चों की प्रथम गुरु बताते हुए उनके अमूल्य योगदान की सराहना की तथा सभी को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा ईईडी विभाग की शिक्षिकाओं के योगदान की प्रशंसा भी की। सम्पूर्ण कार्यक्रम स्नेह, उल्लास एवं भावनात्मक आत्मीयता से ओत-प्रोत रहा। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन सभी के लिए अत्यंत स्मरणीय, प्रेरणादायी एवं भावुक अनुभव बन गया।

भीषण गर्मी में जवानों को मिली राहत, 'बीट द हीट' अभियान के तहत ग्लूकोज का वितरण

प्रतापगढ़। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं तरुण चेतना संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से 'बीट द हीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत जनपद के विभिन्न चौराहों पर मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को डाबर इंडिया के सहयोग से 'ग्लूकोज-डी' का वितरण किया गया। अभियान का औपचारिक उद्घाटन क्षेत्राधिकारी यातायात एके राय द्वारा चिलबिला चौराहे पर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि चिलचिलाती धूप में यातायात व्यवस्था सुचारू रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।इस 'बीट द हीट' कार्यक्रम के दौरान शहर के सदर, घंटाघर मुख्य चौराहों और व्यस्त मार्गों पर तैनात जवानों को ग्लूकोज के पैकेट व बोतल उपलब्ध कराए गए, जिसका उद्देश्य ड्यूटी के दौरान जवानों को डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) और हीट स्ट्रोक से बचाना। कार्यक्रम का समापन अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति द्वारा कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड जवानों को 'ग्लूकोज-डी' वितरित कर किया गया।

कानपुर में नरेन्द्र मोहन सेतु से हैलट तक लंबा जाम, आधे घंटे तक फंसी रही एंबुलेंस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। कानपुर में नरेन्द्र मोहन सेतु से हैलट अस्पताल तक भीषण जाम लगा हुआ है समय दोपहर के साढ़े बारह बजे तक करीब आधे घंटे तक जाम में एंबुलेंस फंसी रही, एंबुलेंस क़रीब 20 मिनट तक सायरन बजाती रही फिर भी रास्ता नहीं मिला, चिलचिलाती धूप में वाहनों के बीच में फंसे बाइक और स्कूटी सवार युवक और युवतियां भी परेशान दिखीं, सरकारी एंबुलेंस यूपी 32 एफजी 1915 के मेडिकल इमरजेंसी टेक्नीशियन धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि नरेंद्र मोहन सेतु पर वाहनों की समस्या आम है,आज सोमवार को कुछ अधिक ही जाम लगा हुआ है।। पुलिस कर्मी भी नहीं दिख रहें हैं धूप भी तेज हैं, टेक्नीशियन ने बताया कि मरीज बहुत परेशान हैं उसे जल्दी अस्पताल पहुंचाना है, लेकिन जाम के चक्कर में देर हो रहीं हैं,सेतु पर एंबुलेंस आधे घंटे से जाम में फंसी हैं,सेतु के पास ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में जुटे होमगार्ड सुभाष चन्द्र ने बताया कि ट्रैफिक उपनिरीक्षक हैलट अस्पताल के पास खड़े हैं, आज सोमवार है इसलिए आज जाम अधिक है, हैलट अस्पताल गेट के सामने खड़े टीएसआई आदेश कुमार इशारे से वाहनों को पास दिला रहे थे, जबकि दूसरे टीएसआई श्याम सुंदर अस्पताल गेट पर छाया में खड़े थें, वाहनों के जाम में फंसे होने के मामले में सवाल करने पर श्याम सुंदर ने कहा कि दीवान और दो गार्ड भी डियूटी पर खड़े हैं। टीएसआई ने बताया कि दक्षिण से आने वाला रास्ता केवल नरेंद्र मोहन सेतु ही है ,आज सोमवार है हैलट से मरीज दवा लेने के लिए बाहर मेडिकल स्टोर निकलता है, इसलिए और जाम लगता है सेतु के नीचे दाएं सर्विस लेन से गोल चौराहे की तरफ़ से गाडियां आती है,, और सेतु से भी इसलिए गाड़ियों की संख्या अधिक होने से जाम लगता है।

कानपुर में पुलिस की वर्दी पहन राहगीरों को फंसाते थे,शातिर लुटेरे गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर ग्रामीण। कानपुर में लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों को निशाना बनाने वाले दो अंतर्जनपदीय शातिरों को कलक्टर गंज पुलिस और सर्विलांस टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया,, आरोपित पुलिस की वर्दी पहन कर लोगों में डर और रौब पैदा करतें थे,, फिर सुनसान इलाके में ले जाकर जेब काटकर नकदी व सामान चोरी कर फरार हो जातें थे,, पुलिस ने उनके पास से 30,150 रूपए और बिना नंबर की बाइक बरामद की हैं,, विष्णु पुरी कालौनी निवासी कुलदीप शर्मा एक अखबार में एजेंट है बीती एक मई सुबह घंटाघर से अपना काम निपटा कर घर लौट रहा था तभी रास्ते में तीन युवक मिलें, जिन्होंने एक साथी को मूलगंज छोड़ने की बात कही,, मानवता के नाते कुलदीप ने युवक को बाइक पर बैठाकर मूलगंज छोड दिया,इसी दौरान शातिर ने उनकी जेब काट ली,और क़रीब एक लाख रुपए पार कर दिए ,,घर पहुंचने पर रूपये ग़ायब कर दिए,,जेसे ही एजेंट को पता चला कि जेब कट गई तों पीड़ित के होश उड़ गए, मामले में थाना कलैक्टर गंज में मुकदमा दर्ज किया गया था, घटना के खुलासा के लिए पुलिस ने कई टीमों को लगाया, एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि जांच के दौरान करीब दो सौ सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, इसी बीच सूचना मिली कि घटना में शामिल दो आरोपित कोपरगंज रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर के पास किसी नई वारदात की फिराक में खड़े है, सूचना मिलते ही थाना कलैक्टर गंज पुलिस और सर्विलांस टीम ने घेरा बंदी कर बीतीं रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया, पुलिस के मुताबिक घटनाओं में शामिल उनका एक साथी फरार है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कंजड़ निवासी कन्नौज और ब्रजेश निवासी कन्नौज के रूप में हुई है, दोनो वर्तमान में फर्रूखाबाद में रह रहे थें, पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित राहगीरों को भरोसे में लेकर उन्हें लिफ्ट देते हैं, और सुनसान रास्ते पर जेब काटकर नकदी व कीमती सामान लेकर फरार हो जातें थे, लोगों में डर पैदा करने और अपना रौब ज़माने के उद्देश्य से आरोपित पुलिस की वर्दी धारण करते थे, और इसी दरम्यान अंजाम देते थे, पुलिस के अनुसार रोहित पर कानपुर, कन्नौज, फर्रूखाबाद, हरदोई, फतेहपुर, और आगरा, समेत कई जिलों में लूट, चोरी, डकैती, गेगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के करीब 23 मुकदमें दर्ज हैं वही ब्रजेश के खिलाफ लखनऊ, मैनपुरी, सीतापुर, कानपुर और कन्नौज समेत 16 मुकदमे दर्ज हैं पुलिस दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

मां देवी पाटन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। पेड़रियाजीत चौराहे से सोमवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था भक्ति और उत्साह के माहौल में रवाना हुआ।सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मां देवीपाटन के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा दिखाई दिया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डुमरियागंज भाजपा नेता रामकुमार चिन्कू यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर दर्जनों वाहनों को रवाना किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर मंगल यात्रा की कामना की।

तेतरी गांव निवासी सुरेंद्र यादव की अगुवाई में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस धार्मिक यात्रा में इस बार भी हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में तेतरी, बिलरिया, मल्दा, वीरपुर, मधुकरपुर सहित दर्जनों गांवों के श्रद्धालु शामिल होकर मां देवीपाटन दर्शन के लिए रवाना हुए। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर भाजपा नेता रामकुमार चिंकू यादव ने कहा कि मां देवीपाटन आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। मां के दर्शन से लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।यात्रा के शुभारंभ के दौरान सत्यनारायण यादव, अवधेश सिंह, नरेंद्र दूबे, सोनू दुबे, कैलाश दूबे, लल्लू राम उर्फ लालू यादव, बालेश्वर यादव, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रक्षिक्षण व प्रदर्शनी कार्यक्रम हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। इटवा विधान सभा क्षेत्र के चौधरी मैरिज हॉल दोपेड़ौवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रक्षिक्षण व प्रदर्शनी कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनाथ चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रक्षिक्षण व प्रदर्शनी कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें निपुण किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं व क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यो के बातें को ग्रामीण वासियों को बताएं।कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी व माफिया जेल की हवा खा रहे हैं। महिलाएं भयमुक्त होकर कहीं भी आ जा रही है।यह प्रदेश सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश में औद्योगिक कारखाने बढ़ने से लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ताओं के दम पर एक बार फिर भाजपा का परचम लहराएगा। कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास से लेकर हाइवे व आवागमन को सुलभ बनाने के लिए हर प्रांतों में बंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच जाकर बताने का कार्य करें और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सदन में लागू कराने के लिए महिलाओं व छात्राओं को आगे आने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कुंवर मिश्रा, वर्ग प्रमुख शिवजी तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्र, प्रेम प्रकाश पांडेय, विनोद वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसपी ने बड़बोले इंस्पेक्टर को किया लाईन हाजिर

प्रतापगढ़। पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाले महेशगंज प्रभारी निरीक्षक राधे बाबू को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने तत्काल प्रभाव से लाईन हाजिर करते हुए सीओ सदर को जांच सौंपी है।महेशगंज थाना के एसएचओ राधे बाबू पर आरोप है कि उन्होंने फोन पर जातिसूचक अभद्र टिप्पणी किया है।

पैदल हो गए इंस्पेक्टर राधे बाबू ने एक प्रकरण में ब्राह्मणों को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।लाईन हाजिर इंस्पेक्टर उत्साह में इलाके के ब्राह्मणों को अनपढ़ कह डाला था,जिसके बाद बड़बोले इंस्पेक्टर का विरोध शुरू हो गया और कार्रवाई की मांग तेज हो गई।एसपी ने रविवार देर शाम तक इंस्पेक्टर को लाईन हाजिर करते हुए अग्रिम विभागीय जांच सीओ सदर को सौंपा है।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के शिवालय मंदिर परिसर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा भगवान शिव एवं राष्ट्र गौरव के प्रतीक सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, निबंध लेखन, पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन पूर्व दिवसों में किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। आज भजन एवं दीपोत्सव सन्ध्या का भी कार्यक्रम का आयोजन। प्रतियोगिताओं के माध्यम से सोमनाथ मंदिर के राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना तथा भारतीय स्वाभिमान से जुड़े ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में ओंकार जप, महाआरती, भजन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने अपने सन्देश में कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सांस्कृतिक चेतना, आत्मगौरव और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव सत्य, करुणा और सहअस्तित्व के मूल्यों पर आधारित रही है तथा सोमनाथ मंदिर इन आदर्शों की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रेरणास्रोतों को जानने तथा उन्हें आत्मसात करने का आह्वान किया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर नीता यादव ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं बल्कि भारतीय आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सोमनाथ का इतिहास संघर्ष, आस्था और राष्ट्र गौरव की प्रेरक गाथा है। भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा प्रोफेसर नीता यादव साकेत मिश्रा डॉ विशाल गुप्ता ने विभिन्न वाद्य यंत्रों के माध्यम से भजन प्रस्तुत किया साकेत एवं उनकी टीम द्वारा की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर दीपक बाबू प्रोफेसर लक्ष्मण सिंह डॉ शरदेंदु त्रिपाठी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

सिद्धार्थनगरः पोखरे में डूबने से युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मृतक फाइल फोटो

सिद्धार्थनगर। जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के शुद्धोधन पुलिस चौकी अंतर्गत सोमवार की सुबह पोखरे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सहिजनवा निवासी मिट्ठू भारती का पुत्र आकाश भारती (18) घर के पश्चिम स्थित पोखरे में भैंस को नहलाने के लिए गया था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह गहरे पानी में चला गया। मौके पर मौजूद दो महिलाओं ने युवक को डूबते देखा तो चीख-पुकार मचाई। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े, लेकिन तब तक आकाश गहरे पानी में जा चुका था। गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में गोताखोरों को बुलाया गया और करीब एक घंटे तक चली मशक्कत के बाद युवक को पोखरे से बाहर निकाला गया। स्वजन और ग्रामीणों को आखिरी उम्मीद थी कि शायद आकाश की सांसें चल रही हों।

उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि आकाश अपने परिवार का सबसे छोटा बेटा था और बेहद शांत स्वभाव का युवक माना जाता था। उसकी असमय मौत से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। गांव के लोगों की आंखें नम हैं और हर कोई इस दर्दनाक हादसे को लेकर स्तब्ध नजर आ रहा है। घटना की सूचना पर नगर पंचायत कपिलवस्तु के अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुनने मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पोर्टल पर पचास मजदूरों की लगी ऑनलाइन हाजिरी, मौके पर मिले 39 मजदूर

● रोजगार सेवक बोले मजदूर आएं या न आएं मेरा काम सिर्फ हाजिरी लगाना है

रतनपुर/महराजगंज। सरकार भले ही मनरेगा के जरिए ग्रामीणों को रोजगार देने का दावा करे लेकिन नौतनवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरगदवा में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। बरगदवा के ढाबोला से मंगलापुर सीवान तक कुला खुदाई के कार्य में धांधली का मामला प्रकाश में आया है। यहां दो अलग-अलग साइड दिखाकर कुल आठ मस्टरोल संख्या 295 से 299 और 364 से 366 जारी किए गए हैं, जिनमें फर्जी तरीके से मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कर सरकारी धन के बंदरबांट की साजिश रची जा रही है। रविवार की सुबह करीब ग्यारह बजकर बत्तीस मिनट पर कार्यस्थल पर 55 मजदूरों की आनलाईन हाजिरी दर्ज की गई थी जबकि मौके पर एक भी मजदूर काम करता हुआ नहीं पाया गया। वहीं सोमवार को पोर्टल पर 50 मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज की गई जबकि धरातल पर मात्र 39 मजदूर ही पसीना बहाते मिले। शेष 11 मजदूरों मौके से नदारद रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि जानबूझकर दो साइड दिखाई गई है ताकि अधिक मस्टरोल जारी कर फर्जी हाजिरी का खेल खेला जा सके। इस पूरे प्रकरण में सबसे चौंकाने वाली और संदिग्ध भूमिका रोजगार सेवक की सामने आई है। जब इन पुख्ता प्रमाणों पर उनसे जवाब मांगा गया तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए बेहद गैर-जिम्मेदाराना और बेतुका बयान दिया। रोजगार सेवक का कहना था हमें मजदूरों से कोई मतलब नहीं है। हमारा काम सिर्फ ऑनलाइन हाजिरी लगाना है और हम हाजिरी लगाकर वापस चले आते हैं। बाकी मजदूर साइट पर कब आ रहे हैं और कब जा रहे हैं इसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं है। रोजगार सेवक का यह बयान न केवल सरकारी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी साफ करता है कि जमीन पर काम हो रहा है या नहीं इससे उन्हें कोई सरोकार नहीं है। शासन द्वारा निर्देश है कि कार्यस्थल पर मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करना और उनकी देखरेख करना रोजगार सेवक की बुनियादी जिम्मेदारी है। लेकिन यहां जिम्मेदार ही लूट की इस खुली छूट को मूक सहमति देते नजर आ रहे हैं।

भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट, लू से बचाव हेतु जारी की गई एडवाइजरी

● लू से बचाव के लिए प्रशासन ने बताए जरूरी उपाय, लोगों से सतर्क रहने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडीएम ने लोगों से सतर्क रहने, अधिक पानी पीने तथा दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की अपील की है। उन्होने बताया है कि शरीर में पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, मधुमेह एवं हृदय रोग से पीड़ित लोग अधिक सावधानी बरतें। उन्होने बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, तेज धड़कन और पसीना बंद होना लू के प्रमुख लक्षण है। बताया कि अधिक से अधिक पानी पियें। हल्कें रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप में गमछे, चश्में, छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें।यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थो का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। ओआरएस घोल घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।

संक्षिप्त खबरें

आनंद विहार बस टर्मिनल की बदलेगी तस्वीर, दिल्ली हाईकोर्ट ने किया स्पेशल टास्क फोर्स का गठन

दिल्ली। आनंद विहार बस टर्मिनल इलाके के सुंदरीकरण, पुनर्विकास और रखरखाव के लिए शहरी विकास विभाग के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स का गठन करते हुए न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह व न्यायमूर्ति सुधा जैन की पीठ ने कहा कि इसके लिए एक टास्क फोर्स की जरूरत है क्योंकि आनंद विहार बस टर्मिनल इलाके का पुनर्विकास किसी एक एजेंसी द्वारा अकेले नहीं किया जा सकता था। पीठ ने लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार और टास्क फोर्स द्वारा मंजूर की गई सुंदरीकरण योजना 26 मई को पेश करने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करे कि इस बीच इलाके में कोई भी अनाधिकृत वेंडिंग न हो। टास्क फोर्स में दिल्ली नगर निगम के एक उपायुक्त और एक सहायक आयुक्त शामिल होंगे। साथ ही दिल्ली परिवहन विभाग, भारतीय रेलवे, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के नामित अधिकारी और पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन के एसएचओ भी शामिल होंगे। अदालत ने निर्देश दिया कि अधिकारी की पहली बैठक 20 मई को करें और कहा कि विशेष टास्क फोर्स आनंद विहार बस टर्मिनल इलाके के सुदरीकरण, पुर्नविकास और रखरखाव के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने की दिशा में काम करेगी। अदालत ने कहा कि पीडब्ल्यूडी एक योजना तैयार करेगा और इमसें एक उचित स्केच के साथ-साथ प्रस्तावित लैंडस्केपिंग और सुंदरीकरण को दर्शाने वाला एक थ्रीडी इलेक्ट्रॉनिक प्रस्तुतीकरण भी शामिल होगा। पीठ ने कहा कि अधिकृत स्ट्रीट वेंडरों के लिए विशिष्ट स्थान की पहचान कर निर्धारित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वेंडिंग गतिविधियां स्वच्छ और स्वास्थ्यकर तरीके से की जाएगी। मामले की सुनवाई 26 मई तक के लिए स्थगित करते हुए अदालत ने टास्क फोर्स के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सभी संबंधित अधिकारियों को टास्क फोर्स के निर्देशों को पूरा करने में पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया। जनवरी माह में अदालत ने बस टर्मिनल के सुंदरीकरण व पुनर्विकास की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि बस स्टैंड और पास के रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों और पर्यटकों को एक आरामदायक अनुभव मिल सके।

पंजाब के बेअदबी कानून पर दिल्ली के सिखों का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

दिल्ली। पंजाब सरकार द्वारा लाए गए 'गुरु ग्रंथ साहिब सम्मान संशोधन अधिनियम 2026' का दिल्ली का सिख भी विरोध कर रहे हैं। कानून की कमियों को दूर नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी (डीएसजीएमसी) की सदस्य और गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी (जीटीबीआइटी) की अध्यक्ष रंजीत कौर ने कहा कि यह कानून श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मान की रक्षा करने के लिए नहीं बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने और सिख समुदाय को गुमराह करने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ी कमी यह है कि कानून में 'अपवित्रता' की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है, जिससे भविष्य में इसका दुरुपयोग हो सकता है। सरकार ने सजा की बात तो की है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया है कि जांच कैसे की जाएगी, दोषियों को कैसे दंडित किया जाएगा और निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमों से कैसे बचाया जाएगा। जिनके शासनकाल में आज तक बेअदबी के असली दोषियों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया गया है और अब वे नए कानून लाकर सिखों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार वाकई ईमानदार है तो उसे पहले राम रहीम जैसे बेअदबी के दोषियों को कड़ी सजा देनी चाहिए और फिर नए कानूनों की बात करनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह कानून सिख संगठनों, एसजीपीसी, दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी, हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी, पंथिक विद्वानों और कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श किए बिना बनाया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि सरकार केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करना चाहती है। धार्मिक मामलों पर जल्दबाजी में बनाए गए कानून समाज के लिए कभी भी अच्छे साबित नहीं होते। सिख समुदाय भावनात्मक नारों से नहीं, बल्कि सच्चे न्याय से संतुष्ट हो सकता है। उन्होंने पंजाब सरकार को चेतावनी दी कि यदि कानून में मौजूद कमियों को दूर नहीं किया गया, तो पंथक दल एक बड़ा संघर्ष छेड़ेंगे।

क्रूज शिप पर सवार अमेरिकी नागरिक मिला हंटावायरस से संक्रमित,ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को बाहर निकाला

● लग्जरी क्रूज शिप एमवी होंडियस पर हंटावायरस का एंडीज स्ट्रेन पाया गया है, जिससे एक अमेरिकी नागरिक संक्रमित मिला है और दूसरा लक्षण दिखा रहा है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली। हंटावायरस से प्रभावित लग्जरी क्रूज शिप एमवी होंडियस से निकाले गए एक अमेरिकी नागरिक में वायरस के एंडीज स्ट्रेन की हल्की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य अमेरिकी यात्री में इसके हल्के लक्षण दिखाई दिए हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों ने बचाव अभियान और क्वारंटीन के प्रयास तेज कर दिए हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग ने बताया कि डच-झंडे वाले इस जहाज पर सवार सभी 17 अमेरिकियों को एयरलिफ्ट करके अमेरिका ले जाया जा रहा है। लक्षण वाले दोनों यात्री विमान की विशेष बायोकंटेनमेंट इकाइयों में यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, दूसरे यात्री में अभी तक वायरस की पुष्टि नहीं हुई है।

अमेरिकी ने अपने नागरिकों को किया एयरलिफ्ट

HHS ने बताया कि अमेरिकी विदेश विभाग का एयरलिफ्ट यात्रियों को ओमाहा, नेब्रास्का में स्थित नेब्रास्का मेडिकल सेंटर के ASPR रीजनल इमर्जिंग स्पेशल पैथोजन ट्रीटमेंट सेंटर ले जाएगा। वहीं, लक्षण वाले यात्री को एक अन्य RESPTC सुविधा में ले जाया जाएगा। HHS ने कहा कि इन केंद्रों पर पहुंचने के बाद, प्रत्येक व्यक्ति का नैदानिक मूल्यांकन किया जाएगा और उनकी स्थिति के आधार पर देखभाल प्रदान की जाएगी। '

हंटावायरस का एंडीज स्ट्रेन

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस जहाज से जुड़े आठ लोग बीमार पड़े हैं, जिनमें से छह में हंटावायरस की पुष्टि हो चुकी है। अब तक तीन लोगों एक डच दंपत्ति और एक जर्मन नागरिक की मौत हो चुकी है। WHO ने बताया कि इस आउटब्रेक में पहचाना गया हंटावायरस का एंडीज स्ट्रेन गंभीर फेफड़ों की बीमारी का कारण बन सकता है और 50% तक मामलों में यह घातक साबित हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया ने शुरू की रेस्क्यू

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि वह जहाज से अपने नागरिकों को निकालने के लिए एक चार्टर्ड उड़ान की व्यवस्था करेगा। उनके आगमन के लिए क्वारंटीन की तैयारियां भी की जा रही हैं। पर्यावरण मंत्री मरे वाट ने कैनबरा में संवाददाताओं को बताया कि चार ऑस्ट्रेलियाई, एक टेनेरिफ निवासी और एक न्यूजीलैंड निवासी को वापस लाया जाएगा।

वाट ने कहा कि यह निकासी ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा समर्थित उड़ान के माध्यम से की जा रही है, और हमें उम्मीद है कि ये लोग जल्द ही ऑस्ट्रेलिया लौट आएंगे। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बातचीत करके क्वारंटीन की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि ऑस्ट्रेलिया लौटने वालों में से किसी में वायरस के लक्षण हैं या नहीं। वहीं, न्यूजीलैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक कोरीना ग्रे ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर उनका देश क्वारंटीन उपायों में सहयोग करने के लिए तैयार है।

WHO ने की क्वारंटीन की सिफारिश

WHO ने जहाज के सभी यात्रियों के लिए 42 दिनों के क्वारंटीन की सिफारिश की है। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि यह वायरस कोविड-19 की तुलना में काफी कम संक्रामक है और इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को अपेक्षाकृत कम जोखिम है। हंटावायरस आमतौर पर चूहों के माध्यम से फैलता है, हालांकि, करीबी संपर्क के माध्यम से व्यक्ति-से-व्यक्ति में संक्रमण के दुर्लभ मामले भी सामने आए हैं। यह प्रकोप पहली बार 2 मई को जोहान्सबर्ग में तब सामने आया था, जब एक ब्रिटिश यात्री बीमार पड़ गया था। इससे 21 दिन पहले जहाज पर एक अन्य यात्री की मौत हो चुकी थी।

टेनेरिफ के पास लंगर डाले हुए है क्रूज शिप

एमवी होंडियस क्रूज शिप वर्तमान में स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में टेनेरिफ़ के पास लंगर डाले हुए है। यह जहाज अर्जेंटीना से दक्षिण अटलांटिक पार करते हुए केप वर्डे की ओर जा रहा था। स्पेनिश स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, स्पेन, फ्रांस और अमेरिका पहले ही जहाज से अपने नागरिकों को निकाल चुके हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड को सोमवार दोपहर तक अपनी अंतिम निकासी उड़ानें संचालित करने की उम्मीद थी।

हीरोइन को सलमान खान से पांच गुना ज्यादा मिली फीस



● बॉक्स ऑफिस पर सुपर-डुपर हिट रही थी 38 साल पुरानी फिल्म

सलमान खान ने तीन दशक पहले एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। फिल्मी गलियारों में अक्सर हीरो को हीरोइनों से ज्यादा फीस मिलती है। हीरोइन से ज्यादा फीस वसूलने वाले स्टार्स में एक नाम अभिनेता सलमान खान का भी है। सलमान खान आज बॉलीवुड के सुपरस्टार हैं। करीब चार दशक के करियर में उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हाइएस्ट पेड एक्टर्स की लिस्ट में शुमार अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो ब्लॉकबस्टर तो रही लेकिन उसके लिए उन्हें हीरोइन से पांच गुना कम फीस मिली थी।

खर्च से 7 गुना ज्यादा हुई थी कमाई

यह फिल्म थी 1988 में रिलीज हुई मैंने प्यार किया। सूरज बड़जात्या की फिल्म में सलमान खान और भाग्यश्री ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। फिल्म ने खर्च से सात गुना ज्यादा कमाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म पर 2 करोड़ खर्च किया गया था, जबकि कमाई 14 करोड़ रुपये रही थी।

भाग्यश्री को मिली थी लाखों की फीस

इस फिल्म में हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस भाग्यश्री थीं। उन्हें सलमान खान से पांच गुना ज्यादा फीस मिली थी। फिल्म में सीमा की भूमिका निभाने वालीं एक्ट्रेस परवीन दस्तूर ने बॉलीवुड ठिकाना के साथ बातचीत में खुलासा किया था कि भाग्यश्री को कितनी फीस मिली थी। उन्होंने कहा था, 'मुझे 25 हजार रुपये मिले थे और भाग्यश्री उस वक्त हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस थीं। उन्हें 1 लाख 50 हजार रुपये मिले थे। '

सलमान खान की कितनी थी फीस?

वहीं, एक बार सलमान खान ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में मैंने प्यार किया की अपनी फीस का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि शुरू में उन्हें 31 हजार रुपये फीस मिली थी जो बाद में बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दी गई थी। मैंने प्यार किया की बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद एक ओर भाग्यश्री ने फिल्मी वर्ल्ड से किनारा करके शादी कर ली, दूसरी ओर सलमान खान को स्टारडम मिल गया। इस फिल्म की सफलता के बाद सलमान को साइन करने वालों की लाइन लग गई थी।

असम विश्वविद्यालय ने श्रीभूमि में आतिथ्य एवं पर्यटन शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि: सिलचर, 11 मई : असम विश्वविद्यालय के आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग ने हाल ही में श्रीभूमि जिले में एक जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच विभाग के करियर उन्मुख शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करना था। इस आउटरीच अभियान का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीव कुमार सक्सेना ने किया। उनके साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रणबेश रंजन एवं शोधार्थी हिमोलय बोरिक भी उपस्थित थे। टीम ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों का दौरा कर प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ संवाद किया तथा वर्तमान रोजगार आधारित बाजार में आतिथ्य एवं पर्यटन शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। अभियान के दौरान प्रतिनिधियों ने आतिथ्य एवं पर्यटन उद्योग में भारत और विदेशों में उपलब्ध विस्तृत रोजगार अवसरों, क्षेत्र की भविष्य संभावनाओं, विभाग की आधुनिक आधारभूत संरचना, शैक्षणिक सुविधाओं तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने छात्रों के बीच इस विषय के प्रति अधिक जागरूकता उत्पन्न करने में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल ने करीमगंज कॉलेज, रवींद्रसदन कॉलेज तथा नवीनचंद्र कॉलेज का दौरा किया और संबंधित प्राचार्यों के साथ विचार-विमर्श किया। इस पहल की सराहना करते हुए प्राचार्यों ने कहा कि भविष्य के रोजगार अवसरों को देखते हुए आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी मत व्यक्त किया कि इस प्रकार की पहल संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

9 साल में कुछ नहीं किया, तो नौ महीनों में नए मंत्री क्या करेंगे?' योगी कैबिनेट विस्तार पर अखिलेश का तंज

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंत्रिमंडल विस्तार पर कहा कि जब प्रदेश में भाजपा सरकार नौ साल में जनता के लिए कुछ नहीं कर सकी, तो आखिरी नौ महीनों में नए मंत्री क्या कर लेंगे। तंज कसते हुए कहा कि इसमें मंत्रियों की कोई भूमिका नहीं होती, उधर से पर्ची आएगी और यहां सिर्फ पढ़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में सीएम का मतलब 'कोरियर एंड मैसेंजर' बनकर रह गया है। कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं और अब भी वही स्थिति बनी रहेगी। जनता परेशान है और विकास कार्य ठप पड़े हैं। जल जीवन मिशन में बनाई गई पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं सह पा रही हैं और लगातार गिर रही हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग बदहाल हो चुके हैं। आरोप लगाया कि कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी के कारण महंगाई और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। वृक्षारोपण अभियान को भी उन्होंने भ्रष्टारोपण करार दिया। स्मार्ट मीटर योजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं की जेब से पैसा निकालकर उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है। भाजपा नौकरियों में आरक्षण घोटाला कर रही है और लोगों के हक-अधिकार छीन रही है।

क्रुणाल पांड्या हैं 'असली योद्धा', पेट का गहरा घाव झेलकर MI को हराया

● RCB की जीत के बाद खुद शेयर की पोस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आईपीएल 2026 में आरसीबी की टीम ने एमआई को रविवार को खेले गए रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर मात दी। ये मैच 2 विकेट से जीतने के बाद आरसीबी की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई, जबकि मुंबई की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस जीत के सबसे बड़े हीरो ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या रहे, जिन्होंने मैच के बाद अपने सोशल मीडिया पर अपनी चोट के निशान की फोटो शेयर की, जो तेजी से वायरल हो रही हैं।

क्रुणाल पांड्या का पोस्ट VIRAL

दरअसल, रायपुर की मुश्किल पिच पर क्रुणाल पांड्या ने 46 गेंदों का सामना करते हुए 73 रन की अहम पारी खेली और टीम की जीत में बड़ा योगदान दिया। क्रुणाल जब मैदान पर बैटिंग कर रहे थे, तो उनकी मांसपेशियों के खिंचाव और दर्द से जूझ रहे थे, लेकिन अपने दर्द को सहते हुए उन्होंने मैदान पर डटे रहने का फैसला किया। मुंबई पर मिली जीत के बाद क्रुणाल ने अपनी चोट की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'कुछ निशान इस बात का सबूत होते हैं कि उनके लिए लड़ना सही था। '

भुवी-क्रुणाल के दम पर जीती RCB

मैच में टॉस जीतकर आरसीबी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भुवनेश्वर कुमार ने 23 रन खर्च करते हुए अपनी घातक स्विंग से मुंबई के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया और पावरप्ले में ही स्कोर 28/3 कर दिया। उन्होंने कुल 4 विकेट लिए। हालांकि, नमन धीर (47) और तिलक वर्मा (57) की पारियों के दम पर मुंबई ने 166/7 का स्कोर बनाया। इसके जवाब में 167 रनों का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। विराट कोहली लगातार दूसरी बार 'गोल्डन डक' (0) पर आउट हुए। 39 रन के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर टीम की पारी को संभालने की जिम्मेदारी क्रुणाल पांड्या ने उठाई। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 5 छक्के जड़े। जैकब बेथेल (26) और जितेश शर्मा (18) के साथ क्रुणाल ने अहम साझेदारियां

कीं।

अंतिम ओवर का ड्रामा

आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। एमआई के राज बावा ने पहली गेंद वाइड फेंकी, फिर नो बॉल फेंकी। फ्री हिट पर रोमारियो शेफर्ड ने 1 रन लिया। फिर रसिख डार ने वाइड गेंद पर एक रन लिया और अगली गेंद पर शेफर्ड ने कोई रन नहीं लिया। यानी दो लीगल गेंद पर आरसीबी ने 5 रन बना लिए थे और 4 गेंद में 10 रन की जरूरत थी। अगली गेंद पर तिलक ने शेफर्ड का कैच लेकर मुंबई की मैच में वापसी कराई। आरसीबी को अंत में आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। रसिख ने सीधा शॉट लगाया और गेंद बावा के हाथ से लगकर लॉन्ग ऑन की ओर गई। रसिख ने तेजी से पहला रन पूरा किया और डाइव लगाकर अपना दूसरा रन भी पूरा किया।

हाफलोंग में बैठक: बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच की मांग को मिला समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





श्रीभूमि: गत 10 मई हाफलोंग जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को हाफलोंग शहर के कृषि गेस्ट हाउस में 'बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच की स्थापना' विषय पर एक महत्वपूर्ण बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया गया। बैठक की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे हुई और लगभग ढाई घंटे तक विचार-विमर्श, चर्चा एवं सुझावों का आदान-प्रदान चला। इस सम्मेलन में डिमा हसाओ जिले के प्रमुख शिक्षाविदों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच स्थापित करने की मांग का सर्वसम्मति से समर्थन किया। साथ ही, डिमा हसाओ जिले को भी प्रस्तावित हाईकोर्ट बेंच के दायरे में शामिल करने की पुरज़ोर मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि भौगोलिक दूरी, आर्थिक बोझ और यात्रा संबंधी कठिनाइयों के कारण आम जनता लंबे समय से न्याय पाने में गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। ऐसे में बराक घाटी में स्थायी हाईकोर्ट बेंच की स्थापना समय की आवश्यकता और न्यायसंगत मांग है। बैठक में यह भी कहा गया कि बराक घाटी और पहाड़ी जिलों के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों तथा सुलभ न्याय व्यवस्था के लिए इस मांग का शीघ्र क्रियान्वयन आवश्यक है। इससे न केवल मुकदमेबाजी में समय और खर्च कम होगा, बल्कि न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा। मंच पर हाफलोंग जिला बार एसोसिएशन की अध्यक्ष दयामोनी सिंग, सचिव जयजीत थाओसेन, डॉ. सर्वजीत थाओसेन (प्राचार्य, हाफलोंग गवर्नमेंट कॉलेज), सेवानिवृत्त प्राध्यापिका रेनु महाजन, सेवानिवृत्त न्यायाधीश एलेन जेमे तथा एन.सी. हिल्स ऑटोनॉमस काउंसिल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस आंदोलन की आवश्यकता और औचित्य पर प्रकाश डालते हुए एकजुट प्रयासों पर जोर दिया। शिलचर से आए वरिष्ठ अधिवक्ताओं ध्रुव कुमार साहा, प्रसेनजित देब, शांतनु नायक, धर्मानंद देब, देवोमिता चक्रवर्ती, तुहिना शर्मा, ज्योतिर्मय नाथ, सौमित्र दत्ता राय, मधुमिता धर सरकार सहित कई अन्य ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल प्रशासनिक मांग नहीं, बल्कि आम जनता के न्यायिक अधिकारों की रक्षा का अभियान है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस मांग को लेकर बड़े स्तर पर जनआंदोलन, जन-जागरूकता कार्यक्रम और लोकतांत्रिक प्रयास किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने इसे व्यापक जनसमर्थन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस बुद्धिजीवी सम्मेलन को बराक घाटी में हाईकोर्ट बेंच स्थापना आंदोलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और मील का पत्थर माना जा रहा है।

सुकेश चंद्रशेखर मनी लांड्रिंग केस में ED ने जैक्लिन को सरकारी गवाह बनाने का किया विरोध

● जोरदार दलील से बढ़ी मुश्किल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दिल्ली। ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लांड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडिज की अर्जी का सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पटियाला हाउस की विशेष अदालत में विरोध किया। सरकारी गवाह बनने की जैक्लिन की अर्जी का विरोध करते हुए ईडी ने कहा कि इस मामले में जैक्लिन की भूमिका छोटी न होकर अपराध की कमाई की एक बड़ी लाभार्थी के रूप में है। ईडी ने कहा कि जैक्लिन मनी लांड्रिंग में एक सक्रिय भागीदार थीं। ईडी ने तर्क दिया कि सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक रिकॉर्ड जानने के बाद भी जैक्लिन उसके साथ नियमित संपर्क में रहीं और ऐसे में उन्हें सरकारी गवाह बनाना न्याय के साथ खिलवाड़ होगा। ईडी ने यह भी कहा कि इससे जैक्लिन के द्वारा किए गए अपराध की गंभीरता को कम होगी। ईडी ने तर्क दिया कि सुकेश चंद्रशेखर ने मनी लांड्रिंग के अपराध से की गई अकूत कमाई से फर्नांडीज के लिए महंगे तोहफे और सामान का इंतजाम किया और जैक्लिन को सुकेश के आपराधिक इतिहास के बार में अच्छी तरह पता था। इसके बावजूद भी जैक्लिन उसके साथ जुड़ी रहीं और कीमती उपहार लेने के साथ ही इसका इस्तेमाल किया। ईडी ने कहा कि उक्त तथ्यों को देखते हुए जैक्लिन का पीड़ित होने का दावा मतलबी है और रिकॉर्ड में मौजूद साक्ष्यों से मेल नहीं खाता है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने ईडी की तरफ से पेश किए गए तर्कों को सुनने के बाद जैक्लिन को अपना प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले पर अगली सुनवाई 12 मई को होगी। ईडी ने यह भी कहा कि जांच के दौरान जैक्लिन का व्यवहार बिल्कुल भी सहयोगी नहीं रहा और वह पांच मौकों पर रिकॉर्ड किए गए अपने बयानों में सही जानकारी नहीं दे सकीं। चंद्रशेखर पर प्रधानमंत्री ऑफिस (पीएमओ) और गृह मंत्री की तरफ से काम करने वाले एक बड़े सरकारी अधिकारी के तौर पर खुद को पेश करके 200 करोड़ की ठगी की। दिसंबर 2021 में आठ आरोपितों के खिलाफ दाखिल किए गए आरोप पत्र में फर्नांडीज का नाम नहीं था। 17 अगस्त 2022 को दाखिल पूरक आरोपपत्र में ईडी ने जैक्लिन को आरोपित बनाया और हालांकि, हाई कोर्ट ने जुलाई 2025 में इसे खारिज कर दिया था।

सीमेंट से लदे ट्रॉले ने बाइक सवार को रौंदा, पैर कटकर अलग; घर के सबसे छोटे बेटे की मौत



दादरी। कोतवाली दादरी क्षेत्र के कोट नहर पुल के पास ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सचिन 22 निवासी छौलस जारचा सोमवार सुबह मोटरसाइकिल से रोजाना की तरह कासना निजी कंपनी में डयूटी पर मोटरसाइकिल से जा रहा था।

घर में सबसे छोटा था सचिन, नहीं हुई थी शादी

जैसे वह कोट नहर पुल से चक्रसेनपुर की तरफ मुड़ा, तभी सीमेंट से भरे ट्रॉले के पहिए के नीचे आने से मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सचिन परिवार में सबसे छोटा है। पिता वेदप्रकाश गांव में बेल्डिंग का कार्य करते हैं। बड़ा भाई गौरव वह भी ग्रेटर नोएडा निजी कंपनी में काम करता है। बड़ी बहन सोनिया हैं। सचिन की अभी शादी नहीं हुई थी।

बंदर की मौत पर फंस गए पूर्व विधायक, हाजी मुसर्रत अली बिट्टन पर कसा शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के सहसवान क्षेत्र में बंदर की मौत के मामले में पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी (सपा) नेता हाजी मुसर्रत अली बिट्टन की मुश्किलें बढ़ गई हैं. पुलिस ने मामले की जांच पूरी करने के बाद उनके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिया है। यह मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था. पुलिस जांच में पाया गया कि पूर्व विधायक के कार्यालय परिसर की बाउंड्री पर लगाए गए करंटयुक्त प्रतिबंधित तार की चपेट में आने से बंदर की मौत हुई थी। घटना इसी साल बीते फरवरी महीने की है. सहसवान स्थित हाजी मुसर्रत अली बिट्टन के ऑफिस परिसर की बाउंड्री के पास एक बंदर मृत अवस्था में मिला था. इस मामले में पशु प्रेमी विक्रेंद्र शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि परिसर की सुरक्षा के लिए लगाए गए प्रतिबंधित तार में बिजली प्रवाहित की जा रही थी, जिससे बंदर की मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना के दौरान घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और तकनीकी परीक्षण कराया. जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी. सहसवान के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक के खिलाफ दर्ज मुकदमे में पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं, जिनके आधार पर आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है। हाजी मुसर्रत अली बिट्टन ने कहा कि वह फिलहाल बाहर हैं और उन्हें मीडिया के माध्यम से चार्जशीट दाखिल होने की जानकारी मिली है. उन्होंने कहा कि दस्तावेज देखने के बाद ही वह इस मामले पर विस्तृत प्रतिक्रिया देंगे. पुलिस के अनुसार, अब इस मामले में आगे की कार्रवाई और सुनवाई न्यायालय में की जाएगी।

सपा सांसद इकरा हसन का आरोप: भाजपा ने 90 लाख वोट काटकर जीता बंगाल चुनाव

बागपत। कैराना से सपा की सांसद इकरा हसन ने कहा कि जिस तरह भाजपा चुनाव जीत रही है, उससे लोकतंत्र खत्म हो रहा है। पश्चिम बंगाल में 90 लाख वोट काटकर भाजपा ने चुनाव जीता है। 27 लाख लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन उनकी वोट बनने से पहले ही चुनाव करा दिए गए।

सांसद इकरा हसन का महिलाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया

रविवार को बागपत में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान के आवास पर सांसद इकरा हसन का महिलाओं ने तिलक लगाकर, माला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पत्रकार वार्ता में सांसद ने कहा कि यदि 27 लाख लोगों को नाम मतदाता सूची में आता तो शायद परिणाम कुछ और होता। इससे बेहतर तो यह है कि भाजपा चुनाव कराए बिना ही अपनी जीत घोषित कर दें, क्यूं लोकतंत्र का मजाक बना रहे हैं। महिला बिल का विरोध करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये झूठे लोग और इन्हें झूठा ढोंग करने के अलावा कुछ नहीं आता। सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, भारत केसरी राजू पहलवान, हाजी ताराबुद्दीन, संजीव त्यागी, काला प्रधान, तरूण यादव, शफीक सलमानी, इरफान खान मौजूद रहे।